मूल्य : 2 रुपए | पृष्ठ : 12 | वर्ष : 28 | अंक : 01

जयपुर
# महानगर टाइम्स
मिशन पत्रकारिता का प्रहरी

देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।
facebook YouTube twitter

www.mahanagartimes.com | जयपुर, गुरुवार, 21 नवंबर, 2024 | जयपुर, कोटा, दौसा, अलवर, उदयपुर एवं जोधपुर से एक साथ प्रकाशित




# महाराष्ट्र-झारखंड में भाजपा गठबंधन की सरकार बनने का अनुमान

## एग्जिट पोल

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों के लिए बुधवार को मतदान हुआ, वहीं इसके अलावा झारखंड में दूसरे चरण के तहत विधानसभा की 38 सीटों पर वोटिंग हुई। वोटिंग के बाद दोनों विधानसभा चुनावों के एग्जिट पोल के नतीजे सामने आए हैं। महाराष्ट्र और झारखंड में लगभग सभी एग्जिट पोल भाजपा गठबंधन की सरकार बनवाने का अनुमान जता रहे हैं। दोनों राज्यों में नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाला महायुति गठबंधन सत्ता बरकरार रखने के लिए संघर्ष कर रहा है, जबकि महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन सत्तारूढ़ सरकार को हटाने की कोशिश कर रहा है। महाराष्ट्र की सभी 288 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को एक ही चरण में मतदान हुआ। उधर झारखंड में पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को हुआ था और दूसरे और अंतिम चरण का मतदान 20 नवंबर को हुआ। यहां सत्ता में झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस गठबंधन की सरकार है।

| महाराष्ट्र | महायुति | एमवीए | अन्य |
|---|---|---|---|
| जागरण महापोल | 150-160 | 111-119 | 3-9 |
| मैट्रिज | 150-170 | 110-130 | 08-10 |
| पीपुल्स पल्स | 175-195 | 85-112 | 07-12 |
| पी-मार्क | 137-157 | 126-146 | 02-08 |
| चाणक्य स्ट्रैटजी | 152-160 | 130-138 | 06-08 |
| जेवीसी | 158-159 | 115-116 | 12-13 |

| झारखंड | एनडीए | महागठबंधन | अन्य |
|---|---|---|---|
| जागरण महापोल | 37-41 | 35-37 | 1-3 |
| मैट्रिज | 42-47 | 25-30 | 01-04 |
| पीपुल्स पल्स | 44-53 | 25-37 | 05-09 |
| पी-मार्क | 31-40 | 37-47 | 01-06 |
| चाणक्य स्ट्रैटजी | 45-50 | 35-38 | 03-05 |
| जेवीसी | 40-44 | 30-40 | 0-01 |

### महाराष्ट्र की 288 सीटों पर 65.11 फीसदी मतदान

**मुंबई।** महाराष्ट्र की 288 सीटों पर बुधवार को 65.11 फीसदी मतदान हुआ। सबसे ज्यादा वोटिंग कोल्हापुर में 76.25 और सबसे कम वोट मुंबई सिटी में 52.07 डाले गए। बीड विधानसभा क्षेत्र में निर्दलीय प्रत्याशी बालासाहब शिंदे की मतदान केंद्र पर ही हार्टअटैक से मौत हो गई। धुले के एक पोलिंग बूथ पर भाजपा और वंचित बहुजन अघाड़ी के कार्यकर्ताओं में मारपीट हुई। कांग्रेस नेता श्रीनिवास बीवी ने शिरडी में फर्जी मतदान होने का आरोप लगाया।

### झारखंड : 38 सीटों पर 68.45 फीसदी

**रांची/धनबाद/देवघर।** झारखंड विधानसभा चुनाव के आखिरी और सेकंड फेज में 12 जिलों की 38 सीटों पर शाम 5 बजे तक 68.45 फीसदी वोटिंग हुई। हालांकि फाइनल आंकड़ा आना अभी बाकी है। 2019 के चुनाव में यहां 67.04 फीसदी वोटिंग हुई थी। वहीं शाम साढ़े चार बजे गिरिडीह के होली स्कूल के बूथ पर जेएमएम और भाजपा समर्थक आपस में भिड़ गए। बताया जा रहा है कि कुछ लोग बोगस वोटिंग कर रहे थे, इसका भाजपा समर्थकों ने विरोध किया।

# ऊर्जा विभाग में 6.50 लाख करोड़ के एमओयू साइन

**राइजिंग राजस्थान समिट में बोले सीएम- प्रदेश में सौर ऊर्जा की असीम संभावनाएं**

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** प्रत्येक सेक्टर को बड़े उद्योग लगाने के लिए जमीन, पानी और ऊर्जा की आवश्यकता होती है। हमारे सामने यही सबसे बड़ी चुनौती थी। इसके लिए हमने सबसे पहले इन दोनों मोर्चों पर काम किया। क्योंकि जमीन तो राजस्थान में काफी है, लेकिन पानी और ऊर्जा की ही कमी थी। पानी की कमी तो हमने ईआरसीपी, यमुना जल समझौता करके पूरी की। साथ ही अब हम सौर ऊर्जा पर काम कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यह बात बुधवार को जयपुर के होटल मैरियट में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के तहत आयोजित ऊर्जा विभाग की प्री-समिट में कही। इस मौके पर अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के लिए लगभग साढ़े 6 लाख करोड़ के एमओयू साइन किए गए।

सीएम शर्मा ने कहा कि हमारे यहां बिजली, पानी की व्यवस्था होगी तो उद्योग आएंगे। इसके लिए हमारे पास सौर ऊर्जा की असीम संभावनाएं हैं। हम गर्व से कह सकते हैं कि हमारे पास सबसे बड़ा सौर ऊर्जा पार्क है। हम ऊर्जा के सेक्टर में राजस्थान को देश में पहले नंबर का राज्य बनाना चाहते हैं। हम बिजली खरीदने वाले नहीं, बल्कि अन्य राज्यों को बिजली बेचने वाले बनने की ओर अग्रसर हैं। बिजली व्यवस्था सही रहेगी तो उद्योगों को भी फायदा मिलेगा। युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि यहां खनिज पर्यटन, शिक्षा, चिकित्सा की अच्छी स्थिति है। बिजली की स्थिति सही हो जाएगी तो विकास को चार चांद लग जाएंगे।



### 'पिछली सरकार में बिजली हुई कुप्रबंधन का शिकार'

**सीएम** ने कहा पिछली सरकार के समय बिजली कंपनी कुप्रबंधन का शिकार थी। पिछली सरकार में केवल संख्या बढ़ाने वाले एमओयू हुए। हमने कई जॉइंट वेंचर की मंजूरी जारी कर दी है। सरकार पर बहुत सारा वित्तीय भार था, लेकिन हमारी सरकार बनते ही हमने सुधार के प्रयास किए हैं। हम चाहते हैं कि राजस्थान ऊर्जा सेक्टर में सरप्लस बने। कार्य समय पर होना हमारी प्राथमिकता है। सरकारी भवनों पर 1000 मेगावाट के रूफटॉप सोलर प्लांट लगाए जा रहे हैं।

### निवेशकों के लिए लाएंगे नई एनर्जी पॉलिसी : नागर

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि राजस्थान ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने जा रहा है। ऊर्जा क्षेत्र में इन्वेस्टमेंट पॉलिसी सरल बनाई जा रही है, जिससे ज्यादा से ज्यादा इन्वेस्टर्स राजस्थान आएं और इन्वेस्ट करने में परेशानी नहीं हो। उन्होंने कहा कि इस प्री-समिट में ऊर्जा सेक्टर में लगभग 30 कंपनियों के साथ 6.60 लाख करोड़ के एमओयू होंगे। ये तमाम प्रोजेक्ट धरातल पर उतरेंगे तो राजस्थान एनर्जी सेक्टर में सरप्लस की श्रेणी में होगा। इससे ना सिर्फ राजस्थान की जनता को सस्ती दर पर बिजली उपलब्ध होगी, बल्कि दूसरे राज्यों को बिजली बेचकर डिस्कॉम को घाटे से उबारा जाएगा।

**सीएम से मिला सिंगापुर का प्रतिनिधिमंडल, समिट का दिया न्यौता**

# 'सिंगापुर यात्रा खोलेगी विकास के द्वार'

**जयपुर।** सिंगापुर से आए प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को सीएमओ में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की। इस दौरान सीएम ने कहा कि हमारा लक्ष्य राजस्थान को अगले 5 वर्षों में 180 बिलियन से दोगुना करके 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है। उन्होंने सिंगापुर से आए प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' का सिंगापुर बहुत महत्वपूर्ण भागीदार है और सिंगापुर ने अपने आर्थिक मॉडल से विश्व को प्रेरित किया है। सीएम शर्मा ने कहा कि राज्य में विश्वभर से निवेश के नए अवसरों को खोलने के लिए 9 से 11 दिसंबर को राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट होगी। इस समिट के तहत अब तक 20 लाख करोड़ रुपए के एमओयू हो चुके हैं। इस दौरान सीएम शर्मा ने इस ऐतिहासिक आयोजन में सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल को भी आने का न्यौता दिया।



### प्रतिनिधिमंडल ने की विकास कार्यों की तारीफ

सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल ने बैठक में राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि राजस्थान अपार संभावनाओं का प्रदेश है तथा स्वास्थ्य, कौशल विकास, ऊर्जा के क्षेत्र में बेहतरीन काम हो रहा है। हमारी इस यात्रा से राजस्थान और सिंगापुर के संबंधों को नई दिशा मिलेगी। बैठक में सिंगापुर के डिजिटल विकास और सूचना मंत्रालय के वरिष्ठ राज्य मंत्री जेनिल पुथुचेरी, प्रधानमंत्री कार्यालय से वरिष्ठ राज्यमंत्री डेसमंड टैन कोक मेंग, शिक्षा और जनशक्ति राज्य मंत्री गेन सियो हुआंग, शिक्षा और वित्त मंत्रालय से वरिष्ठ संसदीय सचिव शॉन हुआंग एवं संसद सदस्य जी याओ क्वान, मिस राचेल ऑग एवं सक्तियादी सुपाट शामिल थे।

**पाली-जोधपुर हाईवे पर मरीज को दूसरी एंबुलेंस में शिफ्ट करते समय हादसा**

# डंपर ने एंबुलेंस को मारी टक्कर, 4 की मौत

महानगर संवाददाता

**पाली।** पाली-जोधपुर हाईवे पर रोहट थाना क्षेत्र के गाजनगढ़ टोल नाके के पास मंगलवार रात करीब 2 बजे तेज रफ्तार डंपर ने एंबुलेंस को टक्कर मार दी। हादसे में भाई-बहन सहित 4 लोगों की मौत हो गई। मौके पर ही 2 महिलाओं ने दम तोड़ दिया। 4 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। इसमें से इलाज के दौरान 2 और की मौत हो गई।

रोहट पुलिस के अनुसार गत दिनों सड़क हादसे में घायल अशोक बिश्नोई (21) की हालत में सुधार होने पर परिजन उसे पालनपुर (गुजरात) के प्राइवेट हॉस्पिटल से जोधपुर हॉस्पिटल एंबुलेंस में ला रहे थे। गाजनगढ़ टोल नाके के पास मवेशी के टकराने से एंबुलेंस क्षतिग्रस्त हो गई। फिर जोधपुर से दूसरी एंबुलेंस मंगवाई गई। अशोक को दूसरी एंबुलेंस में शिफ्ट करने के दौरान तेज गति से आए डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में मरीज की रिश्तेदार बाड़मेर जिले के बारासन (गुड़ा मालानी) निवासी मोहनी देवी (42) पत्नी जगराम विश्नोई, बाड़मेर जिले के गुड़ा मालानी क्षेत्र के उन्दरी (आरसीटी) निवासी फगली देवी (45) पत्नी उदाराम विश्नोई, एंबुलेंस ड्राइवर सुनील बिश्नोई और अशोक के पिता हरिराम (53) पुत्र छोगाराम विश्नोई निवासी वाडानया, भादवी जिला जालोर गंभीर घायल हो गए। सभी को पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मोहनी देवी, फगली देवी को मृत घोषित कर दिया। शेष घायलों को जोधपुर रेफर कर दिया गया। जहां एंबुलेंस ड्राइवर सुनील बिश्नोई और अशोक के पिता हरिराम ने बुधवार दोपहर दम तोड़ दिया। मोहनी देवी और फगली देवी अशोक की रिश्तेदार थीं। वे उससे मिलने पालनपुर गई थीं और उनके साथ ही लौट रही थीं।



# शिक्षा विभाग में 11911 कार्मिकों की पदोन्नति

**जयपुर (मसं.)।** शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर द्वारा विभाग में सभी पदोन्नति (डीपीसी) शीघ्र करने के निर्देशों के बाद बुधवार को 11911 कार्मिकों को पदोन्नति दे दी गई। इस सूची में 88 उपाचार्य, 485 प्रधानाध्यापक, 24 उप जिला शिक्षाधिकारी, 20 पुस्तकालय अध्यक्ष ग्रेड-1, 3564 प्राध्यापक (विभिन्न विषय) वर्ष 21-22 तथा 6966 प्राध्यापक (विभिन्न विषय) वर्ष 22-23 शामिल हैं। इसके अलावा 663 शारीरिक शिक्षक और 93 पुस्तकालय अध्यक्ष शामिल हैं। शिक्षा विभाग में डीपीसी पिछले काफी से समय से लंबित थी। इस पर शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को डीपीसी तुरंत करने के निर्देश दिए थे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि डीपीसी की प्रक्रिया अभी रुकेगी नहीं और विभाग में शेष रही पदोन्नति की सूचियां भी शीघ्र जारी की जाएंगी। पदोन्नत सभी कार्मिकों का शीघ्र पदस्थापन कर दिया जाएगा।

# दिनदहाड़े सरस डेयरी समिति के सचिव के घोंपा चाकू, मौत

महानगर संवाददाता

**अजमेर।** अजमेर में सरस डेयरी समिति के सचिव की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई। युवक ने उनके ऑफिस में घुसकर पहले चेहरे पर मिर्च स्प्रे किया, फिर चाकू से हमला कर दिया। हमलावर सचिव के गांव का ही रहने वाला है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। रामगंज थाना प्रभारी रविंद्र खींची के अनुसार दौराई निवासी सचिव किशनलाल (42) पुत्र गबरूलाल अपने ऑफिस में बैठे थे। सुबह करीब 11 दिलीप ऑफिस में आया और उन पर मिर्च स्प्रे करने के बाद चाकू मारकर भाग गया। इस दौरान किशनलाल ने दौड़कर उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन जख्मी हालत में वे सड़क पर गिर गए। घायल सचिव को लोगों ने जेएलएन हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। आरोपी ने चाकू से करीब दो वार किए थे। एक बार सीधा सीने पर लगा था।



पहले चेहरे पर किया मिर्च स्प्रे।



फिर किए चाकू से वार।

**करीब ढाई साल पुराने जेईएन से मारपीट का मामला**

# मलिंगा ने किया सरेंडर, पुलिस आधा किमी पैदल लेकर गई

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा ने बुधवार शाम धौलपुर के एससी-एसटी कोर्ट में सरेंडर कर दिया। कोर्ट ने मलिंगा को 2 दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में भेजा है। पुलिस मलिंगा को आधा किमी पैदल लेकर थाने तक पहुंची। इसके बाद कोतवाली थाने के सामने से मलिंगा को पुलिस की गाड़ी में बैठाकर धौलपुर जेल तक ले जाया गया।

करीब ढाई साल पुराने जेईएन से मारपीट मामले में 8 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने मलिंगा को 14 दिन में सरेंडर करने के आदेश दिए थे। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस वी. रामासुब्रमण्यम और अरविंद कुमार की बेंच ने 8 नवंबर को मलिंगा की जमानत पर हाईकोर्ट के आदेश पर लगी रोक हटा दी थी। विधायक के सरेंडर करने के चार सप्ताह बाद मामले में सुनवाई होगी।

**यह था मामला:** धौलपुर के बाड़ी डिस्कॉम ऑफिस में 28 मार्च 2022 को सरकारी इंजीनियर हर्षदापति और नितिन गुलाटी के साथ मारपीट की घटना हुई थी। प्रकरण में एईएन हर्षदापति ने मलिंगा (तत्कालीन कांग्रेस विधायक) और अन्य के खिलाफ 29 मार्च को नामजद मारपीट, राजकार्य में बाधा और एससी-एसटी एक्ट में केस दर्ज कराया था। केस में 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। घटना के बाद तत्कालीन धौलपुर एसपी शिवराज मीणा का भी तबादला कर दिया गया था। बिजली विभाग के इंजीनियर्स से मारपीट होने के बाद निगम के कर्मचारियों में आक्रोश भड़क गया था। उसके बाद गिर्राज मलिंगा ने 11 मई को जयपुर के तत्कालीन पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव के सामने सरेंडर किया था। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें 17 मई को जमानत दी थी।



# जयपुर-देहरादून फ्लाइट का 18 हजार फीट ऊंचाई पर इंजन फेल

**जयपुर (मसं)।** जयपुर-देहरादून की इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट (6ई-7468) का 18 हजार फीट की ऊंचाई पर एक इंजन फेल हो गया। फ्लाइट में 70 पैसेंजर थे। प्लेन की दिल्ली एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई और दूसरे प्लेन से यात्रियों को भेजा गया। खराब इंजन के साथ प्लेन हवा में 30 मिनट रहा। इस विमान को 19 नवंबर की शाम 5:55 बजे जयपुर एयरपोर्ट से देहरादून के लिए उड़ान भरनी थी, लेकिन तकनीकी कारणों से 40 मिनट देरी से 6:35 बजे उड़ान भरी। इसके करीब 25 मिनट बाद ही विमान के इंजन में खराबी आ गई।




# जयपुर में मां ने की 4 साल के मासूम बेटे की हत्या

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर में एक मां ने अपने 4 साल के बेटे की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी महिला पति से मनमुटाव के कारण बेटे को पीहर ले जाना चाहती थी। बेटा जाना नहीं चाहता था। इससे परेशान होकर उसने बेटे को मार दिया। एसएचओ (रेनवाल) सुरेंद्र कुमार ने बताया कि हत्या के मामले में आरोपी मां सरिता (25) निवासी वाराणसी (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया है। साल 2019 में सरिता की शादी रेनवाल के बीरमपुरा में मुकेश से हुई थी। वह ससुराल में पति, सास, ससुर और बेटे दीक्षांत चौधरी उर्फ दिनेश चौधरी (4) के साथ रहती थी। मंगलवार को पति मुकेश फैक्ट्री में काम करने गया था। रात करीब 9:30 बजे सरिता ने कमरे में सोते समय बेटे दीक्षांत की गला दबाकर हत्या कर दी।



# सीबीएसई: 15 फरवरी से शुरू होंगी 10वीं-12वीं की परीक्षाएं

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बुधवार देर रात 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा की तारीखों का ऐलान कर दिया। परीक्षाएं 15 फरवरी से होंगी। 10वीं की परीक्षा 18 मार्च तक और 12वीं की परीक्षा 4 अप्रेल तक चलेंगी। 10वीं क्लास के लिए पहली परीक्षा अंग्रेजी की होगी और साइंस की 20 फरवरी को एवं सोशल साइंस की 25 फरवरी को होगी। 10वीं के स्टूडेंट्स के लिए आखिरी एग्जाम 18 मार्च को कम्प्यूटर एप्लिकेशंस, आईटी या एआई का होगा। वहीं 12वीं के स्टूडेंट्स के लिए 15 फरवरी को आंत्रप्रेन्योरशिप, 21 को फिजिक्स, 27 फरवरी को कैमिस्ट्री, 11 मार्च को अंग्रेजी, 15 मार्च को हिंदी के अलावा 4 अप्रेल को आखिरी परीक्षा साइकोलॉजी का होगी।

**एक्स पर पोस्ट | सीएम भजनलाल शर्मा ने दी जानकारी, लोगों से की फिल्म देखने की अपील**

# फिल्म 'साबरमती रिपोर्ट' प्रदेश में हुई टैक्स फ्री

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** गोधरा कांड पर बनी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' को राज्य सरकार ने टैक्स फ्री कर दिया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए ना सिर्फ यह जानकारी दी, बल्कि लोगों को फिल्म देखने की सलाह भी दी। सीएम भजनलाल शर्मा ने एक्स पर लिखा कि हमारी सरकार ने 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म को राजस्थान में कर-मुक्त (टैक्स फ्री) करने का सार्थक निर्णय लिया है। यह फिल्म इतिहास के उस भयावह काल-खंड को दर्शाती है, जिसे कुछ स्वार्थी तत्वों ने अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए विकृत (तोड़-मरोड़ कर पेश) करने का गलत प्रयास किया। सीएम ने लिखा कि यह फिल्म न केवल तत्कालीन व्यवस्था की वास्तविकता को प्रभावशाली रूप से उजागर करती है, बल्कि उस समय प्रचारित किए गए भ्रामक, मिथ्या नैरेटिव का भी खंडन करती है। इस दुर्भाग्यपूर्ण, हृदयविदारक घटना को फिल्म में अत्यंत संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत किया गया है। लोगों को फिल्म देखने की सलाह देते हुए सीएम ने कहा कि यह फिल्म इसलिए भी अवश्य देखी जानी चाहिए, क्योंकि अतीत का गहन विवेचनात्मक अध्ययन ही हमें वर्तमान को समझने और भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान कर सकता है। गौरतलब है कि दो दिन पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने इस फिल्म की तारीफ की थी। उन्होंने एक यूजर की साबरमती रिपोर्ट पर की गई पोस्ट को एक्स पर रीट्वीट करके लिखा था कि यह अच्छी बात है कि सच सामने आ रहा है। वह भी इस तरह से कि आम जनता भी इसे देख सके। झूठी धारणा सिर्फ कुछ वक्त कायम रह सकती है, हालांकि तथ्य सामने आता ही है।



facebook YouTube twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।



## पधारो म्हारे देस : जयपुर-जोधपुर-उदयपुर में लगातार बढ़ रही देसी-विदेशी पर्यटकों की संख्या

### आगामी पर्यटन सीजन में ट्रैफिक जाम से निजात दिलाना सबसे बड़ी चुनौती



@ अजमेरी गेट

# तीन शहर, नौ महीने, पौने दो करोड़ आए पावणे



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पर्यटन के क्षेत्र में राजस्थान की प्रसिद्धि किसी से छिपी नहीं है। यही कारण है कि यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या में दिनों-दिन बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। यदि इस साल सितम्बर तक की बात करें तो पौने दो करोड़ पर्यटक जयपुर, जोधपुर और उदयपुर घूमने के लिए आए।

आंकड़ों के अनुसार इस साल जनवरी से लेकर सितम्बर तक जयपुर, जोधपुर और उदयपुर घूमने आने वाले घरेलु पर्यटकों की संख्या एक करोड़ को पार जा चुकी है। बीते आठ महीने में 1 करोड़ 68 लाख 17 हजार 114 देशी पर्यटक राजस्थान के इन तीन जिलों में पहुंचे। वहीं इन तीनों जिलों में विदेशी सैलानियों की संख्या 8 लाख 75 हजार 940 पहुंच चुकी है। राजस्थान में पर्यटन की दृष्टि से प्रमुख जिलों जैसे जयपुर, जोधपुर और उदयपुर में घरेलू व विदेशी पर्यटकों की संख्या से अंदाज लगाया जा सकता है कि राजस्थान देशी-विदेशी पर्यटकों की पहली पसंद बन चुका हैं।

इस साल जनवरी से लेकर सितम्बर तक जयपुर जिले में 88 लाख 69 हजार 703 घरेलू पर्यटक आए, वहीं विदेशी मेहमानों की संख्या 4 लाख 13 हजार 401 रही। जोधपुर जिले में 17 लाख 86 हजार 619 सैलानी आए, वहीं विदेशी सैलानियों की संख्या 1 लाख 33 हजार 806 रही। उदयपुर में 61 लाख 60 हजार 792 देशी पर्यटक घूमने के लिए पहुंचे, वहीं यहां आने वाले विदेशी पावणों की संख्या 3 लाख 28 हजार 733 रही।

### ये समस्याएं, जिन्हें हल करने की जरूरत


यहां खास बात ये है कि राजस्थान घूमने के लिए आने वाले देशी-विदेशी पर्यटक राजधानी जयपुर घूमने के लिए जरूर आते हैं। ऐसे में राजधानी की समस्याओं को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है। पर्यटन व्यवसाय से जुड़े विशेषज्ञों के अनुसार शहर की अच्छी व्यवस्थाएं पर्यटकों के मन में पूरे राज्य की तस्वीर बनाने का काम करती है, लेकिन पिछले कुछ समय से यहां आमेर महल, अल्बर्ट हॉल, हवामहल और जंतर-मंतर घूमने के लिए आने वाले पर्यटक वाहनों को ट्रैफिक जाम से सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही बड़े वाहनों की पार्किंग भी एक समस्या का रूप ले रही है। ऐसे हालात में इस दिशा में काम करने की जरूरत है।

### आने वाले महीने पर्यटन के लिए गोल्डन टाइम

टूरिस्ट गाइड एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह का कहना है कि नवंबर में ही जयपुर आने वाले पर्यटकों की संख्या करीब 3 लाख को पार कर चुकी है। अगले महीने राइजिंग राजस्थान, क्रिसमस, न्यू ईयर और उसके बाद आईफा जैसे आयोजन के चलते जयपुर में कई कार्यक्रम होंगे। ऐसे में टूरिस्ट की संख्या बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। अभी जयपुर में आने वाले विदेशी पर्यटकों में यूरोपियन, अमेरिकन, आस्ट्रेलिया, स्पेनिश टूरिस्ट ज्यादा हैं, लेकिन आने वाले दिनों में अन्य कई देशों से भी टूरिस्ट का रुझान राजस्थान की ओर बढ़ने वाला है। यहां के किले, महल, बावड़ियां, संग्रहालय सहित पारंपरिक लोक कलाएं पर्यटकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

### ऑनलाइन टिकट व्यवस्था में सुधार की जरूरत

कई बार ये भी देखने को मिलता है कि सर्वर डाउन होने के कारण देशी-विदेशी पर्यटकों को ऑनलाइन टिकट लेने में परेशानी होती है, हालांकि इसके लिए पुरातत्व विभाग की ओर से मैन्युअल टिकट की व्यवस्था की गई है, लेकिन कई बार पर्यटकों की संख्या ज्यादा होने पर कतार में खड़े होकर टिकट लेने के लिए लम्बा इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में खासकर पर्यटक ऐसी व्यवस्था को देखकर परेशानी में दिखता है।



---

सिंगापुर के 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने समझी भाजपा संगठन की सरंचना, बूथ प्रबंधन को सराहा, कहा...

# 'पार्टी ने लाखों कार्यकर्ताओं को किया संगठित, जमीनी स्तर पर उतारा'

### भाजपा ने कहाः पार्टी की कार्यशैली को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलेगी पहचान

### प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने राजस्थानी परंपरा से किया डेलीगेशन का स्वागत





महानगर संवाददाता

**जयपुर।** भाजपा के संगठनात्मक ढांचे और कार्यप्रणाली को समझने के लिए बुधवार को सिंगापुर से 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश कार्यालय का दौरा किया। इस दौरान विशेष कार्यक्रम में सिंगापुर डेलीगेशन ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की और भाजपा की जमीनी स्तर पर काम करने की रणनीति के साथ इसकी विचारधारा और संगठनात्मक कार्यों पर चर्चा की।

प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के नेतृत्व में प्रदेश इकाई के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पूरे डेलीगेशन का राजस्थानी परंपरा से स्वागत किया। वहीं, भाजपा के पदाधिकारियों ने डेलीगेशन को बताया कि पार्टी का संगठनात्मक ढांचा पंचायत स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक फैला हुआ है। पार्टी के बूथ प्रबंधन और कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसे पहलुओं पर प्रकाश डाला। डेलीकेशन ने कहा कि भाजपा ने राजनीतिक दल के रूप में लाखों कार्यकर्ताओं को संगठित किया है और जमीनी स्तर पर सक्रियता दिखाई है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया है कि भारतीय लोकतंत्र और राजनीतिक से सिंगापुर को सीखने का अवसर मिला है। वहीं, भाजपा की सबसे छोटी इकाई बूथ समिति से लेकर प्रदेश स्तरीय संरचना पर सिंगापुर डेलीगेशन के साथ चर्चा की गई। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने इस मुलाकात को एक सकारात्मक कदम बताया। उन्होंने कहा कि पार्टी की कार्यशैली न केवल भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सराही जा रही है।

इस मौके पर राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा, सरदार अजयपाल सिंह, भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल, प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल, भूपेंद्र सैनी, भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ समेत अन्य नेता मौजूद रहे।



### महिलाओं की भागीदारी पर विशेष चर्चा, डेलीगेशन बोलाः केंद्र ने लिए ऐतिहासिक फैसले

सिंगापुर डेलीगेशन ने महिलाओं की भागीदारी को लेकर चर्चा की। इस दौरान डेलीगेशन ने कहा कि भाजपा ने संगठन स्तर पर महिला मोर्चा के गठन और 33 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी व पंचायती राज चुनावों में महिलाओं के आरक्षण में 50 फीसदी का फैसला लिया। केंद्र की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि लखपति दीदी, ड्रोन दीदी जैसी विभिन्न योजनाओं से महिलाओं को सशक्त करने काम भी किया है।

### सिंगापुर डेलीगेशन में ये थे शामिल

सिंगापुर सरकार के मंत्री जेनिल पुथुचेरी, डेसमंड टैन कोक मेंग, गेन सियो हुआंग, संसदीय सचिव शॉन हुआंग, संसद सदस्य जी याओ क्वान, राचेल ओंग, सक्तियांदी सुपाट शामिल रहे। वहीं, सिंगापुर सत्तारूढ़ पार्टी कैडर के लियोनार्ड चिउ, थिरू, जेसन सलीम, जेनिका एनजी, जयदेव उन्नीथन के साथ डैनी नगियम, लिंडा एन जी, जैसलिन ओंग और अल्लाह थाम भी साथ में रहे।

---

# शिकायत निवारण प्रकोष्ठ बनाकर करें भर्तियों के मुद्दों का निस्तारण

### हाईकोर्ट ने कहा, सीधे अदालत आने से केसों का बढ़ रहा भार



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने सरकारी भर्तियों में अभ्यर्थियों के अलग-अलग तथ्यात्मक मुद्दों के निस्तारण के लिए अलग से शिकायत निवारण प्रकोष्ठ बनाए जाने की मंशा जताई है।

अदालत ने कहा कि क्यों ना हाईकोर्ट में याचिका दायर करने से पहले इस प्रकोष्ठ में मामला पेश किया जाए और यहां अपीलीय अधिकारी स्तर पर मुद्दों को तय किया जाए। इसके बाद भी यदि अभ्यर्थी संतुष्ट न हो तो फिर हाईकोर्ट में याचिका पेश की जाए। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से भर्तियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों के निस्तारण के लिए कोई आयोग या कमेटी नहीं है। ऐसे में सीधे हाईकोर्ट आने से अदालत पर भी केसों का भार बढ़ रहा है। अदालत ने 22 नवंबर को प्रमुख चिकित्सा सचिव को भी इस संबंध में पक्ष रखने को कहा है। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश एएनएम भर्ती से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर दायर ज्योति कुमारी मीना व अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने कहा कि एएनएम भर्ती में भी कई बिन्दुओं पर अलग-अलग याचिकाएं दायर हुई हैं। यह सभी याचिकाएं तथ्य आधारित हैं और इन सभी में एक साथ सुनवाई किया जाना मुश्किल है। इसलिए राज्य सरकार भर्तियों से जुड़े इन सभी तथ्यों के लिए एक आयोग या कमेटी बनाए, ताकि वह पता कर सके कि अभ्यर्थियों को नियुक्ति किन कारणों से नहीं दी जा रही। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता रामप्रताप सैनी और तनवीर अहमद ने कहा कि वर्तमान में गृह विभाग, चिकित्सा विभाग व शिक्षा विभाग से जुड़ी भर्तियों के ही सर्वाधिक मामले हाईकोर्ट में आते हैं।

इन भर्तियों से जुड़े विभागों के लिए भी दिशा-निर्देश दिए जाएं। दूसरी ओर डेंटल ऑफिसर भर्ती-2024 के विवादित प्रश्न-उत्तर मामले में हाईकोर्ट में सभी पक्षों की बहस पूरी हो गई। अदालत ने मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

## चिकित्सक का रजिस्ट्रेशन रद्द करने के आदेश पर रोक

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान मेडिकल कौंसिल के गत 6 नवंबर के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसके तहत आरएमसी ने सरकारी सेवा में कार्यरत याचिकाकर्ता चिकित्सक का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया था। इसके साथ ही अदालत ने मामले में प्रमुख चिकित्सा शिक्षा सचिव, प्रमुख चिकित्सा सचिव और आरएमसी के रजिस्ट्रार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस महेन्द्र कुमार गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश डॉ. एसए इकबाल की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता तनवीर अहमद ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता ने नेपाल के त्रिभुवन विश्वविद्यालय से एमबीबीएस किया था। इसके बाद याचिकाकर्ता ने मार्च, 2013 में फॉरेन मेडिकल परीक्षा भी पास की थी। वहीं बाद में उसने एमसीआई और आरएमसी से अपना पंजीकरण कराया था। याचिका में बताया गया कि आरपीएससी की ओर से चयनित होने के बाद वह कई सालों से चिकित्सक के रूप में काम कर रहा है। याचिका में कहा गया कि गत 6 नवंबर को राजस्थान मेडिकल कौंसिल ने उसका रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया। इस दौरान ना तो उसे नोटिस दिया गया और ना ही उसे सुनवाई का मौका मिला। ऐसे में आरएमसी के आदेश को रद्द किया जाए। इस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने रजिस्ट्रेशन रद्द करने के आदेश पर रोक लगाते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

## बार एसोसिएशन को लेकर 5804 शपथ पत्र पेश

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट सहित प्रदेश की अन्य अदालतों की बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव 13 दिसंबर को होंगे। हाईकोर्ट बार की चुनाव संचालन समिति ने चुनाव कार्यक्रम भी जारी कर दिया है।

हाईकोर्ट बार अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा ने बताया कि अधिवक्ता राजीव शर्मा, राजेश कर्नल और गजेंद्र सिंह राठौड़ को चुनाव संचालन समिति का सदस्य बनाया गया है। चुनाव समिति ने तय किया है कि 12 नवंबर से 20 नवंबर तक अधिवक्ता व्यक्तिगत हाजिर होकर शपथ पत्र पेश करेंगे। इसकी पालना में कुल 5804 वकीलों ने वन बार वन वोट को लेकर शपथ पत्र दिए हैं। समिति के सदस्य राजीव शर्मा ने बताया कि एक वकील कई बार एसोसिएशन में सदस्य रहता है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दे रखे हैं कि एक वकील किसी भी एक बार एसोसिएशन में ही अपना वोट दे सकता है। इसलिए उनसे इस संबंध में शपथ पत्र लिए जाते हैं, जिनके परीक्षण के बाद 26 नवंबर को मतदाता सूची जारी की जाएगी।

समिति के सदस्य राजेश कर्नल ने बताया कि नामांकन पत्र भरने की शुरुआत 29 नवंबर से 5 दिसंबर तक चलेगी। वहीं नामांकन पत्र वापसी के लिए 6 दिसंबर का दिन तय किया गया है। इसके साथ मैदान में रहने वाले प्रत्याशियों को सात दिसंबर को बैलेट नंबर दिए जाएगे। वहीं 13 दिसंबर को सुबह आठ से शाम पांच बजे तक मतदान होगा और उसके अगले दिन सुबह दस बजे से मतों की गणना कर परिणाम जारी किया जाएगा। दी बार एसोसिएशन, जयपुर के चुनाव के लिए बनाई चुनाव संचालन समिति के सदस्य राममनोहर शर्मा ने बताया कि मतदान के लिए 3689 अधिवक्ताओं ने अपने शपथ पत्र दिए हैं।

---

# एक स्टेट एक चुनाव को लेकर असमंजस के हालात बढ़े

### एक ओर सरकार प्रशासक लगाने जा रही दूसरी ओर राज्य चुनाव आयोग ने शुरू की चुनावी तैयारियां

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** पांच नगर निगम सहित 49 पालिकाओं के भविष्य को लेकर असमंजस के हालात बन गए हैं। एक ओर जहां राज्य सरकार सभी निकायों में एक साथ चुनाव कराने की मंशा रखती है, वहीं राज्य चुनाव आयोग ने चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) को वोटर लिस्ट तैयार करने के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति करने के निर्देश दिए हैं। इससे प्रसासन के साथ ही शहरी इलाकों में असमजस और बढ़ गया है।

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने 2025 में सभी निकायों के चुनाव एक साथ कराए जाने के संकेत दिए थे। इस बीच निर्वाचन आयोग ने भरतपुर, बीकानेर, पाली, अलवर एवं उदयपुर नगर निगम, 16 नगर परिषद और 28 नगर पालिकाओं में इस साल चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी हैं। इन निकायों का 26 नवंबर को कार्यकाल समाप्त हो रहा हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने जिलों के निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए है कि 7 दिन के अंदर कर्मचारियों (प्रगणकों) की सूची तैयार करके भिजवाएं।

### 10 फीसदी अतिरिक्त कर्मचारियों की मांगी सूची

इस आदेश में आयोग ने 10 फीसदी अतिरिक्त कर्मचारियों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं, ताकि उन्हें रिजर्व में रखा जा सके और जरूरत पड़ने पर इस कार्य में लगाया जा सके। सूची निर्वाचन आयोग से नए सॉफ्टवेयर के जरिए तैयार करवाई जाएगी। आयोग ने कहा कि वर्तमान में जो स्थिति है, उसके अनुसार ही मतदाता सूची तैयार की जाएगी। हालांकि सरकार को अभी नए वार्डों का डिमार्केशन, पुराने वार्डों का पुनर्गठन, निकायों का पुनर्गठन का काम करना है। दरअसल, राजस्थान में 230 से ज्यादा नगरीय निकाय हैं। सरकार ने बजट में इन सभी 230 में एक साथ चुनाव कराने के लिए कहा था। वहीं, सभी निकायों का कार्यकाल अलग-अलग समय पर पूरा हो रहा है।

### इनका कहना है

हमारे पास सरकार की ओर से आगामी निकाय चुनाव को लेकर नहीं आए। अगर आएंगे तो हम उन्हे फोलो करेंगे, लेकिन जो हमारे विभाग की ओर से कार्यकाल के समाप्त होने से पहले चुनावी प्रक्रियाएं की जाती हैं वो हमने शुरू कर दी हैं। इससे हमें यह फायदा होगा कि वोटर लिस्ट के साथ ही और कार्य दुरुस्त हो जाएंगे।

*- **मधुकर गुप्ता,** आयुक्त, राज्य चुनाव आयोग*

---

# मध्यप्रदेश पहुंचे केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, मुनि सुधासागर का लिया आशीर्वाद



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** केंद्रीय मंत्री कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने बुधवार को मध्यप्रदेश के सागर जिले के भाग्योदय में जैन मुनि सुधासागर महाराज का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने जैन मुनि सुधासागर महाराज के मंगल प्रवचन का श्रवण किया। मंत्री ने जैन धर्म के सिद्धांतों और मानवता के प्रति इसकी शिक्षाओं को सराहा। चौधरी ने बताया कि जैन मुनि की प्रेरणा से उन्होंने पिछले 24 वर्षों से रात्रि भोजन का त्याग कर रखा है। इस संयम पथ का पालन करने को लेकर जैन मुनि ने केंद्रीय मंत्री की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह ना केवल जैन धर्म के प्रति उनकी श्रद्धा को दर्शाता है, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के महत्व को भी उजागर करता है।

---

# झोटवाड़ा को सैटेलाइट अस्पताल की सौगात

### कर्नल राज्यवर्धन के प्रयासों से 10,000 वर्ग मीटर भूमि आवंटन स्वीकृत

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** झोटवाड़ा और उसके आस-पास के क्षेत्रों के लाखों लोगों के लिए बड़ी खुशखबरी है। राजस्थान सरकार में उद्योग मंत्री और झोटवाड़ा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के प्रयासों से झोटवाड़ा में सैटेलाइट अस्पताल के लिए 10,000 वर्ग मीटर भूमि का आवंटन स्वीकृत कर दिया गया है। राठौड़ ने इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन को देते हुए कहा कि इससे स्थानीय नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।



### तीव्र प्रयास और जनता का आभार

कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने प्रदेश में सरकार बनते ही इस परियोजना की घोषणा की थी और कुछ ही महीनों के भीतर इसके लिए भूमि आवंटन स्वीकृत करवा लिया। उनकी इस त्वरित कार्रवाई के लिए जनता ने उनका आभार व्यक्त किया है। कर्नल राठौड़ ने जनता को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा, 'हम जनता की सेवा और सुविधाओं के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। यह हमारा वादा है और हम हर वादा पूरा कर रहे हैं।'

### स्वास्थ्य क्षेत्र में मजबूत सुधार

कर्नल राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना, पीएचसी, सीएचसी और वेलनेस सेंटर को मजबूत बनाकर देश में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया है। उन्होंने योग और स्वास्थ्य जागरूकता को भी प्राथमिकता दी है। झोटवाड़ा में सैटेलाइट अस्पताल का निर्माण होने से क्षेत्र के नागरिकों को प्राथमिक और विशेष स्वास्थ्य सेवाएं उनके पास ही उपलब्ध होंगी। यह अस्पताल ना केवल झोटवाड़ा, बल्कि आस-पास के इलाकों के लिए भी वरदान साबित होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल शुरुआत है। आने वाले समय में झोटवाड़ा और पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने के लिए नई योजनाओं को लागू किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

# शादी समारोह से गहने-कैश से भरा बैग उड़ा ले गया नाबालिग

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शाहपुरा थाना इलाके में एक शादी समारोह से नाबालिग बच्चा गहनों और कैश से भरा बैग चोरी कर ले गया। बैग चोरी करता हुआ नाबालिग फोटोग्राफर के वीडियो शूटिंग के दौरान कैमरे में कैद हो गया। वीडियो में नाबालिग लड़का लग्न-टीके के प्रोग्राम में स्टेज पर चढ़कर बैग चोरी करता दिख रहा है। शाहपुरा थाना पुलिस फुटेज के आधार पर नाबालिग चोर की तलाश कर रही है।

एसएचओ शाहपुरा रामलाल ने बताया कि प्रतापगढ़ निवासी राजेन्द्र कुमार शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि शाहपुरा कस्बे के चंद पैलेस गार्डन में उसके बेटे की शादी के लग्न-टीके का प्रोग्राम चल रहा था। प्रोग्राम के दौरान स्टेज पर फोटो शूट किया जा रहा था। इस दौरान राजेन्द्र शर्मा ने हाथ में मौजूद बैग स्टेज पर रख दिया। मौका पाकर स्टेज पर चढ़ा



नाबालिग गहने-कैश से भरा बैग पार कर ले गया। राजेंद्र शर्मा ने महज 5 मिनट बाद बैग संभाला तो वह गायब मिला। फोटोग्राफर द्वारा शूट किया गया वीडियो देखने पर नाबालिग चोर की करतूत कैद मिली। मैरिज गार्डन से गहने-कैश बैग चोरी की सूचना पर शाहपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी जुआई। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि चोरी गए बैग में करीब 2 लाख रुपए कैश और सोने की चेन, अंगुठी व अन्य गहने रखे हुए थे। पुलिस फुटेज के आधार पर चोर को ढूंढने में लगी है।

### श्वान ने मासूम का काट खाया कान

**बांसवाड़ा (मसं.)।** जिले में छोटी सरवन क्षेत्र के अंदरू का पाड़ा गांव में चार साल के बच्चे पर एक श्वान ने हमला कर दिया। श्वान ने बच्चे का कान जबड़े में दबोच लिया था। उसके चिल्लाने की आवाज पर पहुंचे लोगों ने बच्चे को श्वान से छुड़ाया, लेकिन तब तक उसका कान कटकर बॉडी से अलग हो चुका था। बच्चे के पिता दिनेश ने बताया कि अंदरू का पाड़ा गांव के स्कूल में परिवार के बच्चे पढ़ने के लिए जाते हैं। बच्चे स्कूल से घर लौट रहे थे। इस दौरान बेटे आयुष पर श्वान ने हमला कर दिया। बच्चों के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने श्वान से बच्चे को छुड़ाया। इससे पहले बच्चे का लेफ्ट साइड का कान शरीर से अलग हो चुका था। लहूलुहान हालत में बच्चे को छोटी सरवन के सरकारी अस्पताल में लेकर पहुंचे। वहीं कान को पॉलिथीन में रखकर लेकर गए। सरकारी अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद उसे एमजी हॉस्पिटल रेफर कर दिया। हालांकि हॉस्पिटल में कान को जोड़ा नहीं जा सका था। परिजनों ने बताया कि आयुष अभी छोटा है, इसलिए स्कूल में प्रवेश नहीं कराया था। वह अन्य बच्चों के साथ ही स्कूल जाना सीख रहा था।

# जेबतराश गैंग के चार बदमाश गिरफ्तार, 14 मोबाइल बरामद



महानगर संवाददाता

**अजमेर।** जिले की दरगाह थाना पुलिस ने अंदरकोट इलाके के जेबतराश गैंग के 4 आदतन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 14 मोबाइल फोन बरामद किए गए। थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह जाखड़ ने बताया कि संदिग्ध लोगों के बारे में तफ्तीश की और मुखबिर की सूचना पर जालियान कब्रिस्तान इलाके से इनायत उर्फ रियाज, अली, शकील खान, अजीम शेख उर्फ कालिया को गिरफ्तार किया गया। इनसे चुराए गए करीब 3 लाख रुपए कीमत के 14 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। आरोपी इनायत उर्फ रियाज अंदरकोट इलाके का रहने वाला है। इसके खिलाफ दरगाह व गंज पुलिस थानों में चोरी, जेबतराशी और अवैध हथियार मामलों में 20 मुकदमें दर्ज हैं। इसी तरह आरोपी अली उर्फ अयूब के खिलाफ 5, शकील खान पुत्र लतीफ खान के खिलाफ 2 और अजीम शेख उर्फ कालिया के खिलाफ 4 मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस इनके साथियों के बारे में तफ्तीश कर रही है।

### एमडीएम हॉस्पिटल में आग से झुलसी महिला की मौत

**जोधपुर (मसं.)।** जिले के मथुरा दास माथुर हॉस्पिटल में आग लगने के बाद झुलसी महिला की इलाज के दौरान बुधवार सुबह मौत हो गई। आगजनी की घटना दो दिन पहले की है। आग लगने के बाद महिला के पति ने हॉस्पिटल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया था। घटना के दिन हॉस्पिटल अधीक्षक डॉक्टर नवीन किशोरिया का कहना था कि महिला के साथ एक अटेंडेंट उसका पति था। उसने बीड़ी सुलगाकर डस्टबीन में फेंक दी, जिससे आग लगी थी। मामले के अनुसार मथुरा दास माथुर हॉस्पिटल के जनरल वार्ड में आग लग गई थी। वार्ड में जैतारण की रहने वाली महिला भर्ती थी। आग से महिला का ऑक्सीजन मास्क वाला हिस्सा जल गया था। महिला को झुलसी हालत में आईसीयू में भर्ती करवाया गया था। दो दिन बाद महिला ने दम तोड़ दिया। इधर महिला के पति ने बताया कि अचानक ऑक्सीजन में आग उठी। पत्नी आग से तड़पने लगी थी। घटना के आधे घंटे से भी ज्यादा समय तक वार्ड में तैनात नर्स, कर्मचारी ने कोई सुध लेने नहीं ली। पत्नी को बैड से नीचे उतारा। वो दर्द से कराहती रही। उसका पूरा चेहरा जल गया था। मैंने बीड़ी नहीं पी थी। ये आरोप गलत है। इसमें लापरवाही हॉस्पिटल प्रशासन की रही है।

# नाकाबंदी में 13.16 ग्राम हेरोइन के साथ एक युवक गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

**हनुमानगढ़।** जिले की संगरिया थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान बाइक सवार युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 13.16 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगामी अनुसंधान में जुटी है। पुलिस के अनुसार संगरिया पुलिस थाना के एसआई प्रमोद सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने दीनगढ़ से संतपुरा रोड पर रोही संतपुरा में एएमपी नहर की पुलिया पर नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान रात को पुलिस टीम ने एक बाइक पर सवार होकर आए युवक को शक के आधार पर रुकवाकर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 13.16 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इस पर पुलिस ने




बाइक जब्त कर आरोपी मनप्रीत सिंह उर्फ जज पुत्र मनजीत सिंह जटसिख निवासी हिम्मतपुरा गांव पीएस बहाववाला पंजाब को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच थाना प्रभारी एसआई तेजवंत सिंह कर रहे हैं।

## डिजिटल अरेस्ट कर जेल जाने का दिखाया डर, सीबीआई खाते के नाम से ट्रांसफर करवाए रुपए

# सीबीआई अधिकारी बन बुजुर्ग दंपती से ऑनलाइन ठगे 1.5 करोड़

महानगर संवाददाता

**श्रीगंगानगर।** जिले में एक बुजुर्ग दंपती को डिजिटल अरेस्ट कर एक करोड़ 5 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। बदमाश ने सीबीआई अधिकारी बनकर इस वारदात को अंजाम दिया। सीबीआई अधिकारी का रौब और जेल जाने का डर दिखाकर बदमाश ने पति-पत्नी से खाते में रुपए ट्रांसफर करवा लिए। जांच अधिकारी साइबर सेल के डीएसपी कुलदीप वालिया ने बताया कि जिन खातों से रकम




निकाली गई है, उन्हें फ्रीज करने के लिए संबंधित बैंक को पत्र लिखा गया है। डीएसपी वालिया ने बताया कि पूरे मामले में जांच शुरू कर दी गई है। आरोपियों ने फ्रॉड की गई राशि को कई खातों में ट्रांसफर किया है। अब इन खातों का पता लगाया जा रहा है। एक खाते से दूसरे खाते में होते हुए राशि को अलग-अलग खातों में भेजा जा रहा है। मामले में जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

### जमीन बेचकर खाते में जमा करवाए थे रुपए

पीड़ित महिला ने बताया कि वह और उनके पति घर में अकेले रहते हैं। बच्चे विदेश में रहते हैं। हाल ही में परिवार ने जमीन बेचकर खाते में रुपए जमा करवाए थे। महिला के पति के फोन पर वीडियो कॉल आई। कॉलर ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया। कॉल करने वाले ने बताया कि उसके पति के खाते में गलत तरीके से रुपए जमा हुए हैं। दिल्ली में केस दर्ज हुआ है और इस मामले में 7 साल की जेल होगी।

### ट्रांजेक्शन राशि को कई खातों में किया ट्रांसफर

**एएसआई** कमल सहारण ने बताया कि पुलिस उन खातों को खंगाल रही है, जिसमें इस ट्रांजेक्शन राशि को घुमाया गया है। इस राशि को अलग-अलग कई खातों में ट्रांसफर किया गया है, ताकि पुलिस की जानकारी में मामला आए भी तो कई दिनों तक पुलिस चक्कर-घिन्नी बनी रहे। पुलिस उन खातों की जांच भी कर रही है।

### रकम जमा होने के बाद भी धमकाता रहा आरोपी

**आरोपी** ने उन्हें धमकाते हुए कहा कि दोनों पति-पत्नी घर के कमरे में ही रहें। किसी को भी इस बारे में नहीं बताना है। उसने झांसा दिया कि वे उनका नाम इस केस से निकलवाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। आरोपी ने कहा कि आपके खाते में जो राशि पड़ी है, उसे सीबीआई के खाते में ट्रांसफर करवाए। इस पर पीड़ित ने 1 करोड़ 5 लाख 59 हजार 960 रुपए उस खाते में जमा करवा दिए। इसके बाद भी जब आरोपी ने पीड़ित को धमकाना जारी रखा तो पीड़ित को उनके साथ हुई ठगी का पता लगा।

## अंतरराज्यीय गिरोह का सरगना 25 हजार का इनामी उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार

# लूट-डकैती और नकबजनी की वारदातें करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हथियारों की नोक पर लूट-डकैती और नकबजनी की वारदातों को अंजाम देने वाले कुख्यात अन्तरराज्यीय गिरोह के सरगना धनुपरा उत्तर प्रदेश निवासी घनश्याम उर्फ श्याम बावरी पुत्र देवकरण को पकड़ा है। गिरफ्तार बदमाश डकैती के 8 साल पुराने मामले में 25 हजार का इनामी है। जिसे टीम ने उसके गांव से दस्तयाब कर थाना गोठन नागौर को सुपुर्द कर दिया है।

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश एमएन ने बताया कि गिरफ्तार गैंगस्टर घनश्याम उर्फ श्याम बावरी और इसके साथियों ने साल 2016 में गोठन थाना क्षेत्र के जाटान इंदौकियावास में सशस्त्र डकैती की घटना को अंजाम दिया था। इनके द्वारा की गई गोलीबारी में एक महिला व पुरुष गंभीर घायल हो गए थे। मामले में गिरफ्तार सरगना घटना के से ही फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए नागौर पुलिस ने 25 हजार का इनाम घोषित कर रखा था।



### डकैती मामले में आठ साल से काट रहा था फरारी

**एडीजी** एमएन ने बताया कि एजीटीएफ लंबे समय से अपनी पहचान छुपाते हुए संगठित गिरोह के सरगना और सदस्यों के संबंध में आसूचना संकलन कर रही थी। बावरिया गिरोह का सरगना घनश्याम पिछले आठ सालों से पुलिस को चकमा देकर अलग-अलग स्थानों पर फरारी काट रहा था। आपराधिक गिरोहों के बारे में जानकारी जुटा रही टीम को इसके गांव में ही होने की पुख्ता सूचना मिली। इस पर स्थानीय पुलिस को साथ ले टीम ने गांव में दबिश देकर बड़ी मुश्किल से इस पर काबू पाया। जिसे राजस्थान लाकर टीम ने अग्रिम कार्रवाई के लिए गोठन पुलिस को सौंप दिया।

### एक दर्जन आपराधिक मुकदमे हैं दर्ज

**आरोपी** घनश्याम अन्तरराज्यीय बावरिया गिरोह का सरगना है, इसके विरुद्ध नागौर जिले के थाना गोठन, मेड़ता सिटी व बिहार के सीतामढ़ी जिले के विभिन्न स्थानों में लूट, डकैती, नकबजनी के अलावा हत्या का प्रयास और आर्म्स एक्ट के 11 मुकदमें दर्ज हैं। गोठन पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है, जिसमें फरारी के दौरान की गई वारदातों का खुलासा हो सकता है।

### रेकी के बाद रात को देते थे वारदात को अंजाम

**एडीजी** एमएन ने बताया कि एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने आपराधिक गिरोह, गैंगस्टर व वांछित अपराधियों की धर पकड़ के लिए अभियान चला रखा है। एडीजी ने बताया कि इनका गिरोह दिन में कपड़े बेचने के बहाने फेरी लगाकर मकान व दुकानों की रेकी कर चिन्हित करते हैं और रात के समय अवैध हथियारों के साथ धावा बोल वारदात को अंजाम देते हैं। विरोध करने पर ये फायरिंग कर डरा धमकाकर गंभीर तरीके से मारपीट किया करते हैं।

# बोरवेल में गिरा मासूम, 100 फीट की गहराई में फंसा

महानगर संवाददाता

**बाड़मेर।** जिले के गुड़ामालानी में बुधवार शाम चार साल का बच्चा



बोरवेल में गिर गया। सूचना पर पहुंचे प्रशासन और पुलिस की टीमों ने बच्चे को बोरवेल से निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। जानकारी के अनुसार अर्जुन की ढाणी निवासी पप्पू राम का इकलौता चार साल का बेटा नरेश घर के पास खेत में खेल रहा था। खेत में एक बोरवेल से दूसरे बोरवेल में मोटर शिफ्टिंग की जा रही थी। इस दौरान मासूम खेलते-खेलते करीब 150 फीट गहरे बोरवेल में गिर गया। बोरवेल में बच्चा करीब 100 फीट की गहराई पर फंस गया। जहां बच्चा गिरा है, वो पुराना बोरवेल है और उसमें पानी भरा हुआ है। प्रशासन और पुलिस ने जिला मुख्यालय से सिविल डिफेंस समेत अन्य रेस्क्यू टीमों को भी मौके पर बुलाया।

# पड़ोसियों ने युवक से की मारपीट गाली-गलौज कर दबाया गला

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शहर में पड़ोसियों के एक युवक से मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने गाली-गलौज कर मारने के लिए उसका गला तक दबा डाला। लोगों के बीच-बचाव करने पर युवक की जान बच पाई। इस पर पीड़ित ने आदर्श नगर थाने में आरोपी पड़ोसियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। एएसआई बलदेव ने बताया कि जनता कॉलोनी निवासी सुरेश अरोड़ा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि एक महिला के चीखने की आवाज सुनकर वह जाग गया और मामले को जानने के लिए मौके पर पहुंचा तो आरोपी पड़ोसी राम गोयल, मुकेश व गौरी शंकर ने उसे घेर लिया और बिना किसी बात के गाली-गलौज कर उसके साथ मारपीट करने लगे। आरोपियों ने जान से मारने के लिए गला दबाकर उसे नीचे गिरा दिया। सोसाइटी के अन्य लोगों के बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई।

# डिप्रेशन में ट्रेन की चपेट में आई युवती इंजन के पास फंसी

## ट्रेन को आगे-पीछे करके एक घंटे की मशक्कत के बाद निकाला शव

महानगर संवाददाता

**झुंझुनूं।** शहर के गुढ़ा रेलवे फाटक के नजदीक ट्रेन की चपेट में आने से एक युवती की मौत हो गई। ट्रेन चपेट में आकर युवती इंजन के पास फंस गई, जिससे काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। परिजनों के मुताबिक युवती डिप्रेशन में थी। वह अविवाहित थी और घर पर ही रहती थी। दरअसल मोनिका पुत्री सांवरमल गुढ़ा रेलवे फाटक के नजदीक ट्रेन की चपेट में आ गई। ट्रेन के लोको पायलट को जब यह अहसास हुआ कि ट्रेन ने नीचे कुछ आ गया है तो उसने ट्रेन रोक दी। गार्ड ने नीचे उतरकर देखा तो कुछ नजर नहीं आया। इसके बाद ट्रेन को थोड़ा पीछे लिया तो इंजन के पास युवती का शव फंसा हुआ दिखा। फिर ट्रेन थोड़ा आगे लेकर करीब पांच सौ मीटर पीछे लेने के बाद शव को बाहर निकाला जा सका। पुलिस ने बुधवार को मृतका का राजकीय बीडीके अस्पताल में



पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के मुताबिक मृतका शहर के वार्ड 23 खटिकों का मोहल्ला में रहती थी। वह गुढ़ा फाटक से पहले रेवाड़ी से सीकर जाने वाली ट्रेन के आगे आ गई थी, इससे उसकी मौत हो गई। शव बुरी तरह से इंजन के पास फंस गया था। काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया। इससे करीब एक घंटे तक ट्रेन रुकी रही। एएसआई ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि परिजनों ने रिपोर्ट में बताया कि युवती की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। मृतका अविवाहित थी और घर पर ही रहती थी। मोनिका के पिता मजदूरी करते हैं, जबकि मां गृहिणी है।

### बस ने बाइक सवार तीन युवकों को मारी टक्कर, एक की मौत

**भरतपुर (मसं.)।** डीग-भरतपुर रोड पर बुधवार दोपहर करीब एक बजे लोक परिवहन बस ने बाइक सवार 3 युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं दो युवक गंभीर घायल हो गए, जिन्हें भरतपुर रेफर किया गया है। तीनों युवक डीग से सामान लेकर अपने गांव बदनगढ़ जा रहे थे। डीग कोतवाली के एएसआई राजवीर सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे, जहां बाइक सवार शंकर निवासी बदनगढ़ की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गुलशन और नेहनू घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद डीग अस्पताल से उन्हें भरतपुर रेफर कर दिया गया। तीन युवक एक ही बाइक पर सवार थे। ये खेती-किसानी का काम करते हैं। मृतक शंकर की शादी तीन साल पहले हुई थी और उसके दो साल का बेटा है। मृतक शंकर खेती का काम करता था। मृतक के परिवार में 5 भाई-बहन है, जिनमें वह सबसे छोटा था। एएसआई राजवीर ने बताया कि पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है, बस चालक मौके से फरार हो गया, उसकी तलाश जारी है।

# शराब पार्टी के बाद प्रेमी ने ही की थी प्रेमिका की हत्या, गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** शहर में महिला की संदिग्ध मौत के मामले में नया मोड़ आया है। शराब पार्टी के बाद झगड़ा होने पर लिव-इन पार्टनर ने प्रेमिका का मुंह बंद कर गला दबाकर हत्या कर दी थी। मुंह से झाग निकलते देखकर उसने जहर खाने से मौत होने का ड्रामा किया था। गांधी नगर थाना पुलिस ने हत्यारे प्रेमी को अरेस्ट कर लिया है। एसएचओ गांधी नगर राजकुमार मीना ने बताया कि हत्या के मामले में आरोपी मनीष निरवान निवासी झालाना डूंगरी को अरेस्ट किया है।



वह घर के नीचे ही किराना की दुकान करता था। पिछले करीब 4 साल से बसवा दौसा निवासी कविता बैरवा के साथ लिव-इन-रिलेशनशिप में रह रहा था। कविता अपने पहले पति को छोड़ चुकी थी, उसके तीन बच्चे भी उसके साथ रहते थे। कविता और मनीष दोनों शराब पीने का शौक रखते थे। शराब पार्टी के दौरान पैसों की बात को लेकर दोनो में कहासुनी हो गई। झगड़ा बढ़कर मारपीट तक जा पहुंचा। गुस्से में आग बबूला हुए मनीष ने कविता का मुंह बंद कर गला दबाकर मार डाला। दम घुटने से कविता की मौत हो गई। हत्या के संदेह पर पुलिस ने आरोपी प्रेमी मनीष निरवान को राउंड अप किया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी मनीष ने प्रेमिका कविता की हत्या करना स्वीकार किया। इस पर पुलिस ने आरोपी मनीष को अरेस्ट कर लिया।

# मकान मालिक ने किया नाबालिग से रेप

**जयपुर (मसं.)।** मुहाना थाना इलाके में एक मकान मालिक के नाबालिग लड़की से रेप करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर आरोपी मकान मालिक ने नाबालिग किराएदार को धमकाया और शादी करने का दबाव बनाया। इस पर पीड़िता ने मुहाना थाने में आरोपी मकान मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच एसएचओ मुहाना मदनलाल कड़वासरा कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि मुहाना निवासी 17 साल की लड़की ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह परिवार के साथ किराए से रहती है। आरोप है कि आरोपी के मकान मालिक होने के कारण उससे बातचीत होती रहती थी। परिजनों के किसी काम से बाहर जाने पर आरोपी मकान मालिक आया और घर में अकेला पाकर आरोपी मकान मालिक ने उसके साथ जबरन रेप किया। विरोध करने पर आरोपी ने उसको धमकाया भी। धमकी देकर उससे शादी करने का दबाव बनाने लगा। पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वारदात

### बदबू आने पर लोगों ने पुलिस को दी सूचना, दो दिन से लापता था मृतक युवक, सिर-गर्दन पर मिले चोट के निशान

# दोस्त ने मर्डर कर अपने घर में बिस्तरों के नीचे छिपाया शव

महानगर संवाददाता

**बाड़मेर।** जिले के बायतु थाने के पनावड़ा गांव में दो दिन से घर से लापता युवक का शव उसके दोस्त के घर में बिस्तरों के नीचे दबा मिला। युवक के कपड़े खून से लथपथ हो रखे थे। शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी मिलने पर पुलिस, डीएसटी, एमओबी टीमें मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बायतु हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस ने मर्डर का अंदेशा



जताते हुए आरोपी दोस्त की तलाश शुरू कर दी है। ऐसा बताया जा रहा है कि मृतक उधारी के रुपए लेने के लिए आया था। इसके बाद अनबन होने पर उसने मर्डर कर दिया। हालांकि पुलिस पूरे मामले की बारीकी से जांच-पड़ताल की जा रही है। पुलिस के अनुसार पचपदरा थाने के जानियाना गांव निवासी तगाराम पुत्र वजाराम दो दिन पहले घर से निकला था। इसके बाद वापस घर नहीं लौटा था। परिजनों ने तगाराम की तलाश शुरू की, लेकिन वह मिला नहीं। पनावड़ा गांव में एक घर से बदबू आ रही थी। इस पर ग्रामीणों ने आसपास देखा, लेकिन कुछ नहीं मिला। इसके बाद बायतु पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने बंद पड़े घर के अंदर देखा तो बिस्तरों के नीचे एक युवक का शव मिला। उसकी जेब से आईडी देखी तो वह तगाराम का था। मौके पर एफएसएल, एमओबी, डीएसटी और बायतु डिप्टी पहुंचे और घटना स्थल से सबूत जुटाए।

### पैसों के लेनदेन को लेकर हत्या करने की आशंका

**डीएसपी** शिव नारायण चौधरी ने बताया कि घर में एक युवक का शव मिला। उसकी शिनाख्त तगाराम के रूप में हुई है। उसका पनावड़ा गांव निवासी सुरेश कुमार ने मर्डर कर अपने ही घर के बिस्तरों में युवक के शव को छुपा दिया। फिलहाल पुलिस ने बायतु हॉस्पिटल में बुधवार को पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मृतक के पिता व छोटा भाई हरियाणा में सत साहेब के आश्रम में होने से मौके पर नहीं पहुंच पाए। मृतक का दोस्त भी फिलहाल गायब बताया जा रहा है। ऐसे में प्रारंभिक तौर पर पैसों के लेनदेन को लेकर हत्या करने की आशंका जताई जा रही है, लेकिन परिजनों के पहुंचने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### फरार दोस्त को पकड़ने के प्रयास में जुटी पुलिस

**वहीं** पुलिस फरार दोस्त को पकड़ने के प्रयास में लगी हुई है। मृतक कमठा मजदूरी का काम करता है। कारीगर के साथ हेल्पर का काम करता है। फिलहाल पुलिस टीम जांच करन के साथ आरोपी की तलाश कर रही है। इसके बाद पुलिस टीम पूरे मामले का खुलासा करेगी।

facebook YouTube twitter
देश और दुनिया की बड़ी खबरें देखने के लिए स्कैन करें और महानगर टाइम्स को लाइक व सब्सक्राइब करें।


## स्वच्छ भारत जन चेतना रैली निकाली




महानगर संवाददाता

**चाकसू।** हिन्दुस्तान स्काउट गाइड जिला मुख्यालय जयपुर के तत्वावधान में उपखण्ड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटखावदा में बुधवार को स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य ब्लॉक क्षिक्षा अधिकारी मुकेश बेनीवाल रहे। कार्यक्रम अध्यक्षता प्रधानाचार्य बोदूलाल बेनीवाल ने की। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली कस्बे के विभिन्न गली मोहल्लों से होते हुए गुजरी छोटा बास स्थित हनुमान जी मन्दिर पहुंची, जहां मन्दिर परिसर की सफाई की गई।

जागरूकता रैली के माध्यम से स्थानीय निवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। रैली में जिला ऑर्गेनाइजर राजेन्द्र चौधरी, ब्लॉक सचिव विजय कुमार, स्काउट प्रभारी रामजीलाल बैरवा, भागचंद बैरवा, राजकुमार चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## हाई टेंशन तार बने पक्षियों की कब्रगाह



### राष्ट्रीय पक्षी मोर व प्रवासी स्टेपी ईगल की हुई मौत

महानगर संवाददाता

**जैसलमेर।** फतेहगढ़ तहसील के देगराय ओरण में ऊर्जा कंपनियों की बिजली हाइटेंशन लाइनों से टकराकर राष्ट्रीय पक्षी मोर और एक प्रवासी स्टेपी ईगल की मौत हो गई। दोनों पक्षियों की मौत से पक्षी प्रेमियों में खासा रोष है। पर्यावरण प्रेमी सुमेर सिंह सांवता ने इलाके से गुजर रही हाइटेंशन लाइनों को भूमिगत करने की मांग की है।

सुमेर सिंह ने बताया कि देगराय ओरण इलाके में इन दिनों प्रवासी पक्षियों के आने का सिलसिला लगातार जारी है। ऐसे में इस इलाके से गुजर रही हाइटेंशन लाइनों से टकराकर पक्षियों के मरने का सिलसिला हर साल की तरह इस साल भी लगातार जारी है।

फतेहगढ़ के देगराय ओरण इलाके में मंगलवार को प्रवासी पक्षी स्टेपी ईगल व राष्ट्रीय पक्षी मोर की मृत्यु हो गई, जिसकी जानकारी ओरण में मौजूद पशुपालकों ने पर्यावरण प्रेमी सुमेर सिंह सांवता को प्रदान की। पर्यावरण प्रेमियों द्वारा हाइटेंशन लाइनों को भूमिगत करने की मांग को भी प्रशासन अनदेखा कर रहा है। ऐसे में पर्यावरण प्रेमियों में काफी रोष है।

## शक्ति निवास में जारी श्रीमद्भगवद् कथा का समापन, निकली शोभायात्रा



महानगर संवाददाता

**सुजानगढ़।** नलिया बास के शक्ति निवास में तंवर परिवार की ओर से चल रही श्रीमद्भगवद कथा का बुधवार को समापन हुआ। अन्तिम दिन की कथा में भगवान कृष्ण व रुक्मणि के विवाह के प्रसंग पर श्रद्धालु झूम उठे।

व्यासपीठ पर कथा का वाचन करते हुए कथावाचक कानपुरी महाराज ने भगवान दत्तात्रेय के 24 गुरुओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भगवान दत्तात्रेय ने एक सामान्य कीट से लेकर हाथी और पृथ्वी से लेकर आकाश तक गुरु माने और इनसे शिक्षा ग्रहण की। उन्होंने कहा कि जीवन में कहीं भी हमें अच्छा सीखने को मिले, वह सीखने का प्रयत्न करना चाहिए। कथा के समापन के बाद आयोजक मदनलाल तंवर सपत्नीक भागवतजी को शोभायात्रा के साथ वापस बालाजी मन्दिर लेकर गए। शोभायात्रा में सैकड़ों महिलाओं में भाग लिया। इससे पहले मंगलवार को यजमान परिवार की ओर से एक लाख ग्यारह सौ रुपए गौशाला में दान किए गए। कथा स्थल पर बुधवार की रात जागरण हुआ। गुरुवार को हवन पूजा के कार्यक्रम होंगे। बुधवार की कथा में बुद्धिप्रकाश सोनी, भागीरथ करवा, सुभाष पारीक, बनवारी खीचड़, नंदलाल शर्मा, बालचन्द तंवर, लिखमीचंद तंवर, शंकरलाल शर्मा, सूरजमल तंवर, विमल कुमार मारोठिया, सुनील तंवर, डालमचंद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कथा के दौरान रजनीश, जगदीश, नितिन, कुलदीप, पारस, मोहित, भवानी, तरुण, लक्षित, दुर्गेश, राज सहित युवा कार्यकर्ताओं ने अपनी सेवाएं दी।

राज्य महिला आयोग अध्यक्ष ने सर्किट हाउस में की जनसुनवाई

# आयोग पीड़िताओं को राहत दिलाने के लिए तत्परः रेहाना चिश्ती

महानगर संवाददाता



**सवाई माधोपुर।** पीड़ित महिलाओं को उनके घर के नजदीक न्याय दिलाने एवं उनकी समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष (राज्यमंत्री) रेहाना रियाज चिश्ती ने बुधवार को सर्किट हाउस सवाई माधोपुर में जनसुनवाई की।

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि राज्य की महिलाओं को अपनी समस्याओं एवं पीड़ाओं के निदान के लिए अनावश्यक आर्थिक परेशानी ना हो, उनका समय बचे, इस उद्देश्य से आयोग ने स्वयं सवाई माधोपुर आकर उनकी समस्याओं को सुना एवं जिन समस्याओं का मौके पर निराकरण हो सकता था, उनका निराकरण करने का प्रयास किया है। उन्होंने बताया कि आयोग ने यहां 35 प्रकरणों की सुनवाई की है, जिसमें घरेलु हिंसा, मारपीट, बिजली के बिल, राशन कार्ड में नाम दर्ज करवाने, बच्चों से नहीं मिलने देने, पति द्वारा त्याग दिए जाने जैसे प्रकरण सामने आए हैं, जिनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारी को दिए है।

उन्होंने कहा कि जिलों में जाकर आयोग का जनसुनवाई करने से अधिकतर प्रकरणों का तत्काल ही मौके पर निराकरण संबंधित विभागीय अधिकारियों के जनसुनवाई में उपस्थित होने के कारण हो जाता है। आयोग ने उनके कार्यकाल में अब तक करीब 10 हजार प्रकरणों की सुनवाई की है, जिसमें करीब 8 हजार प्रकरणों का अब तक निस्तारण कर दिया गया है। उन्होंने पीड़ित महिलाओं से कहा है कि वे बिना किसी भय-संशय के निर्भीक होकर आयोग के सामने अपनी पीड़ा एवं समस्याओं को रखेंगी तो आयोग पीड़िताओं को राहत दिलाने के लिए तत्परता से कार्य कर उनके जीवन को सुखद एवं आनंदमय बनाने में आयोग उनका सहयोग करेगा।

इस दौरान राज्य महिला आयोग सदस्य सुमित्रा जैन, अंजना मेघवाल, रजिस्ट्रार सह-विशेषाधिकारी बृज माधुरी शर्मा, सदस्य सचिव राज्य महिला आयोग विरेन्द्र सिंह यादव, एसडीएम सवाई माधोपुर अनूप सिंह, उप निदेशक महिला अधिकारिता विभाग अमित गुप्ता, जिला रसद अधिकारी बनवारी लाल शर्मा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

### 'सोशल मीडिया सकारात्मक वातावरण बनाए'

उन्होंने प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोबाइल एवं सोशल मीडिया का उपयोग पारिवारिक संबंध विच्छेद कराने में अति महत्वपूर्ण कारण वर्तमान में सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया सकारात्मक वातावरण बनाने में अपनी भूमिका अदा करें ना कि पारिवारिक संबंधों को खराब करने में। वहीं उन्होंने मोबाइल फोन का उपयोग विवेकपूर्ण तरीके से करने की हिदायत भी सभी को दी है। उन्होंने बताया कि महिला आयोग सामाजिक समरसता एवं पारिवारिक संबंधों को प्रगाढ़ करने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि आयोग किसी के साथ भी अन्याय नहीं होने देता है, कोई भी निर्णय एक तरफा नहीं लेता है। पूरी जांच एवं पारदर्शिता तथा दूसरे पक्ष को समान रूप से सुनकर ही अपना निर्णय लेता है।

मरु उड़ान का पांचवां ब्लॉक स्तरीय संवाद कार्यक्रम गडरारोड में आयोजित

# 'बॉर्डर एरिया की महिलाओं की समस्याएं अलग, समाधान का करेंगे प्रयास'

### कलेक्टर को अपने बीच पाकर महिलाएं हुईं गदगद, सेल्फी लेने की मची होड़

महानगर संवाददाता



**बाड़मेर।** जिला कलक्टर टीना डाबी बुधवार को गडरारोड़ के पंचायत समिति परिसर में आयोजित मरु उड़ान के पांचवे ब्लॉक स्तरीय संवाद कार्यक्रम में पहुंची। यहां उन्होंने महिलाओं से व्यक्तिगत संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने उनकी समस्याओं के समाधान के लिए उन्हें आश्वस्त किया। महिलाएं भी जिला कलेक्टर डाबी को अपने बीच पाकर काफी खुश हुईं।

जिला कलेक्टर टीना डाबी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा महिला सशक्तिकरण की दिशा में गंभीरता से प्रयास कर रहे हैं। उनके विजन से प्रेरित होकर ही हमने यह मरु उड़ान कार्यक्रम शुरू किया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम ब्लॉक स्तरीय संवाद कार्यक्रम के तहत ही गडरारोड में आयोजित किया गया है। इसका उद्देश्य किशोरी एवं महिलाओं के साथ खुले एवं मैत्रीपूर्ण माहौल में स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल एवं आत्मविश्वास के अनछुए पहलुओं पर सामूहिक चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं, जिज्ञासा एवं संभव उपायों के बारे में बताना है। इसके साथ ही उनके कौशल को परखते हुए रोजगार के अवसर के बारे में परामर्श दिया गया है। उन्होंने महिलाओं से कहा कि आप हमारी ब्रांड एम्बेसडर हैं, जो आप यहां से सीख कर जा रही हैं, वह अपने आस-पास और परिचितों को जरूर बताएं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम मूलतः आपको मानसिक, शारीरिक, वित्तीय रूप से सशक्त करने के लिए ही आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यहां आकर पता चला कि बॉर्डर एरिया की महिलाओं की समस्याएं अलग हैं। आज जब महिलाओं से संवाद किया, तो उनसे रूबरू होने का अवसर मिला। मैं इनकी समस्याओं के समाधान का पूरा प्रयास करूंगी। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर टीना डाबी ने सभी सत्रों को अटेंड किया तथा महिलाओं से बातचीत की।

### प्रशिक्षण और मार्केटिंग के किए जाएंगे प्रयास

जिला कलक्टर ने बताया कि गडरारोड में उनको महिलाओं के कपड़ों की कसीदाकारी के कार्य के बारे में बताया गया है। इस पर राजीविका के माध्यम से कसीदाकारी के प्रशिक्षण के प्रयास किए जाएंगे और यहां की स्थानीय महिलाओं को उनके उत्पाद की सही कीमत मिल सके। इसके लिए मार्केटिंग के क्षेत्र में नई संभावनाएं तलाश की जाएंगी।

### कॅरियर और वित्तीय प्रबंधन पर चर्चा

इस संवाद कार्यक्रम में चार सत्र आयोजित किए गए। इनमें महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य (अनमोल जीवन) पर डॉ. ओ.पी. डूडी, इन्दू तोमर, शारीरिक स्वास्थ्य पर डॉ. अकिता, सरकारी योजनाओं पर डॉ. लक्ष्मी चौधरी, और व्यावसायिक कौशल पर राजीविका के दिनेश सेन ने विचार विमर्श किया।

### महिलाओं की हुई निशुल्क स्वास्थ्य जांच

गडरारोड में आयोजित मरु उड़ान के इस शिविर में 170 से अधिक महिलाओं की निशुल्क स्वास्थ्य जांच हुई और उनकी रिपोर्ट भी हाथों हाथ दी गई। इसके साथ ही महिलाओं को स्वास्थ्य जांच के आधार पर उन्हें परामर्श भी प्रदान किया गया।

जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में बोले नवलगढ़ विधायक..

# विकास कार्य कराने के लिए पीछे नही हटूंगा: विक्रम सिंह



महानगर संवाददाता

**नवलगढ़।** विधायक विक्रम सिंह जाखल ने कहा कि क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों को देखकर विपक्ष के लोग बचैन हो रहे हैं। मुझे मेरे विधानसभा क्षेत्र का विकास कराने के लिए किसी भी नेता के पैर पकड़ने पड़े, तो भी पीछे नही हटूंगा। मुझे काम करवाने आते हैं, चाहे सरकार भाजपा की हो या फिर अन्य किसी दल की।

नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल ने यह बात निकटवर्ती धार्मिक तीर्थ स्थल किरोड़ी रोड के डाबला जोहड़ा पर आयोजित कार्यक्रण को सम्बोधित करते हुए कही। जाखल ने कहा कि मैं जन्मदिन के आयोजन पर विश्वास कम करता हूं, फिर भी संतों के आर्शीवाद से जन्मदिन पर कार्यक्रम रखा है। जाखल ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में क्षेत्र की जनता अपनी उपस्थिति दर्ज कराती है, तो मुझे विकास के कार्य करवाने में अधिक बल ओर शक्ति मिलती है। इससे पहले ग्रामीणों की ओर से विधायक विक्रम सिंह जाखल को मंत्रोच्चार के साथ बालाजी महाराज की पूजा अर्चना करवाकर माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा युवा नेता धन्नाराम सैनी, भाजपा नेता ख्यालीराम गुर्जर, बागोरियां की ढाणी सरपंच राजेन्द्र सैनी, विष्णू फौजी, पुरुषोतम स्वामी, गोपाल गुर्जर, रोहिताश गुर्जर, खेमचंद स्वामी, सुभाष सैनी, रोहिताश स्वामी, मनोज स्वामी फौजी, राकेश स्वामी, गोपाल स्वामी सहित सैकड़ों महिला व पुरुष मौजूद रहे।

### गोमाता की पूजा-अर्चना कर मनाया विधायक का जन्मदिन



**नवलगढ़।** विधायक विक्रमसिंह जाखल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सरपंच राजेंद्र सैनी के नेतृत्व में भृगु ऋषि गोशाला गोल्याना बागोरिया की ढाणी में गोमाता की स्वामणी व गोमाता की पूजा-अर्चना की गई और नवलगढ़ में सुख समृद्धि व विधायक की लम्बी उम्र की कामना की। समस्त ग्रामवासी व कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड से गोशाला तक, गोमाता के जयकारों के साथ पैदल मार्च निकाला इस मौके पर गोशाला के महंत, देवीपुरा सरपंच रजनीश पूनिया, देवगांव सरपंच ताराचंद भाटी, रामपुरा सरपंच प्रतिनिधि प्रहलाद वर्मा, बाबूलाल चिराना, शीशराम पहाड़िला, श्रीराम जांगिड़, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष विनोद पारिक, भाजपा मंडल अध्यक्ष किशन गुर्जर आदि लोग मौजूद रहे।

## देवन में पदस्थापित पटवारी के निलबंन आदेश को किया अपास्त

महानगर संवाददाता

**शाहपुरा।** उपखंड के देवन गांव में पदस्थापित पटवारी राजेंद्र कुमार रणवां के निलंबन आदेश को राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण (रेट) ने अपास्त कर दिया है। याचिकाकर्ता राजेंद्र कुमार रणवां के अधिवक्ता संदीप कलवानिया ने बताया कि प्रार्थी पटवार मंडल देवन में पटवारी के पद पर कार्यरत है। जिला कलेक्टर ने 30 सितंबर 2024 को आदेश जारी प्रार्थी को निलंबित कर दिया और उसे देवन से तहसील मुख्यालय जालसू में लगा दिया गया। अधिवक्ता कलवानिया ने दलील दी कि जिला कलेक्टर ने प्रार्थी को नियम विरुद्ध निलंबित किया है, जबकि प्रार्थी की सेवाएं संतोषप्रद है। इसके बावजूद प्रार्थी को नियमों के विपरीत जाकर निलबिंत किया गया है। इसलिए निलंबन आदेश अनुचित एवं अवैध है। लिहाजा निलंबन आदेश को निरस्त किया जाए। इस पर अधिकरण के चेयरमैन विकास सीताराम भाले एवं सदस्य शुचि शर्मा ने जिला कलेक्टर की ओर से जारी निलंबन आदेश को नियम विरुद्ध मानते हुए अपास्त कर प्रार्थी को राहत दी है।

## खेल मैदान से हटाया अतिक्रमण

महानगर संवाददाता



**श्रीमाधोपुर।** तहसीलदार श्रीमाधोपुर जगदीश प्रसाद बैरवा के नेतृत्व में राजस्व टीम द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, चीपलाटा के खेल मैदान खसरा नंबर 298/4 को जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण मुक्त करा कब्जा विद्यालय प्रशासन को सुपुर्द किया गया।

गौरतलब है कि राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय चीपलाटा में विद्यालय को खेल मैदान के लिए वर्ष 2017 में भूमि आवंटित की थी, परंतु बजट अभाव में चारदीवारी नहीं होने से ग्रामीणों ने खेल मैदान की सीमा पर कच्चे-पक्के अतिक्रमण कर लिए थे। संस्था प्रधान के नोटिस के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाने पर चीपलाटा रात्रि चौपाल में संस्था प्रधान तुलसीराम कुलदीप द्वारा जिला कलेक्टर नीमकाथाना को परिवाद प्रस्तुत कर अतिक्रमण हटाने की गुहार की गई थी। इस पर मिले निर्देशों की पालना में तहसीलदार श्रीमाधोपुर जगदीश प्रसाद बैरवा, पटवारी हल्का चीपलाटा अशोक वर्मा व भू-अभिलेख निरीक्षक जयप्रकाश मिठारवाल की संयुक्त टीम द्वारा मौके से अतिक्रमण हटाकर कब्जा विद्यालय प्रशासन को सुपुर्द कर चारदीवारी निर्माण कार्य शुरू करवाया गया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 22 दिसम्बर को



### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

महानगर संवाददाता

**सवाई माधोपुर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव समीक्षा गौतम की अध्यक्षता में बुधवार को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जिले के सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने बताया कि कार्यकारी अध्यक्ष राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार समस्त अधीनस्थ न्यायालयों, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों एवं तालुका विधिक सेवा समितियो पर आयोजित होने वाली इस वर्ष की चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन अब 14 दिसम्बर के स्थान पर 22 दिसम्बर को किया जाना प्रस्तावित है। सचिव समीक्षा गौतम द्वारा बैठक में उपस्थित सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 22 दिसम्बर में विभिन्न न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य एवं प्री-लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों के आपसी समझाइश एवं राजीनामा के माध्यम से निस्तारण के लिए उन्हें अधिकाधिक राष्ट्रीय लोक अदालत में रैफर करवाने के लिए निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक में नगर परिषद से आयुक्त पंकज कुमार मीणा एवं कनिष्ठ विधि अधिकारी सुनील कुमार नरवाल, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग से सहायक अभियंता विशु शर्मा, नगर विकास न्यास से सहायक अभियंता परमेश्वर जैलिया, आलोक उज्जवल एवं पैनल एडवोकेट अब्दुल हासिब उपस्थित रहे।

रक्तदान शिविर | शिविर में युवाओं ने किया 97 यूनिट रक्तदान

# 'नियमित रूप से करें रक्तदान, आयरन की मात्रा रहेगी नियंत्रित'

महानगर संवाददाता



**राजावास।** अजमेर-दिल्ली हाइवे स्थित एलआर फिजियोथेरेपी सेंटर लोहा मंडी फॉर सी में बुधवार को चतुर्थ रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि पापड़ वाले हनुमान जी मंदिर के महंत रामसेवकदास महाराज रहे। शिविर का आयोजन सुबह 9 से 4 बजे तक हुआ। शिविर में युवाओं ने 97 यूनिट रक्तदान किया।

एलआर फिजियोथेरेपी सेंटर के डॉ. दिनेश सामोता ने बताया कि रक्तदान करने से दिल की सेहत में सुधार के साथ ही, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम किया जा सकता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है, जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। रक्तदान के बाद रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र दिया गया। इस मौके पर डॉ. कौशिकी चतुर्वेदी, अमित मीणा, श्योजी चौधरी, कुंदन सैनी, सुनील चौधरी, सहित अस्पताल का स्टाफ मौजूद रहा।

## जगदीश एवं कैलाश महरिया की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित




**सीकर (मसं)।** पूर्व सरपंच एवं पार्षद रहे जगदीश महरिया एवं उनकी पत्नी कैलाश महरिया की स्मृति में बुधवार को रामदेव सिंह महरिया मार्ग स्थित ओमेगा किड्स स्कूल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर संयोजक महिपाल महरिया एवं ब्लड मोटिवेटर बीएल मील ने बताया कि शिविर का शुभारंभ पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, पूर्व विधायक नंदकिशोर महरिया, भूमि विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष चिरंजी लाल महरिया, रणधीर महरिया ने जगदीश महरिया एवं कैलाश महरिया के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में भूमि विकास बैंक अध्यक्ष कैलाश शर्मा, दौलतपुरा सरपंच दिनेश आर्य, अशफाक कायमखानी, प्रो. गजेंद्र महरिया, बृजमोहन सुंडा, राहुल बाजिया, श्री कल्याण राजकीय मेडिकल कॉलेज लैब अधीक्षक सत्येंद्र कुड़ी, सचिन महरिया, डॉ. जितेंद्र सिंह खीचड़, नंदलाल मील, हरीश जाखड़, ओमेगा किड्स स्कूल डायरेक्टर पूजा महरिया, पार्षद अब्दुल रज्जाक पंवार, मदनप्रकाश मावलिया, अनिल मील, प्रधानाचार्या अनिता आर्य, मनीष आर्य, डॉ. उमेश धायल, डॉ. मनीषा सहित जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोगों ने शिरकत कर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। शिविर में 102 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ।

# छोटीकाशी के विद्वानों ने उठाई सनातन बोर्ड की मांग



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** देश की राजधानी में आयोजित सनातन धर्म संसद में जयपुर के अनेक विद्वानों ने प्रतिनिधित्व करते हुए सनातन बोर्ड की स्थापना की मांग की। जयपुर के आचार्य राजानन्द शास्त्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिषद संवर्धन परिषद के चेयरमैन राहुल द्विवेदी, अभय दास महाराज ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए अपनी बात रखी।

सनातन बोर्ड की स्थापना को लेकर कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि सनातन धर्म संसद का आयोजन दिल्ली में किया गया। इसमें अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रविंद्रपुरी महाराज, द्वारकापीठ शंकराचार्य सीहोर के प्रदीप मिश्रा, हनुमानगढ़ी के मंहत राजूदास महाराज, टी राजा सहित अनेक धर्माचार्य उपस्थित रहे। डॉ. आचार्य राजानन्द शास्त्री ने बताया कि वर्तमान समय में सनातन बोर्ड की अत्यन्त आवश्यकता है। धर्म संसद में शास्त्रों-वैदिक कार्यो का निर्वहन, सनातन संस्कृति की सुरक्षा, संतों की सुरक्षा, मंदिरों में आने वाले सनातनियों के दान दक्षिणा की सुरक्षा विचार विमर्श किया गया। सनातन बोर्ड किसी को डराने धमकाने या किसी की जमीन हड़पने, गर्दन रेतने के लिए नहीं है। किसी को बांटने के लिए नहीं है। यह हमारे स्वयं के अधिकारों की सुरक्षा के लिए होगा।

हिन्दू हैं हम हिन्दुस्तान हमारा है इस कथन को सार्थक करते हुए हमारे शास्त्र अधिकारों की सुरक्षा के लिए हैं। देवकीनंदन ठाकुर का श्री रामलला अयोध्याजी सेवा समिति की ओर से चांदी की गदा भेंट कर सनातन सुरक्षा का संदेश दिया।

## श्रद्धालु गोविंददेवजी मंदिर में कर सकेंगे 101 अरब राम नाम की परिक्रमा

# राम नाम की लूट है लूट सके तो लूट...

### मंदिर के सत्संग भवन में तीन से 15 दिसंबर तक आयोजित राम नाम महामंत्रों की परिक्रमा महोत्सव का शुभारंभ

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** आराध्य गोविंददेवजी मंदिर में भक्तों को हस्तलिखित 101 अरब से अधिक राम नाम महामंत्रों की परिक्रमा करने का सौभाग्य मिलेगा। गोविंददेवजी मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि मार्गशीर्ष माह में प्रद्युम्न कुमार गोस्वामी की स्मृति में राम नाम महामंत्र परिक्रमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। अधिक से अधिक लोगों को परिक्रमा करने का लाभ उठाना चाहिए। मंदिर के सत्संग भवन में तीन दिसंबर से 15 दिसंबर तक आयोजित राम नाम महामंत्रों की परिक्रमा महोत्सव का शुभारंभ मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी राम दरबार और गोविंद देवजी की पूजा-अर्चना कर करेंगे। सत्संग भवन में सुबह पांच बजे से शाम 7 बजे तक श्रद्धालु राम नाम पुस्तिकाओं की परिक्रमा कर सकेंगे।



### मिलता है ब्रह्मांड की परिक्रमा का लाभ

ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि प्राचीन धर्म ग्रंथों में राम नाम को तारक मंत्र कहा है। यह लोक-परलोक दोनों को तारता राम नाम की परिक्रमा ब्रह्मांड की परिक्रमा समान है। राम नाम के लेखन और उच्चारण मात्र से मन को विशेष शांति की अनुभूति मिलती है। युवा पीढ़ी धर्म और संस्कृति से जुड़कर राम नाम का गुणगान करें।

### 2005 में हुई शुरुआत

| | |
|---|---|
| पहला – 2005 | छठा – 2019 |
| दूसरा – 2007 | 7वां – 2021 |
| तीसरा – 2012 | 8ठवां – 2022 |
| चौथा – 2017 | 9वां – 2023 |
| पांचवां – 2018 | 10 वां-2024 |

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का महत्व तकनीक के दौर में युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है।

### इन शहरों में हो चुका है आयोजन

सन् 1987 में मानव मंगल सेवा न्यास, राम नाम धन संग्रह बैंक, अजमेर के सहयोग से यह आयोजन शुरू किया गया है। संस्थापक बाल कृष्ण पुरोहित ने बताया कि राम नाम धन संग्रह बैंक में 101 अरब से ज्यादा हस्तलिखित राम नाम महामंत्र संग्रह है। राम नाम लिखने वाले भक्तों द्वारा जमा पुस्तकों का रेकॉर्ड भी रखा जाता है। राम नाम धन संग्रह बैंक के देशभर में 60 हजार से अधिक स्थाई सदस्य हैं। इस बार राम नाम लिखने के लिए 15 हजार से अधिक पुस्तकें वितरित की जाएगी। हर सदस्य को 84 लाख बार राम नाम लिखने का संकल्प लेना होगा। अजमेर, उदयपुर, नाथद्वारा, भीलवाड़ा, झांसी, अहमदाबाद सहित अन्य शहरों में परिक्रमा महोत्सव का आयोजन हो चुका है।

महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने बताया कि राम नाम की परिक्रमा ब्रह्मांड में स्थित समस्त तीर्थों का पुण्य प्रदान करती है।

जयपुर में 10वीं बार राम नाम परिक्रमा का आयोजन किया जा रहा है। राम नाम बैंक अजमेर की ओर से कई गाड़ियों से हस्त लिखित राम नाम महामंत्र की पुस्तिकाएं गोविंददेवजी मंदिर के सत्संग भवन में व्यवस्थित रूप से रखी जाएंगी। जयपुर में सबसे पहले 2005 में यह आयोजन शुरू हुआ। तब राम नाम बैंक में 17 अरब हस्तलिखित राम नाम महामंत्र ही थे, जो अब बढ़कर 101 अरब राम नाम महामंत्र का संग्रह हो गया है।

### जयपुर में 10वीं बार आयोजन

जयपुर में इस बार 10वीं बार राम नाम परिक्रमा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। राजधानी में सबसे पहले 2005 में यह आयोजन शुरू हुआ। तब इस बैंक में 17 अरब हस्तलिखित राम नाम महामंत्र ही थे, जो अब बढ़कर 100 अरब राम नाम महामंत्र का संग्रह हो गया है।

# 'आरक्षण एक धार्मिक विषय नहीं, संवैधानिक है'



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान ने तुलसी पीठाधीश्वर रामभद्राचार्य के पिछले दिनों विद्याधरनगर स्टेडियम में आयोजित राम कथा में जातिगत आरक्षण को समाप्त करने के वक्तव्य पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है।

डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान के अध्यक्ष जसवंत संपत राम, महासचिव जीएल वर्मा, कपिल मुनि, जेपी विमल और रामेश्वर सेवार्थी ने सामूहिक रूप से कहा कि रामभद्राचार्य की ओर से सरकारी सेवाओं में जातिगत आरक्षण समाप्त करने की मांग पूरी तरह से गलत है और हम उसका विरोध करते हैं।

आरक्षण एक धार्मिक विषय नहीं है। जाति आधारित संवैधानिक आरक्षण इन वर्गों पर सदियों से किए गए अत्याचारों को समाप्त करने, इन वर्गों को मुख्य धारा में लाने, उचित प्रतिनिधित्व देने, स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान हुए विभिन्न समझौतों आदि के कारण दिया हुआ है, जिसे सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी सही ठहराया जा चुका है।

### इन्होंने भी किया विरोध

जसवंत संपतराम, अनिल गोठवाल, एचआर परमार, पीएन बुटोलिया, साध्वी रतनी बाई, उर्मिला वर्मा, जीएल वर्मा, शिव शंकर छत्रपति और लक्ष्मी नारायण वर्मा सहित कई पदाधिकारियों ने भी विरोध जताया।

## श्री दिगंबर जैन मंदिर वरुण पथ मानसरोवरः पिच्छिका परिवर्तन समारोह के पोस्टर का किया विमोचन

# शशांक सागर महाराज के सान्निध्य में पद्मप्रभु भगवान की जिन प्रतिमा विराजमान

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** श्री दिगंबर जैन मंदिर वरुण पथ मानसरोवर जयपुर में विराजमान आचार्य शशांक सागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में बुधवार को याग मंडल विधान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पद्मप्रभु भगवान की नवीन जिन प्रतिमा को कमल शुद्धि करके विराजमान किया गया। जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने बताया कि इस अवसर पर पुण्यार्जक परिवार पूनम चंद, उमेश, नितेश आंधीका परिवार एवं अजय जैन मौजमाबाद का समाज समिति के अध्यक्ष एमपी जैन, कोषाध्यक्ष कैलाश सेठी द्वारा स्वागत अभिनंदन किया।

प्रचार संयोजक विनेश सोगानी ने बताया कि प्रतिष्ठाचार्य प्रद्युम्न शास्त्री के निर्देशन में विभिन्न मंत्रोच्चारणों द्वारा भगवान पद्मप्रभु को बेदी पर विराजमान कर पूर्ण विधि विधान से अभिषेक एवं शांति धारा करने के पश्चात कमल शुद्धि करके विराजमान किया गया।



इस अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को आशीर्वाद देते हुए शशांक सागर महाराज ने कहा कि प्रतिमा को विराजमान करना साधारण व्यक्ति का काम नही है। जिस व्यक्ति या परिवार ने अपने जीवन में अधिक से अधिक पुण्य का संचय किया हो उसे ही यह सौभाग्य प्राप्त होता है। इसलिए बन्धुओं हमें इस परिवार द्वारा किए गए कार्य की अनुमोदना करनी चाहिए और यह मानसरोवर के समस्त परिवारों का पुण्य है। मूल नायक भगवान महावीर का अतिशय है कि अल्प समय में ही हमने हमारी समस्या का समाधान कर लिया। उपाध्यक्ष राजेंद्र सोनी ने बताया कि 24 नवंबर को होने वाले शशांक सागर महाराज के पिच्छिका परिवर्तन समारोह के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। विमोचन कर्ता के रूप में युवा समाजसेवी राजेंद्र जैन मोजमाबाद, समाज की वरिष्ठ सदस्य भंवरी देवी काला, अध्यक्ष एमपी जैन, कार्यक्रम संयोजक विनेश सोगानी, प्रतिष्ठाचार्य प्रद्युम्न शास्त्री, मनीष गोधा द्वारा गुरुदेव के सान्निध्य में पोस्टर का विमोचन कराया गया।

# डॉ. एम.पी.के. होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज को मिली ए प्लस रेटिंग

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राष्ट्रीय होम्योपैथिक आयोग नई दिल्ली के होम्योपैथी के लिए चिकित्सा मूल्यांकन और रेटिंग बोर्ड द्वारा देश भर के होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेजों के विभिन्न मानकों पर कराए गए मूल्यांकन में होम्योपैथी विश्वविद्यालय के संगठक कॉलेज डॉ. एम.पी.के. होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, अस्पताल, रिसर्च सेंटर जयपुर, को ए प्लस रेटिंग प्राप्त हुई है। कॉलेज एवं होम्योपैथी विश्वविद्यालय की संचालन समिति के अध्यक्ष डॉ. मनोज राजोरिया ने बताया कि डॉ. एम.पी.के. होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज राजस्थान का एकमात्र होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज है जिसे ए प्लस रेटिंग मिली है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. श्रीमोहन शर्मा ने बताया कि शिक्षण की गुणवत्ता, विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर, मानव संसाधन, पुस्तकालय, कॉलेज, अस्पताल भवन की स्थिति, अस्पताल में रोगियों के लिए उपलब्ध सुविधाएं आदि मानकों पर खरा उतरने पर यह उपलब्धि हासिल हुई है।

# श्री राम जानकी विवाह महोत्सव सलोना बन्ना राजकुंवर वारी जाऊं...



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** चांदपोल स्थित मंदिर श्री रामचन्द्र जी में महंत नरेंद्र तिवाड़ी के सान्निध्य में मनाए जा रहे श्री राम जानकी विवाह महोत्सव में बुधवार को श्रीरामजी ने जनकजी के महल पर तोरण मारा। तोरण के समय बड़ी संख्या में भक्त मौजूद थे। वरमाला के बाद दशरथ ने मोती वर्षा करवाई। हाथ में धनुष, कमर पर तलवार कसे,रत्न आभूषण जड़ित पोशाक, सोने-चांदी के जेवर पहने हुए दूल्हा सरकार जब जनकपुर में अपनी बारात ले कर निकले तो उनकी शोभा देखकर स्वर्ग से देवता भी पृथ्वी पर आ गए। घोड़ी के आगे हीरे-मोती, पुष्प बरसाते हुए नगरवासी उनको मंडप तक लेकर आए

तोरण मारते ही ढोल-शहनाई बजने लगे। मंदिर प्रांगण में वास्तव में जनकपुर का सा माहौल हो गया। सब लोग जय श्री सीताराम के जयघोष लगाने लगे। सलोना बन्ना राजकुंवर वारी जाऊं...,राजा जनक जी री पोल सुंदर सांवरा बन्ना..., दो गोरा दो सांवला दो रुप राघव..., ओ राज थाकां पग पग नेवर बजे..., बना सा थाकी घोड़ी नाचे जी...जैसे पदों का गायन किया गया।

शाम को नेगचार शुरू हुए। परिधन, धान कुटाई, कन्या निरीक्षण, भावरी हुई।

# गुरु पुष्य नक्षत्र में होगा मोतीडूंगरी गणेशजी का पंचामृत अभिषेक

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** गुरु पुष्य नक्षत्र में गुरुवार को मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में सुबह आठ बजे भगवान गणेश जी महाराज का 151 किलो दूध, 11 किलो दही, 24 घी, 11 किलो बूरा, शहद एवं केवड़ा जल, गुलाब जल, केवड़ा इत्र एवं गुलाब इत्र से अभिषेक किया जाएगा। सर्वप्रथम भगवान का गंगाजल, केवड़ा जल, गुलाब जल से अभिषेक होगा। पंचामृत अभिषेक के बाद गंगाजल से शुद्ध स्नान होगा। 11 बजे भगवान श्री गणपति सहस्त्रनाम से 1001 मोदक अर्पित होंगे। पूजन के बाद रक्षा सूत्र एवं स्वास्थ्य के लिए हल्दी का प्रसाद वितरण होगा। शाम 4 बजे भगवान श्री गणेशजी महाराज फूल बंगले में विराजमान होंगे। नवीन पोशाक धारण करेंगे। भगवान के विशेष भोग खीर का लगेगा।



# जवाहर कला केंद्र में 100वां तानसेन समारोह कल

**जयपुर (मसं)।** जवाहर कला केन्द्र और मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 100वें तानसेन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। 22 नवंबर को शाम 6 बजे से केन्द्र के रंगायन सभागार में यह समारोह होगा। इसमें वादन और गायन की प्रस्तुति होगी। पं. प्रवीण एवं चेताली शेविलकर वायलिन वादन की प्रस्तुति देंगे, रामेन्द्र सिंह सोलंकी तबले पर संगत करेंगे। डॉ. प्रवीण एवं श्रुतिशील उद्धव तबला वादन करेंगे उनके साथ पं. धर्मनाथ मिश्र हारमोनियम पर संगत करेंगे। विदुषी गौरी पठारे गायन करेंगी, तबले पर रामेन्द्र सिंह और हारमोनियम पर सुप्रिया जोशी संगत करेंगी।

# डॉ. मेघेंद्र शर्मा सलाहकार नियुक्त

**जयपुर (मसं)।** चंडीगढ़ स्थित भारत सरकार के राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान ने विज्ञान भारती राजस्थान के सचिव डॉ. मेघेंद्र शर्मा को क्षेत्रीय एक्सटेंशन सेंटर जयपुर की कोऑर्डिनेशन कमेटी का एडवाइजर एवं एक्सटर्नल मेम्बर बनाया। डॉ. मेघेंद्र शर्मा ने कहा कि जयपुर एक्सटेंशन सेंटर को टेक्निकल एजुकेशन के क्षेत्र में फेकल्टी डेवलपमेंट, वर्कशॉप, सेमिनार, इंडस्ट्री अकादमिक कॉलोबोरेशन के साथ एंटरप्रेन्योर, स्किल डेवलपमेंट, टीचिंग लर्निंग मेथोडोलॉजी, रिसर्च, इनोवेशन का प्रोमोशन के लिए राजस्थान में इनोवेशन और एक्सीलेंस का हब बनाया जाएगा।

# महेश पारीक पुनः राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत




**जयपुर (मसं)।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष पंडित गोपाल दत्त शर्मा ने महेश पारीक को पुनः राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। महेश पारीक कॉरपोरेट सेक्टर से जुड़े हुए हैं। वे बजाज ग्रुप आरपीजी तथा अन्य कॉर्पोरेट जगत की नामी कंपनियों के सलाहकार एवं ग्रुप प्रेसिडेंट रह चुके हैं। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के पूर्व में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) रह चुके हैं। महेश पारीक पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के निजी सचिव रहे शिव कुमार पारीक के पुत्र हैं। महेश पारीक का व्यवसाय होटल्स एंड रिसॉर्ट्स का है। उन्होंने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि अगर ब्राह्मण संगठित रहेगा तो देश निश्चित रूप से सनातन धर्म को अजेय रखेगा।

# विज्ञाश्री माताजी का केशलोंच संपन्न

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी में विराजमान गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी की बुधवार को केशलोंच क्रिया संपन्न हुई। अहिंसा व्रत के पालन के लिए माताजी ने अपने बालों को घास के समान अपने हाथ से उखाड़कर उत्कृष्ट चर्या का परिचय दिया। सभी श्रद्धालुओं ने माताजी के चरणों में नमन करते हुए संगीतमय भक्ति की। इस मौके पर माताजी ने कहा कि साधु संकल्प शक्ति के बल पर कठिन से कठिन साधना भी आसानी से कर लेता है। यह कोई चमत्कार नहीं बल्कि अंतरंग की संकल्प शक्ति को जागृत करना है। छुपी हुई अंतरंग की शक्ति का उद्घाटन कराने वाला जैन दर्शन आध्यात्मिकता में उतरने का रास्ता दिखाता है। किसी से मोक्ष मार्ग प्रशस्त होता है।



**ज्योति कलश रथ यात्रा** | मोतीडूंगरी, गोविंददेवजी, ताड़केश्वरजी सहित दर्जनों मंदिर पहुंची हरिद्वार की ज्योति कलश रथ यात्रा

# देवालयों में देवताओं ने किए देवमाता के दर्शन, परकोटा हुआ गायत्रीमय

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से आई ज्योति रथ कलश यात्रा बुधवार को चारदीवारी के प्रमुख स्थानों से गुजरी। गायत्री माता की जयघोष और प्रेरक नारों से परकोटा गायत्रीमय हो उठा। पीली पोशाक में गायत्री परिवार के कार्यकर्ता और मातृ शक्ति ने रथ यात्रा के माध्यम से लोगों को एक बनने और नेक बनने का संदेश दिया। शास्त्रों में गायत्री को देवताओं की मां कहा गया है। किसी भी देवी-देवता की उपासना के साथ गायत्री मंत्र का जप वैदिक काल से होता आया है। सभी देवता भी गायत्री मंत्र का जाप करते रहे हैं। बुधवार को छोटीकाशी के देवता अपने मंदिर में मां गायत्री के दर्शन कर जैसे निहाल हो उठे। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां-पुत्र का मिलन के साक्षी बने।



बुधवार को मोतीडूंगरी गणेश मंदिर से रथ यात्रा का श्रीगणेश हुआ। मंदिर महंत पं. कैलाश शर्मा ने ज्योति रथ की आरती उतारी। प्रथम पूज्य के दर्शन करने आए श्रद्धालुओं ने भी मां गायत्री, गुरु सत्ता और ज्योति कलश के दर्शन किए। यहां से रथ सांगानेर गेट स्थित हनुमान मंदिर पहुंचा। मंदिर प्रबंधन ने मां गायत्री और कलश में प्रतिष्ठित कलश की आरती की। चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर मंदिर के बाहर जयपुर नगर निगम हैरिटेज की महापौर कुसुम यादव ने बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ ज्योति कलश का स्वागत किया। हम बदलेंगे-युग बदलेगा, हम सुधरेंगे-युग सुधरेगा के जयघोष के साथ जन-जन को समाजनिष्ठ बनने का संदेश देते हुए रथ यात्रा बड़ी चौपड़ स्थित ध्वजाधीश गणेश मंदिर पहुंची। पं. आनंद मेहता ने आरती कर स्वागत किया। आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में राजभोग आरती के समय उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं ने दिव्य ज्योति कलश के दर्शन किए। यहां मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी और सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने रथ का स्वागत किया।

शांतिकुंज हरिद्वार से प्रतिनिधियों का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। चांदी की टकसाल स्थित काले हनुमान मंदिर के बाहर महंत गोपालदास महाराज ने आरती की। झूलेलाल मंदिर, नहर के गणेशजी सहित अन्य मंदिरों में ज्योति कलश रथ यात्रा का स्वागत किया गया। गायत्री कचोलिया ने रास्ते में प्रज्ञागीतों की प्रस्तुतियां दीं। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के व्यवस्थापक सोहन लाल शर्मा, सह व्यवस्थापक मणिशंकर चौधरी सहित अनेक वरिष्ठ परिजन उपस्थित रहे।

### समाजों ने किया स्वागत

चारदीवारी में निकली ज्योति कलश यात्रा का विभिन्न समाजों और संगठनों के प्रमुखों ने भी स्वागत किया। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। प्रमुख चौराहों पर बड़ी संख्या में स्थानीय परिजनों ने वेदमाता गायत्री और कलश की आरती उतारी और पुष्प वर्षा की। जयकारों के साथ आगे बढ़ते रथ के स्वागत के लिए लोग पलक पांवड़े बिछाए हुए रहे। कई जगह स्थानीय निवासियों ने सामूहिक रूप से स्वागत किया। बड़ी संख्या में मातृ शक्ति ने ज्योति कलश रथ यात्रा की अगवानी की।

### 2026 में होगा समापन

ज्योति रथ यात्रा पूरे देश में निकाली जा रही है। राजस्थान में सात रथ भ्रमण पर निकले हुए हैं। जयपुर जिले में दिसंबर के दूसरे पखवाड़े तक यात्रा रहेगी। पूरे देश में यात्रा का समापन शांतिकुंज में प्रज्वलित अखंड दीपक की 100 वर्ष की अवधि पूर्ण होने एवं माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी वर्ष होने पर बसंत पंचमी 2026 को होगा।

# जलवायु परिवर्तन पर राजनीति क्यों!

## वाकू शिखर सम्मेलन से समाधान निकलने की उम्मीदें बढ़ी

**संयुक्त** राष्ट्र के नेतृत्व में जलवायु शिखर सम्मेलन, कॉप -29 (29वां कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज) इस साल 11 नवंबर को अजरबैजान की राजधानी बाकू में शुरू हुआ, जो 22 नवंबर तक चलेगा। इस सम्मेलन में 200 देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं और वैश्विक तापमान वृद्धि को सीमित करने के लिए प्रत्येक देश द्वारा घोषित लक्ष्यों के विरुद्ध ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने में हुई प्रगति की समीक्षा की जाएगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सम्मेलन में जलवायु वित्त और इसके तौर-तरीकों पर चर्चा की जाएगी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने रिपोर्ट पर एक वीडियो संदेश में कहा, 'उत्सर्जन अंतर काल्पनिक अवधारणा नहीं है। बढ़ते उत्सर्जन और लगातार बढ़ती और तीव्र जलवायु आपदाओं के बीच एक सीधा संबंध है... रिकॉर्ड उत्सर्जन का मतलब है रिकॉर्ड समुद्री तापमान भयानक तूफानों को बढ़ावा दे रहा है; रिकॉर्ड गर्मी के कारण जंगलों में आग की घटनाएं बढ़ रही हैं और शहरों को वाष्पकक्ष में बदल रही है; रिकॉर्ड बारिश के कारण तबाही वाली बाढ़ आ रही है... हमारे पास समय नहीं है। उत्सर्जन अंतर को पाटने का मतलब है महत्वाकांक्षा अंतर, कार्यान्वयन अंतर और वित्त अंतर को पाटना। कॉप-29 से इसे शुरू किया जाना चाहिए।' यह तथ्य कि सबसे अधिक आबादी वाले देशों, भारत और चीन के नेता बैठक में भाग नहीं ले रहे हैं, यह शायद ही शुभ संकेत है। बैठक में भाग लेने वाले प्रमुख नेताओं में से एक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर हैं, जिन्होंने 2035 तक 1990 के स्तर पर 81 प्रतिशत उत्सर्जन में कमी लाने का लक्ष्य घोषित किया है। यह वादा पेरिस समझौते के लक्ष्य के अनुरूप है, जिसमें पूर्व-औद्योगिक समय से 1.5 डिग्री सेल्सियस (2.7 डिग्री फारेनहाइट) अधिक तापमान को सीमित करने का लक्ष्य है। बाकू में इस बात पर भी अंतहीन बहस होगी कि देशों के बीच जिम्मेदारी कैसे साझा की जाती है और कौनसे देश जलवायु वित्त का बड़ा हिस्सा वहन करेंगे, ताकि गरीब देशों को कम कार्बन वाली अर्थव्यवस्था में बदलने में मदद मिल सके। राष्ट्र भारी मात्रा में बातचीत करते हैं, जो सालाना 100 बिलियन डॉलर से लेकर 1.3 ट्रिलियन डॉलर तक हो सकती है। बताया गया है कि जी-77 और चीन वार्ता समूह - जिसमें दुनिया के कई विकासशील देश शामिल हैं - ने पहली बार 1.3 ट्रिलियन डॉलर वार्षिक जलवायु वित्त की मांग रखी है। यह भी बताया गया है कि भारत जैसे देश विकसित राष्ट्रों द्वारा जलवायु वित्तपोषण के लिए समर्थन करेंगे और वैश्विक कार्बन व्यापार तंत्र के लिए मानकों को बनाए रखेंगे। संयुक्त राष्ट्र द्वारा स्वीकृत पहला कार्बन क्रेडिट 2025 तक उपलब्ध होने की उम्मीद है। वैश्विक असमानता बढ़ने के साथ जलवायु वित्त जुटाने के कई उन्नत तरीकों पर चर्चा की जाती है- जैसे निजी जेट से लेकर गैस निष्कर्षण तक उच्च कार्बन गतिविधियों पर लेवी वसूली। कर लगाने के अन्य सुझाए गए लक्ष्य तेल कंपनियां हैं जिन्होंने रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद भारी मुनाफा कमाया। वे कितने व्यावहारिक हैं और उन्हें कैसे लागू किया जा सकता है, ये ऐसे सवाल हैं जो उठाए जा रहे हैं। विवाद का एक और क्षेत्र कार्बन क्रेडिट और ऑफसेट के लिए विनियामक तंत्र का स्वरूप है। कई लोग इसे काल्पनिक मानते हैं, और अवधारणा की सैद्धांतिक सुंदरता वास्तविक दुनिया के विशेष हितों से मेल नहीं खाती। बता दें, ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री गॉर्डन ब्राउन के नेतृत्व में विश्व नेताओं के समूह ने एक खुला पत्र लिखा था, जिसमें तेल उत्पादक देशों की जेब ढीली करने और उन पर कम से कम 25 बिलियन डॉलर का टैक्स लगाने की मांग की गई थी। सुझावों में विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और अन्य विकास बैंकों में सुधार करना शामिल है ताकि उन्हें कमजोर देशों की मदद करने के लिए तैयार किया जा सके। ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा ने 2 प्रतिशत का अरबपति कर प्रस्तावित किया है जिससे 250 बिलियन डॉलर जुटाए जा सकते हैं। अगला कॉप नवंबर 2025 में ब्राजील के बेलेम में आयोजित किया जाएगा और उम्मीद है कि यह ऐसे उपायों पर चर्चा करने और किसी समझौते पर पहुंचने के लिए मंच प्रदान करेगा। हालांकि, 2023 में अमेरिका, चीन, रूस और यूरोपीय संघ सहित 42 देशों के उत्सर्जन में गिरावट आई है, लेकिन जीवाश्म ईंधन को जलाने से वैश्विक उत्सर्जन 37.4 बिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो वैश्विक परिवर्तन का प्राथमिक चालक है। यह ज्यादातर प्राथमिक ऊर्जा स्रोत के रूप में कोयले पर बढ़ती निर्भरता के कारण है। जब तक अगले कुछ वर्षों में कठोर उत्सर्जन कटौती योजनाएं लागू नहीं की जाती हैं, जैसा कि हाल ही में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है, मौजूदा नीतियों से 3.1 डिग्री सेल्सियस का भयावह तापमान वृद्धि होगी। रिपोर्ट देशों से 'राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) के अगले दौर में 2030 तक वार्षिक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 42 प्रतिशत और 2035 तक 57 प्रतिशत की कटौती करने के लिए सामूहिक रूप से प्रतिबद्ध होने के लिए कहती है।' अगर वे इस योजना पर कायम नहीं रहते हैं, तो संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि 'पेरिस समझौते का 1.5 डिग्री सेल्सियस का लक्ष्य कुछ वर्षों में खत्म हो जाएगा। जिससे लोगों, पृथ्वी ग्रह और अर्थव्यवस्थाओं पर दुर्बल प्रभाव पड़ेगा।' इस वर्ष की कॉप बैठक डोनाल्ड ट्रंप की चुनावी जीत की छाया में हो रही है, जो खुद घोषित जलवायु परिवर्तन को नकारने वाले हैं, क्योंकि अमेरिका के राष्ट्रपति, जो राष्ट्रों में प्रमुख प्रदूषक है, ने कहा है कि वे 2016 में हस्ताक्षरित पेरिस जलवायु समझौते से बाहर निकल जाएंगे, जैसा कि उन्होंने अपने पिछले राष्ट्रपति कार्यकाल में किया था। अमेरिकी रूढ़िवादी थिंक टैंक 'हेरिटेज फाउंडेशन' ने अपने दस्तावेज 'प्रोजेक्ट 2025' में अमेरिका से जलवायु परिवर्तन पर यूएन फ्रेमवर्क कन्वेंशन और पेरिस समझौते से हटने का भी आह्वान किया है। रिपोर्ट्स से संकेत मिलता है कि ट्रंप का आने वाला प्रशासन तेल और गैस ड्रिलिंग को बढ़ावा देने और वैकल्पिक गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों को मजबूत करने में निवर्तमान राष्ट्रपति बाइडेन के बड़े पैमाने पर निवेश को कम करने की योजना बना रहा है।



**'उत्सर्जन अंतर काल्पनिक अवधारणा नहीं है। बढ़ते उत्सर्जन और लगातार बढ़ती और तीव्र जलवायु आपदाओं के बीच एक सीधा संबंध है... रिकॉर्ड उत्सर्जन का मतलब है रिकॉर्ड समुद्री तापमान भयानक तूफानों को बढ़ावा दे रहा है; रिकॉर्ड गर्मी के कारण जंगलों में आग की घटनाएं बढ़ रही हैं और शहरों को वाष्पकक्ष में बदल रही है; रिकॉर्ड बारिश के कारण तबाही वाली बाढ़ आ रही है... हमारे पास समय नहीं है। उत्सर्जन अंतर को पाटने का मतलब है महत्वाकांक्षा अंतर, कार्यान्वयन अंतर और वित्त अंतर को पाटना। कॉप-29 से इसे शुरू किया जाना चाहिए।'**

# कैलाश गहलोत के इस्तीफे का झटका, बड़े संकट का संकेत

ललित गर्ग

**दिल्ली** में विधानसभा चुनावों से पहले आम आदमी पार्टी को एक बढ़ा झटका लगा। दिल्ली सरकार के प्रमुख मंत्री कैलाश गहलोत ने जिस तरह से चुनावी वादों को पूरा न करने जैसे ऐसे अनेक मुद्दों का जिक्र करते हुए अपने पद एवं प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया है जो अरविंद केजरीवाल की छवि पर सीधी चोट करने वाले हैं। दिल्ली के विकास की बजाए 'आप' सरकार का सारा समय केंद्र सरकार से झगड़ा करने में बीतने की बात कहकर गहलोत ने आम आदमी पार्टी की एक बड़ी कमजोरी को उजागर किया है, जो 'आप' के लिए एक बड़ा राजनीतिक संकट का संकेत है। अरविंद केजरीवाल ने सामाजिक कार्यकर्ता अण्णा हजारे के साथ भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन शुरू करके इस पार्टी का गठन किया, लेकिन खुद एवं उसके अन्य बड़े नेता भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की यात्रा कर आए, अनेक मतभेदों, विवादों एवं केजरीवाल के अहंकार, गलत नीतियों के चलते पार्टी के कई दिग्गज नेता पार्टी से दूर होते चले गए, जिनमें किरण बेदी, कवि कुमार विश्वास, आशुतोष, आशीष खेतान, शांति भूषण, प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव, शाजिया इल्मी और कपिल मिश्रा और अब कैलाश गहलोत जैसे नाम शामिल हैं। लगता है अब आप की झाड़ू ही नहीं, बल्कि आप के राजनीतिक मूल्य भी तार-तार हो गए हैं। आम आदमी पार्टी के बढ़ते संकट एवं गिरते राजनीतिक मूल्यों के कारण उसकी चुनौतियां खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है।



कैलाश गहलोत ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की सीएम आतिशी को इस्तीफा भेजा है। दिल्ली की सीएम आतिशी ने गहलोत का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। गहलोत ने अपने पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देते हुए एक लम्बा पत्र केजरीवाल को भेजा है। उन्होंने इस्तीफे में यमुना की सफाई और शीशमहल निर्माण का मुद्दा उठाया है। गहलोत ने पत्र में आरोप लगाते हुए लिखा है कि जिस ईमानदार राजनीति के चलते वह आम आदमी पार्टी में आए थे, वैसा अब नहीं हो रहा है। उन्होंने पार्टी के संयोजक व पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास को शीशमहल करार देते हुए कई आरोप भी लगाए हैं। ऐतिहासिक भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से जन्मी इस पार्टी का यह हश्र एवं दूरगति राजनीतिक महत्वाकांक्षा का परिणाम है। आम आदमी पार्टी खुद को ईमानदारी के उच्चतम मानकों पर रखने का दावा भले ही करती रही हो, लेकिन उसने सत्ता का दुरुपयोग करते हुए राजनीतिक एवं नैतिक मूल्यों को ध्वस्त ही किया है। आप का उदय एक ताजी हवा का झोंका था लेकिन आज वह दूषित राजनीति का पर्याय बन गया है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले कैलाश गहलोत का इस्तीफा आम आदमी पार्टी के लिए उल्टी गिनती का द्योतक है, यह राजनीतिक रूप से नुकसान पहुंचाने वाला है, क्योंकि गहलोत ने एक तो यह कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार यमुना को साफ नहीं कर सकी और स्थिति यह है कि वह पहले से अधिक गंदी हो गई है। इसके अलावा उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि 'आप' सरकार का सारा समय केंद्र सरकार से झगड़ा करने में बीतता है। भले ही 'आप' कैलाश गहलोत की इन बातों को यह कहकर खारिज कर सकती है कि वह भाजपा की भाषा बोल रहे हैं और यह भी कहा जा सकता है कि गहलोत पर ईडी-सीबीआई आदि का दबाव था। निश्चित ही गहलोत के खिलाफ ईडी और इनकम टैक्स के कई मामले चल रहे थे। कैलाश गहलोत पर ईडी और इनकम टैक्स की कई रेड भी हो चुकी थी। वह जांच का सामना कर रहे थे। आप के इन बयानों में कुछ सच्चाई भी हो सकती है कि उनके पास इस्तीफा देने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। लेकिन बड़ा तथ्य है कि 'आप' दिल्ली की जनता के साथ न्याय नहीं कर सकी है, वह केंद्र सरकार से बात-बात में झगड़ा मोल लेने के लिए जानी जाती है। इससे इनकार नहीं कि केंद्र सरकार भी आम आदमी पार्टी से उलझती हुई दिखती है, लेकिन दिल्ली सरकार की छवि ऐसी बन गई है कि वह केंद्र सरकार पर दोषारोपण करने का मौका ढूंढ़ती रहती है। दिल्ली और केंद्र सरकार के बीच हर मुद्दे पर खींचतान जारी रहने से सबसे अधिक नुकसान दिल्ली की जनता को हुआ है। दिल्ली की कई समस्याएं नहीं सुलझ पाने, दिल्ली का अपेक्षित विकास न हो पाने एवं अपने चुनावी वादों को पूरा न करने के कारणों के लिए 'आप' नेताओं ने हमेशा ही केन्द्र सरकार एवं भाजपा को दोषी ठहराया है। गहलोत ने कहा कि पार्टी से जुड़ी उनकी यात्रा का उद्देश्य दिल्ली के लोगों की सेवा करना था, लेकिन अब उन्होंने महसूस किया कि पार्टी सिर्फ अपने राजनीतिक एजेंडे के लिए लड़ रही है, जिससे दिल्लीवासियों को बुनियादी सेवाएं प्रदान करने में मुश्किलें आ रही हैं। ऐसे में उनके सामने पार्टी से अलग होने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था।

'आप' टकराव की राजनीति में व्यस्त रही, अच्छे गवर्नेंस और बेहतर राजनीति का दामन उसके हाथ से लगातार छूटता रहा। दिल्ली में पार्टी ने असंख्य मुद्दे उठाए लेकिन वह इन सबको आखरी मंजिल तक नहीं पहुंचा पाई। यह भविष्य ही बताएगा कि कैलाश गहलोत का त्यागपत्र आम आदमी पार्टी को राजनीतिक रूप से महंगा पड़ेगा या नहीं, लेकिन इसमें दो राय नहीं कि उन्होंने अपने इस्तीफे में जिस तरह 'आप' की गलत नीति एवं केजरीवाल की अति-महत्वाकांक्षाओं का जिक्र किया, वह अरविंद केजरीवाल के साथ-साथ पूरी आम आदमी पार्टी की साख को करारा आघात देने वाला है। यह एक तथ्य है कि आम आदमी पार्टी आज तक इस प्रश्न का कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सकी कि आखिर अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री रहते अपने सरकारी आवास की साज-सज्जा पर 45 करोड़ रुपए खर्च करने की क्या जरूरत थी? कैलाश गहलोत ने अपने पत्र में यह भी आरोप लगाया है कि 'आप' अपनी रीति-नीति से भटक गई है। केजरीवाल और उनके सहयोगी इससे सहमत नहीं होने वाले, लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं कि 'आप' की भ्रष्टाचार विरोधी राजनीतिक दल की छवि का बहुत अधिक क्षरण हुआ है।

'आप' ने नई तरह की एवं मूल्यों की राजनीति करने के जो तमाम दावे किए थे, वे दावे यदि खोखले नजर आने लगे हैं तो इसके लिए अरविंद केजरीवाल और उनके सहयोगी अन्य किसी को जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते। एक बड़ा सवाल है कि 'आप' की इस दुर्दशा के चलते क्या वह दिल्ली पर अपनी मजबूत पकड़ को क्या कायम रख पाएगी? क्या दिल्ली में भाजपा या अन्य दलों के लिए अब सत्ता तक पहुंचने की संभावनाएं बढ़ गई है? आप एवं उसकी सरकार के लिए अभी भी देर नहीं हुई है, जरूरत है कि वह जन मुद्दों के बीच प्राथमिकता तय करे। अनावश्यक टकराव से बचते हुए अपने एजेंडे को अमलीजामा पहनाए। जहां सत्ता में है, वहां अच्छा शासन दें और जहां विपक्ष में है, वहां ज्यादा रचनाशील और प्रतिरोधात्मक ताकत बने। एक बड़ा मुद्दा है कि वह नेतृत्व और सांगठनिक संरचना को लोकतांत्रिक तरीके से मजबूत बनाए। अभी तक पूरी पार्टी अरविंद केजरीवाल-केंद्रित है, वह पार्टी भले बन गई हो पर उसकी सांगठनिक संरचना एक ऐसे एनजीओ जैसी है, जिसका एक सर्वशक्तिमान निदेशक है और पूरा संगठन उसके निर्देश और रहमोकरम पर चलता है। यही कारण है कि एक से बढ़कर एक कद्दावर के आप नेता पार्टी छोड़ते रहे हैं। अगर 'आप' को राजधानी दिल्ली के दायरे में या इस दायरे के बाहर अपनी सुसंगत राजनीति से लोगों को लंबे समय तक प्रभावित करना है तो कथनी और करनी में समानता दिखानी होगी। आप को अपना दोगलापन दूर करना होगा। 'आप' के जीवन में सत्य खोजने पर भी नहीं मिलता। दोहरे मापदंड अपनाने के कारण 'आप' की हर नीति, हर निर्णय एवं हर कथन समाधानों से ज्यादा समस्याएं पैदा करता रहा है। जिंदा कौमें पांच वर्ष तक इंतजार नहीं करती, दिल्ली की जनता ने कई गुणा इंतजार कर लिया है। यह विरोधाभास नहीं, दुर्भाग्य है या सहिष्णुता कहें? जिसकी भी एक सीमा होती है। जो पानी की तरह गर्म होती-होती 50 डिग्री सेल्सियस पर भाप की शक्ति बन जाती है।

# बढ़ता वायु प्रदूषण: दिल्ली ही नहीं देश के लिए भी चिंता

राम शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार

**भारत** की राजधानी दिल्ली ने दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक के रूप में एक अविश्वसनीय प्रतिष्ठा अर्जित की है। गंभीर वायु प्रदूषण की बार बार होने वाली घटनाएं, विशेष रूप से सर्दियों के महीनों के दौरान, एक राष्ट्रीय चिंता का विषय बन गई हैं। दिल्ली में बढ़ता वायु प्रदूषण केवल एक स्थानीय समस्या नहीं है; इसका प्रभाव पूरे देश में है, जोकि सार्वजनिक स्वास्थ्य, आर्थिक उत्पादकता, पर्यावरणीय स्थिरता और भारत की अंतरराष्ट्रीय धारणा को प्रभावित करता है।


दिल्ली में वायु प्रदूषण के मूल में कई कारण हैं। ये कारण प्राकृतिक और मानवजनित दोनों का ही मिलाजुला रूप हैं। इनमें मुख्य कारक हैं– वाहनों से निकलने वाला धुआं, औद्योगिक गतिविधियां, निर्माण कार्यों से निकलने वाली धूल और फसलों के अवशेषों को जलाने से उठी धुआं। दिल्ली की सड़कें 12 मिलियन से ज्यादा वाहनों से भरी हुई हैं, जो नाइट्रोजन ऑक्साइड, पार्टिकुलेट मैटर और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसे उच्च स्तर के प्रदूषक उत्सर्जित करते हैं। दिल्ली और उसके आस-पास की फैक्ट्रियां और छोटे पैमाने के उद्योग हवा में काफी मात्रा में जहरीली गैसें और कण छोड़ते हैं। अनियमित निर्माण गतिविधियां काफी धूल पैदा करती हैं, जिससे वायु गुणवत्ता की समस्याएं और भी बढ़ जाती हैं। पंजाब और हरियाणा जैसे पड़ोसी राज्यों में किसान खेतों को साफ करने के लिए पराली जलाते हैं, जिससे अक्टूबर-नवंबर के दौरान पार्टिकुलेट प्रदूषण में सालाना बढ़ोतरी होती है। सर्दियों के दौरान, हवा की कम गति और तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण प्रदूषक जमीन के पास फंस जाते हैं, जिससे धुंध और भी खराब हो जाती है। प्लास्टिक सहित कचरे को खुले में जलाने से जहरीले उत्सर्जन में योगदान होता है। ये कारक मिलकर ऐसा वातावरण बनाते हैं, जहां वायु की गुणवत्ता नियमित रूप से 'खतरनाक' स्तर तक गिर जाती है, जिससे न केवल दिल्ली के निवासी बल्कि पूरा देश गंभीर रूप से प्रभावित होता है। दिल्ली के वायु प्रदूषण से उत्पन्न दुष्प्रभाव इसकी भौगोलिक सीमाओं से परे फैला हुआ है। दिल्ली के वायु प्रदूषण से समूचा एनसीआर रीजन का जनस्वास्थ्य खतरे में है। प्रदूषित हवा के लंबे समय तक संपर्क में रहने से अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) जैसी श्वसन संबंधी बीमारियां होती हैं। यह हृदय संबंधी समस्याओं को भी बढ़ाता है और फेफड़ों के कैंसर के जोखिम को बढ़ाता है। वायु प्रदूषण से संबंधित बीमारियों के उपचार से स्वास्थ्य सेवा



प्रणाली पर बहुत अधिक दबाव पड़ता है। यह बोझ केवल दिल्ली तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में फैल गया है। क्योंकि दूसरे राज्यों से लोग काम या पढ़ाई के लिए दिल्ली आते हैं और यहां की जहरीली हवा के संपर्क में आते हैं। उच्च प्रदूषण स्तरों के संपर्क में आने वाले बच्चों के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, जिसका असर देश के भावी कार्यबल पर पड़ सकता है। दिल्ली से प्रदूषक अक्सर पड़ोसी राज्यों में जाते हैं, जिससे वायु की गुणवत्ता खराब होती है और उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा जैसे क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा होती हैं। खराब वायु गुणवत्ता के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करने वाले श्रमिकों की उत्पादकता का स्तर कम होता है, जिससे उद्योग और सेवाएं प्रभावित होती हैं। प्रदूषण से संबंधित बीमारियों के कारण कार्यदिवसों का नुकसान आर्थिक नुकसान में इजाफा करता है। स्वास्थ्य सेवा और प्रदूषण शमन उपायों पर सरकारी खर्च अन्य विकासात्मक प्राथमिकताओं से संसाधनों को हटा देता है। दिल्ली, एक प्रमुख पर्यटन स्थल होने के नाते, प्रदूषण के चरम महीनों के दौरान पर्यटकों की संख्या में गिरावट से ग्रस्त है। इसका भारत में समग्र पर्यटन उद्योग पर प्रभाव पड़ता है। ओजोन जैसे प्रदूषक फसलों को नुकसान पहुंचा सकते हैं, जिससे दिल्ली से प्रदूषण के प्रसार से प्रभावित क्षेत्रों में कृषि उपज कम हो सकती है। कर्मचारियों के स्वास्थ्य और पर्यावरण स्थिरता को लेकर चिंताओं के कारण व्यवसाय और निवेशक दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में परिचालन स्थापित करने से कतराते हैं। दिल्ली के वायु प्रदूषण संकट का पर्यावरण पर गहरा असर पड़ता है। दिल्ली के उद्योगों और वाहनों से कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन जैसी ग्रीनहाउस गैसों (जीएचजी) का उत्सर्जन ग्लोबल वार्मिंग में योगदान देता है। वायुजनित प्रदूषक नदियों और झीलों पर जम जाते हैं, जिससे जल की गुणवत्ता और जलीय पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित होते हैं। उदाहरण के लिए, यमुना नदी प्रदूषक जमाव से ग्रस्त है, जिससे इसकी पहले से ही गंभीर स्थिति और भी खराब हो गई है। सल्फर और नाइट्रोजन ऑक्साइड के जमाव के कारण होने वाली अम्लीय वर्षा, प्रभावित क्षेत्रों में वनस्पति और वन्यजीवों को नुकसान पहुंचाती है। हवा से भारी धातुओं और अन्य प्रदूषकों के कृषि भूमि पर जमाव से मिट्टी की उर्वरता कम हो जाती है, जिससे खाद्य सुरक्षा प्रभावित होती है। दिल्ली में वायु प्रदूषण के मनोवैज्ञानिक और सामाजिक प्रभाव को नजरअंदाज़ नहीं किया जा सकता। लगातार धुंध और खराब वायु गुणवत्ता निवासियों में चिंता, अवसाद और तनाव पैदा कर सकती है। परिवार अक्सर इस दुविधा से जूझते हैं कि दिल्ली छोड़ दें या नहीं, जिससे सामाजिक स्थिरता बाधित होती है। गंभीर प्रदूषण के दौरान स्कूल अक्सर बंद रहते हैं, जिससे शिक्षा बाधित होती है और माता-पिता और बच्चों पर अतिरिक्त तनाव पड़ता है। वायु प्रदूषण के कारण शहरी पलायन बढ़ रहा है। दिल्ली में वायु प्रदूषण संकट भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को धूमिल करता है। दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक के रूप में दिल्ली की स्थिति अक्सर अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में प्रमुखता से दिखाई देती है, जो पर्यावरण प्रबंधन के साथ भारत के संघर्षों को उजागर करती है। राजधानी में खराब वायु गुणवत्ता भारत की वैश्विक जलवायु और प्रदूषण नियंत्रण लक्ष्यों को पूरा करने की क्षमता पर सवाल उठाती है। विदेश से पेशेवर और निवेशक दिल्ली में आने या निवेश करने में संकोच कर सकते हैं, क्योंकि इसके प्रदूषण स्तर के कारण भारत की वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता सीमित हो जाती है। दिल्ली के वायु प्रदूषण संकट को संबोधित करने के लिए स्थानीय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। कुछ संभावित समाधानों में शामिल हैं। सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क का विस्तार करना और इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित करना वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को काफी कम कर सकता है। उद्योगों के लिए उत्सर्जन मानदंडों का सख्त प्रवर्तन और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को अपनाना आवश्यक है। किसानों को पराली निपटान के वैकल्पिक तरीकों, जैसे कि हैप्पी सीडर जैसी मशीनों का उपयोग करने के लिए सब्सिडी प्रदान करना, पराली जलाने पर अंकुश लगा सकता है। दिल्ली और उसके आस-पास हरियाली बढ़ाना वायु प्रदूषण के लिए एक प्राकृतिक फिल्टर के रूप में काम कर सकता है। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के व्यापक कार्यान्वयन से दीर्घकालिक वायु गुणवत्ता सुधार हासिल करने में मदद मिल सकती है। नागरिकों को उनके विकल्पों के प्रभाव के बारे में शिक्षित करना, जैसे कि सार्वजनिक परिवहन के बजाए निजी वाहनों का उपयोग करना, व्यवहार में बदलाव ला सकता है।

## राशिफल

**आज दिनांक 21 नवम्बर, 2024, गुरुवार, विक्रम संवत् 2081, मार्गशीर्ष माह, कृष्ण पक्ष षष्ठी, पुनर्वसु नक्षत्र, तैतिल करण, शुभ योग, राहुकाल: दोपहर 12:12 से 1:33 बजे तक, सूर्योदय सुबह 6:49 बजे, सूर्यास्त शाम 5:35 बजे, चंद्रोदय रात 10:01 बजे, चंद्रास्त सुबह 11:53 बजे, अभिजीत मुहूर्त दोपहर: 11:49 से 12:33, ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5:12 से 6:00 बजे तक, चंद्रमा मिथुन राशि में संचार करेगा।**




आज का दिन दान-पुण्य के कामों में बीतेगा। नई चीजें सीखते समय आपके धैर्य की परीक्षा हो सकती है। अपनी महत्वपूर्ण और कीमती चीजों का विशेष ध्यान रखें, इनके खोने या कहीं भूल जाने की संभावना है। आज आपको धार्मिक कार्यों में दान करने का अवसर मिलेगा। आज व्यापार में हर गतिविधि पर पैनी नजर रखें।




आपके निजी काम भी परिवार के सदस्यों की मदद से काफी हद तक पूरे हो जाएंगे। विवाहित लोगों के लिए दिन सामान्य रहेगा। आज पैसों के मामलों में विशेष सावधानी बरतें। सुस्त पड़ा कारोबार भी आज बेहतर हो सकता है। जमीन-जायदाद से जुड़े मामले सुलझ सकते हैं।




आज आप खुद में कुछ अलग महसूस करेंगे। आज मनोरंजन के लिए किसी चीज का सहारा लेना आपको सुकून दे सकता है। युवा आज अपने प्रेमी से मन की बात कह सकते हैं। जीवनसाथी के साथ चल रहा मनमुटाव खत्म होगा। आज आपका लकी रंग हरा है। आज संघर्ष करने वाले लोगों को मनचाहा परिणाम मिलेगा।




आज आप कुछ नया करने की सोच सकते हैं। सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कोई भी काम आपके जीवन में बड़ा बदलाव लाने वाला है। अगर आप अपने प्रियजन के साथ ज्यादा समय नहीं बिता पाए हैं, तो कुछ समय अलग रखें और उनके साथ लंबी बातचीत करें।




आज आसपास चहल-पहल रहेगी। अनचाहे विचारों को अपने दिमाग पर हावी न होने दें। घर में जिम्मेदारियों को खुलकर साझा करें। आज जीवनसाथी पर भरोसा बनाए रखें, रिश्ते मजबूत होंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को हल्की चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। शांति से फैसले लें, जल्दबाजी में कोई काम न करें।




आज मेल-मिलाप भविष्य के लिए बहुत जरूरी है। स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। संतान से जुड़े किसी मामले पर आप असहमत हो सकते हैं। आपका निस्वार्थ स्वभाव जीवनसाथी के साथ आपके संबंधों को मजबूत करेगा। आज आप अपनी इच्छाओं को व्यक्त करने में स्वतंत्र महसूस करेंगे।





सामाजिक क्षेत्र में किए गए वादे को पूरा करना आसान नहीं होगा, फिर भी आप प्रयास करेंगे। प्रेम संबंधों में रोमांस लाने का प्रयास करें। आप अपने जीवनसाथी के साथ प्यार भरे पल बिताएंगे। आपको अपनी मेहनत का फल जल्द ही मिलेगा।




ईश्वर पर आपकी आस्था और बढ़ेगी। किसी को जानने में समय और प्रयास लग सकता है। आज आप दूसरों को सलाह देकर भी धन प्राप्त कर सकते हैं। आप अपने व्यवसाय को अन्य क्षेत्रों में विस्तारित कर सकते हैं।




आज का दिन आपके लिए थोड़ा उलझन भरा हो सकता है। बड़ों की बातों को ध्यान में रखकर काम करें। महिलाओं को अपने स्वाभिमान के लिए संघर्ष करना चाहिए। पैसों के मामलों में थोड़ा अधिक विचारशील होने का प्रयास करें।




आज का दिन आपके मन मुताबिक दिलचस्प गतिविधियों में बीतेगा। आपका जीवनसाथी आपके लिए किसी फायदे की बात करेगा। शादीशुदा लोगों का गृहस्थ जीवन भी आज खुशहाल रहेगा। आप अपने प्रेमी के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताएंगे।




आज आपको कोई ऐसी खबर मिल सकती है जिसकी आपने कभी कल्पना भी नहीं की होगी। यही वह समय है जब आप अपने ऊंचे सपनों का पीछा फिर से शुरू कर सकते हैं। आज दूसरों की मदद करके आपको शांति मिलेगी।




आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायी रहेगा। बच्चों की समस्याओं को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने का प्रयास करें। आज अपने पिता या पिता तुल्य लोगों की हर संभव मदद करें। आज अपने जीवनसाथी से झूठ बोलना ठीक नहीं है। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने प्रियतम को अपने परिवार के सदस्यों से मिलवा सकते हैं।

## 'कर्तव्य'

प्रेरक प्रसंग

एक समय की बात है। एक नदी में एक महात्मा स्नान कर रहे थे। तभी एक बिच्छू जो पानी में डूब रहा था, उसे बचाते हुए बिच्छु ने महात्मा को डंक मार दिया।

महात्मा ने उसे कई बार बचाने की कोशिश की। बिच्छू ने उन्हें बार-बार डंक मारा। अंततः महात्मा ने उसे बचाकर नदी के किनारे रख दिया। थोड़ी दूर खड़े महात्मा के शिष्य यह सब देख रहे थे। जैसे ही वे नदी से बाहर आए तो शिष्यों ने पूछा कि जब वह बिच्छू आपको बार-बार डंक मार रहा था तो आपको उसे बचाने की क्या आवश्यकता थी?

तब महात्मा ने कहा - बिच्छू एक छोटा जीव है, उसका कर्म काटना है, जब वह अपना कर्तव्य नहीं भूला, तो मैं मनुष्य हूं मेरा कर्तव्य दया करना है तो मैं अपना कर्तव्य कैसे भूल सकता हूं।

**सीख :** इस कहानी से हमें यह शिक्षा मिलती है कि मार्ग कितना भी कठिन क्यों न हों। मनुष्य को कभी अपना कर्तव्य नहीं भूलना चाहिए। कर्तव्य पथ पर चलकर ही उसे अपनी मंजिल मिल सकती है। बेशक इसमें बाधाएं आती हैं लेकिन इनसे घबराना नहीं चाहिए बल्कि उनका डटकर मुकाबला करने का दृढ़ संकल्प हमारे मन में होना चाहिए। तभी हमें सफलता प्राप्त हो सकेगी।

## सुडोकु 1939

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | | | | | |
| 8 | 2 | | | 9 | 3 | | | |
| 3 | 7 | | | 2 | | 6 | | |
| | 8 | | | 3 | | | | |
| | 6 | | | | | | 9 | 5 |
| | | 4 | | | 6 | 2 | | |
| | 3 | | | | 7 | 1 | | |
| | | 7 | | | 2 | | | 8 |
| 1 | | 5 | | | | | | 4 |

**संकेत:** आड़े, खड़े व 3 गुणा 3 के वर्ग में 1 से 9 तक के अंक इस प्रकार भरें कि किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा।

### सुडोकु 1938 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 2 | 1 | 7 |
| 5 | 7 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 3 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 1 | 5 | 9 | 3 | 8 | 6 | 2 | 4 |
| 2 | 9 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 3 | 1 |
| 8 | 3 | 7 | 6 | 5 | 1 | 9 | 4 | 2 |
| 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 8 | 9 | 1 | 7 | 6 |

## प्रदेश समाचार

### राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने 20 सूत्री मांगों को लेकर की मुलाकात

# 'आयुक्त संस्कृत शिक्षा से वार्ता में कई बिंदुओं पर बनी सहमति'



महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के प्रतिनिधि मंडल ने संस्कृत शिक्षा में शिक्षकों की विभिन्न मांगों के निराकरण को लेकर आयुक्त संस्कृत शिक्षा जयपुर से वार्ता की। प्रतिनिधि मंडल में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा, प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा, प्रदेश सभाध्यक्ष संपत सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष संस्कृत उदयपुर संभाग अभय सिंह राठौड़, पवन जाखड़, मनोज कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

जिला संगठन मंत्री गोकुल कुमार जांगिड़ ने बताया कि आयुक्त संस्कृत शिक्षा से वार्ता में कई बिंदुओं पर सहमति हुई, जिनमें नामांकन एवं विषय के आधार पर पदों का पुनः निर्धारण करने तथा जिन वरिष्ठ उपाध्याय, प्रवेशिका विद्यालयी में संस्कृत, गणित, विज्ञान, अंग्रेजी आदि के पद सृजित नहीं हैं एवं जिन विद्यालयों में पद अधिशेष हैं, उन्हें प्रत्याहारित कर आवंटित करने, विभाग में वरिष्ठ उप-निरीक्षक एवं उप-निरीक्षक के पदनाम को अतिरिक्त संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी एवं सहायक संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी करने, संभाग स्तरीय खेलकूद प्रकोष्ठ का गठन कर वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक को संभाग कार्यालय में पदस्थापन किए जाने, निदेशालय द्वारा बार-बार एसीआर, संतान संबंधी घोषणा पत्र मांगना बंद करने, संभागीय संस्कृत शिक्षा अधिकारी और सहायक निदेशक दोनों ही प्रधानाचार्य से पदोन्नति के पद हैं, परन्तु पदोन्नति पश्चात ग्रेड पे 6600 ही रहती है, इसे 7600 किया जाने सहित विभिन्न मांगें शामिल रहीं। प्रदेश अध्यक्ष पुष्करणा ने बताया कि वार्ता के परिणाम स्वरूप कई मांगों के प्रस्ताव बनाकर भिजवाने पर निर्णय हुआ। प्रमुख रूप से नवगठित संभागों में संभाग संस्कृत शिक्षा कार्यालय खोलना एवं प्रत्येक जिला स्तर पर प्रशासनिक कार्यालय का सृजन कराना है।

### भाजपा की संगठन कार्यशाला आज

**चाकसू (मसं.)।** भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल चाकसू की संगठन पर्व की कार्यशाला गोपीनाथ जी मन्दिर मनोहरा तालाब चाकसू पर गुरुवार को होगी। चाकसू मंडल संयोजक रामबाबू गोडिवाल ने बताया कि कार्यशाला में सदस्यता अभियान को लेकर कार्यक्रम प्रभारी रतन राजोरिया (पूर्व अध्यक्षा) नगर पालिका फुलेरा का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

# मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



महानगर संवाददाता

**रामगढ़ पचवारा।** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मुरारीलाल जांगिड़ ने बुधवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बाढ़ बड़वा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बाड़ बड़वा व पीईईओ क्षेत्र सोनड़ में सफाई के निर्देश दिए। इस पर विद्यालय के समस्त स्टाफ ने सफाई अभियान की पहल करते हुए विद्यालय के मध्यांतर समय से सफाई का आगाज करते हुए विद्यालय के मुख्य द्वार तक साफ-सफाई की। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विद्यालय स्टाफ ने एक अनुकरणीय पहल कर साफ सफाई का संपूर्ण ब्लॉक को संदेश देते हुए स्वच्छता अभियान में अपना सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर कार्यवाहक प्रधानाध्यापक नरेंद्र सिंह सहित विद्यालय स्टाफ एवं बच्चे व अभिभावक मौजूद रहे।

# 'नाम बदलकर लूट रहे झूठी वाहवाही, भाजपा की करतूतों से जनता वाकिफ'



### होटल खादिम का नाम बदलने पर पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

महानगर संवाददाता

**अजमेर।** अजमेर प्रवास पर आए पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ की ओर से अजमेर क्लब में बुधवार को मीट द प्रेस कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें राठौड़ ने मीडिया प्रतिनिधियों से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से भी मिले।

मीट द प्रेस कार्यक्रम में धर्मेंद्र राठौड़ ने होटल खादिम का नाम बदलने, अजमेर की पेयजल व सड़कों की समस्या, राजस्थान सहित देश भर में हुए उपचुनाव और महाराष्ट्र व झारखंड विधानसभा चुनाव के मुद्दों पर मीडिया से खुलकर बातचीत की। उनके सवालों के जवाब देकर भाजपा सरकार और भाजपा नेताओं को कठघरे में खड़ा कर दिया।

पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष राठौड़ ने होटल खादिम का नाम बदलने पर भाजपा सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने बरसों पुरानी होटल खादिम का नाम परिवर्तन कर होटल अजयमेरु कर दिया है। होटल का नाम बदलने से पहले भाजपा सरकार को अजमेर वासियों की भावना को भी जानने की कोशिश करनी चाहिए। किसी धर्म विशेष के नाम को टारगेट करना कतई उचित नहीं है। अजमेर गंगा जमुनी तहजीब का शहर है और अजमेर चौहान वंशज की कर्म भूमि है। यहां सभी धर्मों के लोग बरसों से सांप्रदायिक सौहार्द के साथ रहकर मिसाल कायम का रहे हैं।

# चोट के बाद गिल पहला टेस्ट खेलने को तैयार!

### मोर्नी मोर्कल ने दिया अपडेट, बोले...मैच की सुबह लिया जाएगा फैसला

### कल से पर्थ में खेला जाएगा पहला टेस्ट मैच

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 टेस्ट मैचों की बॉर्डर गावस्कर सीरीज की शुरुआत 22 नवम्बर से होगी। सीरीज का पहला टेस्ट मैच पर्थ में खेला जाएगा। नियमित कप्तान रोहित शर्मा पहला टेस्ट खेलने से चूक सकते हैं। उनकी गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह भारतीय टीम की कमान संभाल सकते हैं। रोहित के अलावा शुभमन गिल भी पहले टेस्ट से बाहर हो सकते हैं। अभ्यास के दौरान शुभमन गिल चोटिल हो गए थे। ऐसे में कयास लगाए जा रहे थे कि गिल टेस्ट सीरीज के 1-2 मुकाबलों से बाहर हो सकते हैं। अब भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने गिल की चोट पर अपडेट दिया है। मोर्कल ने कहा कि शुभमन गिल पहला टेस्ट खेलेंगे या नहीं यह निर्णय 22 नवंबर को सुबह लिया जाएगा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोर्ने मोर्कल ने ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी की भी जमकर तारीफ की। भारत के गेंदबाजी कोच ने कहा, 'नीतीश रेड्डी ऐसे प्लेयर हैं जो हमारा एक छोर संभाल सकते हैं। पिछले कुछ दिनों से उन्होंने विकेट टू विकेट गेंदबाजी की है। दुनिया की कोई भी टीम ऐसा ऑलराउंडर चाहेगी जो तेज गेंदबाजों की मदद कर सके। अब यह जसप्रीत बुमराह पर निर्भर करेगा कि वह किस तरह से इस्तेमाल करते हैं। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में उन पर नजर रखनी होगी। इसके अलावा मोर्कल ने तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी पर भी बात की। उन्होंने कहा, 'हम शमी पर भी नजर बनाए हुए हैं। वह एक साल से टीम से बाहर हैं। भारतीय टीम की यह जीत है कि वह खेल रहे हैं।'



#### गिल की चोट में हो रहा सुधार

पर्थ टेस्ट से पहले बुधवार को हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोर्ने मोर्कल ने गिल की चोट को लेकर कहा, 'शुभमन गिल की चोट में लगातार सुधार हो रहा है। हम 22 नवंबर को ही फैसला करेंगे कि वह पहला टेस्ट खेल रहे हैं या नहीं। चोटिल होने से पहले वह लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे।' गिल की चोट को देखते हुए भारतीय टीम में देवदत्त पडिक्कल को बैक अप ऑप्शन के रूप में शामिल किया गया है।

#### बुमराह की कप्तानी पर की बात

पहले टेस्ट में जसप्रीत बुमराह भारतीय टीम की कमान संभालते नजर आएंगे। बुमराह की कप्तानी को लेकर मोर्ने मोर्कल ने कहा, 'जसप्रीत बुमराह ने अपना हाथ आगे बढ़ाया और कप्तानी की भूमिका चाहते थे। वह पहले भी ऑस्ट्रेलिया में बहुत सफल रहे हैं, इसलिए उन्हें पता है कि क्या उम्मीद करनी है। वह ड्रेसिंग रूम में काफी अच्छा बोलते हैं। मैं जानता हूं कि वह आगे बढ़कर टीम की कमान संभालेंगे। अन्य युवा प्लेयर उन्हें फॉलो करेंगे।'

# कंगारुओं के घर पर शर्मनाक है भारतीय टीम का रिकॉर्ड

### डब्ल्यूटीसी फाइनल की राह नहीं होगी आसान

**नई दिल्ली।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम इन दिनों ऑस्ट्रेलिया में है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से 5 टेस्ट मैचों की सीरीज का आगाज होगा। सीरीज का पहला मुकाबला पर्थ में खेला जाएगा। भारतीय टीम की नजर जीत के साथ सीरीज का आगाज करने पर होगी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से यह सीरीज भारत के लिए काफी अहम है। अगर भारतीय टीम को डब्ल्यूटीसी का फाइनल खेलना है तो हर हाल में इस सीरीज को बड़े अंतर से जीतना होगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट में हेड टू हेड के आंकड़े काफी डराने वाले हैं। दोनों टीमों के टेस्ट में आमना-सामना देखें तो कंगारू टीम का पलड़ा कहीं भारी नजर आता है। दोनों टीमों के बीच अब तक 107 टेस्ट मैच खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम ने 32 टेस्ट जीते हैं। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया ने 45 मुकाबले अपने नाम किए हैं। 1 मैच टाई और 29 मुकाबले ड्रॉ भी रहे हैं।



#### ऑस्ट्रेलिया में डराने वाले आंकड़े

ऑस्ट्रेलिया में भारतीय टीम का रिकॉर्ड काफी शर्मनाक है। कंगारू जमीं पर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब तक 52 टेस्ट मैच खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम सिर्फ 9 टेस्ट ही जीत सकी है। इसके अलावा टीम इंडिया को 45 मैच में हार का सामना करना पड़ा है। इस दौरान 1 मुकाबला टाई और 29 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं।

#### कंगारू जमीं पर भारत और ऑस्ट्रेलिया का हेड टू हेड

| | |
|---|---|
| कुल मैच: | 52 टेस्ट |
| भारत ने जीते: | 9 टेस्ट |
| ऑस्ट्रेलिया ने जीते: | 30 टेस्टट |
| टाई: | कोई नहीं |
| ड्रॉ: | 13 टेस्ट |

#### बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में प्रदर्शन

बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की शुरुआत 1996 से हुई थी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में अब तक 56 टेस्ट मैच खेले गए हैं। इस दौरान भारत के पाले में 24 मैच आए हैं। साथ ही ऑस्ट्रेलिया टीम ने 20 मैच जीते हैं और 12 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया की धरती पर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान दोनों टीमें 27 बार टकराई हैं। इस दौरान भारतीय टीम को 6 मैच में जीत मिली है। साथ ही 14 में टीम को हार मिली है और 7 मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं।

### आईसीसी रैंकिंग: लिविंगस्टन से छीना नंबर-1 का ताज

# हार्दिक पांड्या बने नंबर-1 ऑलराउंडर



महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने एक बार फिर आईसीसी टी20 अन्तरराष्ट्रीय ऑलराउंडर की रैंकिंग में पहला स्थान हासिल कर लिया। हार्दिक पांड्या ने लियाम लिविंगस्टन को पछाड़कर नंबर-1 का टैग अपन नाम किया। उनके अलावा युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा ने टॉप-10 में अपनी एंट्री की। तिलक वर्मा ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल सीरीज में लगातार दो शतक जड़े थे, जिसके बाद उन्हें रैंकिंग में तगड़ा फायदा मिला हैं। तिलक वर्मा ने 69 स्थानों की लंबी छलांग लगाई है।

दरअसल, हार्दिक पांड्या ने टी20 अन्तरराष्ट्रीय ऑलराउंडर में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए इंग्लैंड के लियाम लिविंगस्टोन और नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी को पीछे छोड़ दिया हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई चार मैचों की टी20 अन्तरराष्ट्रीय सीरीज में हार्दिक ने बल्ले और गेंद दोनों से अहम योगदान दिया और उनके इस प्रदर्शन के बाद ही ये बड़ा इनाम मिला है।


गौरतलब है कि भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका को चार मैचों की टी20 अन्तरराष्ट्रीय सीरीज में 3-1 से मात दी। इस जीत में हार्दिक पांड्या का अहम रोल रहा, जिन्होंने दूसरे मैच में नाबाद 39 रन बनाए। ये रन उस वक्त निकले, जब टीम इंडिया मुश्किल स्थिति में थी। हालांकि, भारत वह मैच हार गया। इसके बाद आखिरी टी20 मैच में तीन ओवरों में 1/8 के उनके किफायती स्पैल ने भारत के लिए श्रृंखला जीत सुनिश्चित की। इस प्रदर्शन के बाद दूसरी बारी उन्होंने टी20 ऑलराउंडर का पहला स्थान हासिल किया है।

वहीं भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में दो शतक लगाए, जिसके बाद वह बैटर्स रैंकिंग में 17 स्थान ऊपर चढ़कर 22वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि ट्रिस्टन स्टब्स (तीन पायदान ऊपर 23वें स्थान पर) पहुंच गए। इसके अलावा हेनरिक क्लासेन (छह स्थान ऊपर 59वें स्थान पर) पहुंचे हैं।

टी20 बल्लेबाजों की सूची में श्रीलंका के दाएं हाथ के कुसल मेंडिस (तीन स्थान की छलांग लगाकर 12वें स्थान पर) और वेस्टइंडीज के हार्ड-हिटर शाई होप (16 स्थान की छलांग लगाकर) 21वें स्थान पर पहुंचे, जबकि ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस को भी फायदा हुआ है। पाकिस्तान के खिलाफ अपने हालिया अर्धशतक के बाद 10 स्थान के सुधार के साथ 45वें स्थान पर पहुंच गए।

#### तिलक वर्मा ने 69 स्थानों की लगाई लंबी छलांग

##### बैटिंग रैंकिंग में पहुंचे तीसरे स्थान पर



तिलक वर्मा ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया। तिलक वर्मा को भारत-साउथ अफ्रीका टी20 सीरीज के बाद प्लेयर ऑफ द सीरीद से नवाजा गया। तिलक ने बल्ले से दो शतक जड़े और पूरी सीरीज में 280 रन बनाए। तिलक वर्मा को इस सीरीज में दमदार प्रदर्शन करने का फायदा मिला। आईसीसी रैंकिंग में तिलक वर्मा ने 69 स्थानों की लंबी छलांग लगाई और तीसरे स्थान पर पहुंचे। टी20 इंटरनेशनल बैटर्स रैंकिंग में दूसरे स्थान पर फिल साल्ट है, जबकि पहले नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड शुमार हैं।

# क्रिकेट खिलाड़ी शुभम शर्मा का महाविद्यालय लौटने पर किया स्वागत



महानगर संवाददाता

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे के एसबीएन पीजी कॉलेज श्रीमाधोपुर के एम ए प्रीवियस के छात्र शुभम शर्मा पुत्र ललित शर्मा निवासी लक्ष्मणगढ़ का राजस्थान की कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी अंडर 23 टीम में चयन हुआ है। वे पूर्व में सीकर जिले की कॉल्विन शील्ड टीम में खेल चुके हैं तथा वर्तमान में अंडर-23 टीम में सीकर का प्रतिनिधित्व करते हुए उपविजेता रहे। महाविद्यालय खेल सचिव बनवारी लाल जीतरवाल ने बताया कि उन्होंने आठ मैचों में 50.43 की औसत से 353 रन बनाए और इस शानदार प्रदर्शन के बल पर राजस्थान की अंडर 23 टीम में चयन हुआ। यह प्रतियोगिता 15 से 18 नवंबर तक आयोजित की गई। छात्र के महाविद्यालय लौटने पर महाविद्यालय निदेशक डॉ. मुकेश बल्डवाल, सचिव इंजी. प्रदीप धायल, प्राचार्य डॉ. सुरेश कुमार जाट, खेल सचिव बनवारी लाल जीतरवाल, उप प्राचार्य प्रवीण कुमार शर्मा व समस्त स्टाफ सदस्यों ने माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर व प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया।

### अंडर 19 कूच बिहार ट्रॉफी

# राजस्थान के गेंदबाजों ने केरल को 148 रनों पर समेटा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में बुधवार से जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम पर राष्ट्रीय अंडर 19 क्रिकेट प्रतियोगिता कूच बिहार ट्रॉफी के राजस्थान-केरल मैच की शुरुआत हुई। पहले दिन राजस्थान के गेंदबाज गुलाब सिंह, आभास श्रीमाली, जतिन व निर्मल की शानदार गेंदबाजी की सहायता से राजस्थान ने केरल को पहली पारी में सस्ते में आउट किया। टॉस जीतकर राजस्थान ने केरल को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया।

राजस्थान के गेंदबाज गुलाब सिंह 57/4, आभास श्रीमाली 17/3, जतिन 34/2 व निर्मल बिश्नोई ने 28 रन देकर 1 विकेट प्राप्त करते हुए केरल को पहली पारी में मात्र 148 रनों के स्कोर पर ऑल आउट कर दिया। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक राजस्थान ने पहली पारी में 2 विकेट के नुकसान पर 72 रन बना लिए थे। टीम के लिए पार्थ यादव नाबाद 37 व आकाश मुंडेल नाबाद 17 रन बनाकर खेल रहे हैं। मनय कटारिया ने 18 रनों का योगदान दिया।

### स्टार फुटबॉलर मेसी 14 साल बाद भारत आएंगे

**नई दिल्ली।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी अगले साल एक इंटरनेशनल मैच के लिए भारत आएंगे। उनकी नेशनल टीम अर्जेंटीना केरल का दौरा करेगी। यह मुकाबला जून या जुलाई में खेला जाएगा। हालांकि यह मुकाबला किस टीम के खिलाफ खेला जाएगा, यह नहीं बताया गया है। इससे पहले, मेसी 2011 में एक इंटरनेशनल फ्रेंडली मैच के लिए भारत आए थे। केरल के खेल मंत्री वी. अब्दुरहीमान ने बुधवार को कहा, 'मेसी सहित अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम अगले साल एक इंटरनेशनल मैच के लिए राज्य का दौरा करेगी। अब्दुरहीमान ने आगे कहा कि मैच राज्य सरकार की पूरी निगरानी में आयोजित किया जाएगा।



### महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव

# बेटी सारा व पत्नी के साथ वोट डालने पहुंचे सचिन तेंदुलकर

महानगर संवाददाता

**मुम्बई।** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने मुंबई में बुधवार सुबह अपने परिवार के साथ मतदान किया। 20 नवंबर को तेंदुलकर सुबह सवेरे पोलिंग बूथ पहुंचे। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी अंजलि और बेटी सारा नजर आईं, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। एक वीडियो में सचिन तेंदुलकर मतदाताओं से आगे बढ़कर वोट देने की अपील भी करते दिखे। मतदान के बाद सचिन, अंजलि और सारा ने अपनी स्याही लगी उंगली भी दिखाईं। इसका वीडियो भी सामने आया है।

दरअसल, महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर मुंबई के बांद्रा वेस्ट सेंटर पर वोट डालने पहुंचे।



इस दौरान उनके साथ पत्नी अंजलि और बेटी सारा तेंदुलकर भी नजर आईं। सचिन को देखकर फैंस उनसे मिलने के लिए बेताब नजर आए। इस दौरान वोट डालने के बाद एक बातचीत में सचिन ने कहा, 'मैं पिछले कुछ समय से ईसीआई (भारत के चुनाव आयोग) का प्रतीक रहा हूं। मैं जो संदेश दे रहा हूं, वह है वोट देना। यह हमारी जिम्मेदारी है। मैं सभी से आग्रह करता हूं कि वे बाहर आकर वोट करें।'

# राफेल नडाल ने टेनिस से लिया संन्यास

### 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अपने आखिरी मैच में हारे

विशेष संवाददाता

**मालागा (स्पेन)।** दुनिया भर में 'लाल बजरी का बादशाह' के नाम से मशहूर, 22 बार ग्रैंड स्लैम विजेता स्पेन के राफेल नडाल ने पेशेवर टेनिस से संन्यास ले लिया है। मंगलवार को नडाल ने अपना आखिरी मुकाबला खेला। हालांकि इस दिग्गज के कॅरियर का अंत उस तरह से नहीं हुआ, जैसा टेनिस फैंस को उम्मीद थी, क्योंकि वे स्पेन के डेविस कप क्वार्टर फाइनल मुकाबले में नीदरलैंड के खिलाफ हार गए। स्पेन के इस खिलाड़ी को डच खिलाड़ी बोटिक वैन डे जैंड्सचुल्प के खिलाफ सीधे सेटों में 4-6, 4-6 से हार का सामना करना पड़ा।

14 बार के फ्रेंच ओपन विजेता 38 वर्षीय खिलाड़ी को 80वीं रैंकिंग वाले डच खिलाड़ी ने सीधे सेटों में सिंगलस मुकाबले में हरा दिया।

**नेशनल एंथम के दौरान भावुक हुए नडाल:** पेशेवर टेनिस में अपना आखिरी मुकाबला खेलने से पहले दिग्गज खिलाड़ी काफी इमोशनल नजर आए। डेविस कप क्वार्टरफानल मैच से पहले नडाल नेशनल एंथम के दौरान भावुक हुए और उनकी आंखों से आंसू छलक गए। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। हालांकि, आखिरी मैच जीतकर नडाल अपनी फैंस को खुशी नहीं दे सके, लेकिन टेनिस में उनकी द्वारा हासिल की गई तमाम उपलब्धियां उन्हें इस खेल का दिग्गज बनाती हैं।



#### मैच के बाद नडाल की इमोशनल फेयरवेल स्पीच

22 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने अपने रिटायरमेंट के सम्मान में मैच के बाद आयोजित समारोह में मलागा में फैंस से कहा, 'मैं इस मानसिक शांति के साथ जा रहा हूं कि मैंने एक विरासत छोड़ी है, जो मुझे वास्तव में लगता है कि केवल खेल से संबंधित नहीं बल्कि व्यक्तिगत है। मैं समझता हूं कि मुझे जो प्यार मिला है, अगर वह सिर्फ कोर्ट पर हुई घटनाओं के लिए होता, तो वह वैसा नहीं होता।' नडाल ने आगे कहा, 'टाइटल, नंबर वहां हैं, इसलिए लोग शायद यह जानते हैं, लेकिन जिस तरह से मैं अधिक याद किया जाना चाहता हूं, वह एक अच्छे व्यक्ति की तरह है, जो मैलोर्का के एक छोटे से गांव से आया है।'

### कोर्ट के आदेश पर कराया मस्जिद का सर्वे, याचिकाकर्ता ने हिंदू मंदिर के बहुत से संकेत और निशान मिलने का किया दावा

# संभल के जिस मंदिर में होगा कल्कि अवतार, उसे तोड़कर बाबर ने बना दी थी जामा मस्जिद

**महानगर संवाददाता**

**संभल।** उत्तर प्रदेश में संभल जिले की एक अदालत के आदेश पर जामा मस्जिद का सर्वेक्षण किया गया। दावा है कि इस मस्जिद का निर्माण किसी मंदिर को खंडित करके किया गया है।

याचिकाकर्ता अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने बताया कि सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत ने जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के लिए 'एडवोकेट कमीशन' गठित करने के निर्देश दिए। अदालत ने कहा कि कमीशन के माध्यम से वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी सर्वे कराकर अदालत में रिपोर्ट दाखिल की जाए। उन्होंने कहा कि संभल में हरिहर मंदिर हमारी आस्था का केंद्र है। हमारी धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यहां पर दशावतार में से कल्कि अवतार होना है। वर्ष 1529 में बाबर ने मंदिर को तोड़ कर मस्जिद में बदलने की कोशिश की थी। यह भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित क्षेत्र है। उसमें किसी भी तरह का अतिक्रमण नहीं हो सकता। जैन ने कहा कि वहां पर बहुत सारे निशान और संकेत हैं, जो हिंदू मंदिर के हैं। इन सारी बातों को ध्यान रखते हुए अदालत ने यह आदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में एएसआई, उत्तर प्रदेश सरकार, जामा मस्जिद कमेटी और संभल के जिलाधिकारी को पक्षकार बनाया गया है।

जैन ने बाद में एक्स पर पोस्ट किया कि सिविल कोर्ट संभल ने मेरी याचिका पर 'एडवोकेट कमिश्नर' द्वारा संभल में कथित



जामा मस्जिद का सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया है, जिसे हरि हर मंदिर के नाम से जाना जाता था। बाबर ने 1529 में इस स्थान को आंशिक रूप से ध्वस्त कर दिया था। ऐसा माना जाता है कि कल्कि अवतार संभल में होना है। हम आपको बता दें कि संभल के जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने संवाददाताओं से कहा कि आदेश के अनुसार 'एडवोकेट कमिश्नर' ने सर्वे किया था। इस दौरान दोनों पक्ष मौजूद थे। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ सुरक्षा दे रहे थे। एडवोकेट कमिश्नर ने सर्वे किया है और वह अपनी रिपोर्ट अदालत में दाखिल करेंगे। फिलहाल सर्वे की कार्रवाई पूरी हो चुकी है। अगर जरूरत पड़ी तो न्यायालय फैसला करेगा।

इस बीच संभल से सपा सांसद जिया उर रहमान बर्क ने कहा कि संभल की जामा मस्जिद ऐतिहासिक और बहुत पुरानी है। 1991 में सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश दिया था कि 1947 से जो भी धार्मिक स्थल जिस स्थिति में हैं, वे अपने स्थान पर ही रहेंगे। इसके बाद भी कुछ लोग देश और प्रदेश का माहौल खराब करना चाहते हैं। हम उनके खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि यहां आए एडवोकेट कमीशन ने अपनी सर्वे रिपोर्ट तैयार कर ली है। उन्हें एक इंच जगह पर भी आपत्ति नहीं हो सकती। वहां मस्जिद थी, मस्जिद है और मस्जिद रहेगी।

## अकाली दल के उपाध्यक्ष जोशी ने दिया इस्तीफा

### नीतियों पर उठाए सवाल, लिखा- धर्म और सांप्रदायिक एजेंडे में उलझी है पार्टी

**महानगर संवाददाता**

**अमृतसर।** शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री अनिल जोशी ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। जोशी ने इस्तीफे में पार्टी की मौजूदा नीतियों और कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। अकाली दल के वाइस प्रेसिडेंट और अमृतसर नॉर्थ से उम्मीदवार रहे अनिल जोशी ने अपना इस्तीफा पार्टी कार्यकारी प्रधान बलविंदर सिंह भूंदड़ को भेजा है। जोशी ने अपने इस्तीफे में कहा कि पिछले कुछ समय से पार्टी ने असली मुद्दों को उठाना बंद कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी केवल सांप्रदायिक राजनीति और धर्म आधारित एजेंडे तक सिमट गई है। उन्होंने लिखा कि ऐसा लगता है कि शिरोमणि अकाली दल केवल धर्म और सांप्रदायिक एजेंडे में शामिल है। मैं इस सांप्रदायिक राजनीति में अपने लिए कोई जगह नहीं देखता।



**सुखबीर सिंह बादल की भूमिका पर सवाल:** जोशी ने पार्टी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल की कार्यशैली पर अप्रत्यक्ष रूप से निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रकाश सिंह बादल के निधन के बाद पार्टी की स्थिति और ज्यादा खराब हो गई है। सुखबीर सिंह बादल को भी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

# मणिपुर में ताजा हिंसा के लिए चिदंबरम की नीतियां जिम्मेदार

### सीएम बीरेन सिंह ने कहा- केंद्रीय गृह मंत्री रहते म्यांमार के उग्रवादी गुटों से किया था समझौता

**महानगर संवाददाता**

**इंफाल।** मणिपुर में फिर से हिंसा का दौर शुरू होने के बाद मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने पहली बार बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में फिर से हिंसा पी. चिदंबरम की नीतियों के कारण शुरू हुई है। सीएम बीरेन सिंह ने चिदंबरम की एक पुरानी तस्वीर दिखाते हुए कहा कि मणिपुर में ताजा हिंसा म्यांमार से आए अवैध अप्रवासियों के कारण हो रही है। ये ड्रग्स के व्यापार के लिए मणिपुर आए थे और अब पूरे नॉर्थ-ईस्ट को कंट्रोल करने की कोशिश कर रहे हैं। जब चिदंबरम यूपीए सरकार में केंद्रीय गृह मंत्री थे, तब उन्होंने 12 से ज्यादा कुकी उग्रवादी ग्रुप और केंद्र-राज्य सरकार के बीच एक समझौता किया था। तब मणिपुर में कांग्रेस के ओ इबोबी मुख्यमंत्री थे। चिदंबरम और इबोबी म्यांमार के जोमी रिवोल्यूशनरी आर्मी के अध्यक्ष थांगलियानपाउ गुइते को मणिपुर लाए थे। इस तस्वीर में गुइते और चिदंबरम हाथ मिलाते नजर आ रहे हैं।



#### 'चिदंबरम ने ही विदेशियों को देश और मणिपुर में लेने दी एंट्री'

दरअसल, चिदंबरम ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा था कि कि मैतेई, कुकी-जो और नगा केवल तभी एक राज्य में साथ रह सकते हैं, जब उन्हें वास्तविक क्षेत्रीय स्वायत्तता मिले। चिदंबरम की पोस्ट से कांग्रेस ने किनारा कर लिया था। बाद में चिदंबरम ने पोस्ट भी डिलीट कर दी थी। इसी पोस्ट का जवाब देते हुए सीएम बीरेन सिंह ने कहा कि मुझे चिदंबरम की पोस्ट देखकर हंसी आती है। मैं उन्हें इन तस्वीरों के जरिए याद दिलाना चाहता हूं कि उन्होंने ही इन विदेशियों को भारत में और मणिपुर में एंट्री लेने दी। चिदंबरम ने ही अवैध अप्रवासियों के अंडरग्राउंड ग्रुप से समझौते भी किए।

#### महिलाओं और मासूम बच्चों के हत्यारों की तलाश जारी

सीएम बीरेन सिंह ने कहा कि जिरीबाम में 3 महिलाओं और 3 मासूम बच्चों के हत्यारों की तलाश की जारी है। जब तक वे पकड़े नहीं जाते, तब तक सरकार चैन से नहीं बैठेगी। इस तरह की बर्बर हत्या के लिए किसी भी समाज में कोई जगह नहीं है। मैं आश्वस्त करता हूं कि इन कुकी उग्रवादियों की तलाश की जा रही है। उन्हें बहुत जल्द न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। हम तब तक चैन से नहीं बैठेंगे, जब तक कि उन्हें उनकी हरकतों के लिए जवाबदेह नहीं ठहराया जाता।

#### सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम

मणिपुर अखंडता पर समन्वय समिति ने विधायकों के प्रस्तावों की समीक्षा के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। ऐसा न करने पर आंदोलन तेज करने की धमकी दी है। प्रवक्ता के. अथौबा ने कहा कि मणिपुर के लोग प्रस्तावों से संतुष्ट नहीं हैं, जिसमें हत्या में शामिल कुकी उग्रवादियों के खिलाफ अभियान चलाने की बात कही गई है। हम राज्य के सभी हिस्सों में ऐसे समूहों के खिलाफ अभियान चलाने की मांग कर रहे हैं।

## गुजरात में एमबीबीएस छात्र की रैगिंग से मौत

### परिजन बोले- ऐसी मानसिकता वाले कैसे डॉक्टर बन सकते हैं, इन्हें उम्रकैद हो

**महानगर संवाददाता**

**पाटण।** गुजरात में पाटण जिले में रैगिंग से एक स्टूडेंट की मौत के मामले में धारपुर मेडिकल कॉलेज के 15 सीनियर छात्रों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सभी को कॉलेज से भी सस्पेंड कर दिया गया है। पुलिस ने बुधवार को सभी आरोपी छात्रों को कोर्ट में पेश कर रिमांड अवधि बढ़ाने की मांग की। मृतक छात्र अनिल मेथानिया धारपुर मेडिकल कॉलेज का फर्स्ट ईयर का स्टूडेंट था। यहां अनिल समेत 11 जूनियर स्टूडेंट की रैगिंग हुई थी। घंटों तक खड़े रहने के बाद अनिल गिर गया और बेहोश हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां उसने खुद ही पुलिस को बताया था कि उसे तीन घंटे तक खड़ा रखा गया था। अनिल के चचेरे भाई गौरव ने कहा कि जिन स्टूडेंट्स की मानसिकता दूसरों को दुख देने की है, वे डॉक्टरी जैसे सेवा क्षेत्र में कैसे काम कर सकते हैं। ये किस तरह के डॉक्टर बनेंगे? ऐसे आपराधिक मानसिकता वाले लोगों की पढ़ाई बंद कर उम्रकैद की सजा दी जानी चाहिए। अनिल एक इंटेलिजेंट स्टूडेंट था। हमारे परिवार में एमबीबीएस कर रहा वह पहला बेटा था। वह भविष्य में डॉक्टर बनता।



## लोकायुक्त के समक्ष कर्नाटक सीएम के साले ने दी गवाही



**महानगर संवाददाता**

**कर्नाटक।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के साले मल्लिकार्जुन स्वामी ने लोकायुक्त पुलिस के समक्ष गवाही दी। लोकायुक्त पुलिस कथित मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) स्थल आवंटन घोटाले की जांच कर रही है। लोकायुक्त सूत्रों ने बताया कि स्वामी दस्तावेजों के साथ लोकायुक्त पुलिस कार्यालय पहुंचे। सूत्रों के अनुसार लोकायुक्त अधिकारियों ने बैंक लेनदेन से संबंधित विवरण मांगा है। लोकायुक्त पुलिस द्वारा दर्ज एमयूडीए मामले में तीसरे आरोपी मल्लिकार्जुन स्वामी से पहले भी पूछताछ की जा चुकी है। एमयूडीए मामले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनकी पत्नी पार्वती बीएम भी आरोपी हैं। जांच दल ने उनसे भी पूछताछ की। लोकायुक्त पुलिस सामाजिक कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्णा की शिकायत के बाद पार्वती को मैसूरु के पॉश इलाके में 14 एमयूडीए स्थलों के आवंटन की जांच कर रही है।


## दिल्ली में 5वें दिन भी एक्यूआई 400 पार, 79 फ्लाइट्स लेट, 6 डायवर्ट

### 50 फीसदी सरकारी कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम

**महानगर संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में बुधवार को भी हवा जहरीली बनी रही। लगातार 5वें दिन एक्यूआई 400 के पार रहा। 15 नवंबर को इसका लेवल 396 था। बुधवार सुबह 6 बजे कई इलाकों में एक्यूआई 450 और 9 बजे 424 रहा, जो गंभीर श्रेणी में आता है। शहर का सबसे प्रदूषित इलाका मुंडका रहा, जिसका एक्यूआई 464 रहा। वहीं, वजीरपुर व अलीपुर में एक्यूआई 462 रिकॉर्ड किया गया। प्रदूषण के कारण छाई धुंध से पालम समेत कुछ इलाकों में विजिबिलिटी घटकर 150 मीटर रह गई। इस कारण 79 फ्लाइट्स ने देरी से उड़ान भरी और 6 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गईं। इसके अलावा रेलवे ने बताया कि बुधवार को 13 ट्रेनें देरी से चलीं।

वहीं दिल्ली सरकार ने सरकारी दफ्तरों में वर्क फ्रॉम होम का निर्णय लिया है। राज्य सरकार के 50 फीसदी सरकारी कर्मचारी घर से काम करेंगे। यह जानकारी पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दी है। इधर



बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जजों को डिजिटल सुनवाई का ऑप्शन दिया। सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा कि जहां भी संभव हो सके, कोर्ट वहां डिजिटल तरीके से सुनवाई करें। वकील वर्चुअल पैरवी कर सकते हैं। दरअसल, कपिल सिब्बल समेत सुप्रीम कोर्ट के कई वकीलों ने यह मांग की थी। कोर्ट ने अपने स्टाफ के लिए मास्क पहनना भी अनिवार्य कर दिया है।

# महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में किया बिटकॉइन घोटाले का पैसा इस्तेमाल!

### पूर्व आईपीएस ने सांसद सुप्रिया और कांग्रेस अध्यक्ष पटोले पर लगाया आरोप

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई।** एनसीपी (शरद गुट) की सांसद सुप्रिया सुले और महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले पर बिटकॉइन घोटाले का आरोप लगा है। पुणे के पूर्व आईपीएस अधिकारी रवींद्र नाथ पाटिल का दावा है कि दोनों नेताओं ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बिटकॉइन घोटाल का पैसा इस्तेमाल किया है। पूर्व आईपीएस रवींद्र ने कहा कि बिटकॉइन डीलर ने ही उन्हें बताया है कि इसमें बारामती सांसद और महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष भी शामिल हैं। वे पहले ही 150 करोड़ रुपए के बिटकॉइन बेच चुके हैं। उनके पास कई सौ करोड़ और हैं।

पाटिल ने बुधवार को चुनाव आयोग को पत्र लिखकर इस मामले में जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि मेरे पास सुले और पटोले की बातचीत के वॉइस नोट हैं। जिसमें वे चुनाव के लिए फंड जुटाने के लिए बिटकॉइन कैश कराने



की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लोगों की 10 ऑडियो क्लिप मिली हैं। इनमें सुप्रिया सुले, नाना पटोले, आईपीएस अमिताभ गुप्ता, आईपीएस भाग्यश्री नवटेक और गौरव मेहता की ऑडियो शामिल हैं। उधर, ईडी ने बिटकॉइन घोटाला मामले में छत्तीसगढ़ के रायपुर में रेड की। यहां सारथी एसोसिएट्स ऑडिट फर्म के कर्मचारी गौरव मेहता के ठिकानों पर छापेमारी की। वहीं, पाटिल के आरोपों पर भाजपा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस बातचीत के ऑडियो शेयर किए।

#### सुप्रिया ने आरोप झूठे बताए, ईसी-साइबर क्राइम से की शिकायत

पूर्व आईपीएस के आरोप के बाद सुप्रिया ने इसकी शिकायत चुनाव आयोग और साइबर क्राइम से की। सुप्रिया ने एक्स पर लिखा कि वोटिंग से एक रात पहले मतदाताओं को गुमराह करने के लिए झूठी खबर फैलाने के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। हमने झूठे आरोपों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। इसके पीछे की मंशा पूरी तरह से साफ है।

#### हार के डर से ओछी राजनीति कर रही है भाजपा : पटोले

बिटकॉइन के आरोप पर नाना पटोले ने कहा कि सब लोग मेरी आवाज अच्छे से समझते हैं। भाजपा हार के डर ओछी राजनीति कर रही है। विनोद तावड़े पैसे बांटते पकड़े गए, देवेंद्र फणडवीस के पीए के गोदाम में शराब मिली। ये लोग महाराष्ट्र में वोट जिहाद और शराब जिहाद लाना चाहते हैं। पाटिल जो कभी आईपीएस नहीं रहा, वो खुद जेल में था।

## ग्लोबल

## पाकिस्तान में सेना की पोस्ट पर हमला, 12 सैनिकों की मौत

### कार में रखे विस्फोटक में ब्लास्ट किया, 6 आतंकी भी मारे गए

**पेशावर**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले में मंगलवार रात को सेना की एक पोस्ट पर आत्मघाती हमला हुआ है। इस हमले में 12 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई है। वहीं 6 आतंकी भी मारे गए है। आतंकी एक गाड़ी में सवार होकर चेक पोस्ट पर हमला करने पहुंचे थे।

पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग ने जानकारी देते हुए बताया कि आतंकी हमले को नाकाम कर दिया गया। हालांकि आतंकियों ने चेक पोस्ट की दीवार में गाड़ी टकराते हुए उसमें रखे विस्फोटक में ब्लास्ट कर दिया। ब्लास्ट की चपेट में आने से 12 सैनिक मारे



गए। वहीं जवाबी कार्रवाई में सेना ने 6 आतंकियों को भी मार गिराया। हमले के बाद सेना ने इलाके में कर्फ्यू लागू कर दिया है। तलाशी अभियान जारी है।

**तीन दिन पहले बलूचिस्तान में हुआ था हमला:** पाकिस्तान के पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में तीन दिन पहले सेना की पोस्ट पर हमला हुआ था। इसमें हमले में पाक सुरक्षाबलों के 7 सैनिक मारे गए थे। हमले की जिम्मेदारी मिलिटेंट बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने ली थी। हमले में 40 से 50 बलूच विद्रोही शामिल थे।

# अब फिनलैंड, स्वीडन और नॉर्वे ने जारी किया युद्ध का अलर्ट

### नागरिकों को जरूरी सामान का स्टॉक रखने और जंग के लिए तैयार रहने के दिए निर्देश

**कीव**

रूस-यूक्रेन में तनाव बढ़ने के बाद तीन नॉर्डिक देशों ने युद्ध का अलर्ट जारी किया है। नॉर्वे, फिनलैंड और फिनलैंड ने अपने नागरिकों से जरूरी सामानों का स्टॉक रखने और अपने सैनिकों को जंग के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए हैं। दरअसल, इन देशों की सीमाएं रूस और यूक्रेन से सटी हैं। यूक्रेन पर परमाणु हमले की स्थिति में इन देशों पर असर पड़ सकता है।

नॉर्वे ने पर्चे बांटकर अपने नागरिकों को युद्ध को लेकर आगाह किया है। स्वीडन ने भी अपने 52 लाख से ज्यादा नागरिकों को पर्चे भेजे हैं। उन्होंने परमाणु युद्ध के दौरान विकिरण से बचाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली आयोडीन की गोलियां रखने के निर्देश दिए हैं। वहीं, तनाव के बीच अमेरिका ने यूक्रेन की राजधानी कीव में




बुधवार को अपनी एम्बेसी बंद कर दी है। इसके अलावा इटली, ग्रीस और स्पेन ने भी एक दिन के लिए कीव दूतावास बंद रखने का फैसला किया है।

**एम्बेसी ने कर्मचारियों को सुरक्षित जगह पर जाने को कहा:** अमेरिकी एम्बेसी ने अपने कर्मचारियों को सुरक्षित जगह पर रहने को कहा है। इसके साथ ही यूक्रेन में रहने वाले अमेरिकी यात्रियों को भी सावधानी बरतने को कहा है और किसी खतरे की स्थिति में सुरक्षित जगह पर जाने के लिए तैयार रहने की सलाह दी है। बाइडेन प्रशासन ने 3 दिन पहले यूक्रेन को लंबी दूरी के मिसाइल का रूस में इस्तेमाल करने की इजाजत दी थी। इसके बाद से दोनों देशों में तनाव बढ़ गया है।

**बिजली कटौती के हिसाब से पावर बैकअप रखने के निर्देश:** फिनलैंड की सीमा रूस के साथ 1340 किमी से ज्यादा जुड़ी हुई है। फिनलैंड सरकार ने युद्ध की स्थिति में आम लोगों की मदद के लिए नई वेबसाइट लॉन्च की है। फिनलैंड ने ऑनलाइन संदेश में कहा कि यदि देश पर हमला होता है तो सरकार क्या करेगी। साथ ही, फिनलैंड ने अपने नागरिकों से युद्ध के चलते बिजली कटौती से निपटने के लिए बैक-अप पावर सप्लाई की व्यवस्था रखने को कहा है। लोगों से कम ऊर्जा में पकने वाले खाद्य पदार्थ तैयार रखने को कहा है। फिनलैंड 2023 में नाटो में शामिल हुआ था।

## जी-20 में भारत-चीन डायरेक्ट फ्लाइट शुरू करने पर चर्चा

### मानसरोवर यात्रा भी फिर से शुरू करने पर बातचीत

**रियो डी जेनेरियो**

ब्राजील की राजधानी रियो डि जेनेरियो में दो दिन तक चली जी-20 समिट का समापन हो गया है। इस दौरान भारत और चीन के विदेश मंत्रियों के बीच बातचीत हुई। इसमें दोनों देशों के बीच सीमा विवाद पर 5 साल बाद विशेष प्रतिनिधियों की बैठक बुलाने पर सहमति बनी। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और चीन के फॉरेन मिनिस्टर वांग यी ने दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान और कैलाश मानसरोवर यात्रा दोबारा शुरू करने पर भी चर्चा की। कोविड महामारी के बाद से ही इन दोनों पर रोक लगा दी गई थी।

समिट के दूसरे दिन प्रधानमंत्री मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और कनाडा के राष्ट्रपति जस्टिन ट्रूडो के साथ नजर आए। भारत और कनाडा के बीच पिछले साल जी20 समिट के बाद विवाद शुरू हुआ था। कनाडाई पीएम ने भारत पर खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाया था। तीसरे सेशन के बाद मोदी ने ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा, चिली के राष्ट्रपति गैब्रियल बोरिक, अर्जेंटीना के राष्ट्रति जेवियर मिलेई और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के साथ द्विपक्षीय बैठक की। सभी सदस्यों द्वारा जारी साझा घोषणापत्र में भुखमरी से लड़ने के लिए एक वैश्विक समझौते, जंग में उलझे गाजा के लिए ज्यादा सहायता के साथ मिडिल ईस्ट और यूक्रेन में जंग रोकने की अपील की गई।

# एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का आईपीओ पहले दिन 0.36 गुना हुआ सब्सक्राइब

महानगर संवाददाता

**मुंबई।** एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड का आईपीओ पहले दिन कुल 0.36 गुना सब्सक्राइब हुआ है। रिटेल कैटेगरी में यह आईपीओ 1.47 गुना, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स कैटगरी में 0 गुना और नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स कैटगरी में 0.17 गुना सब्सक्राइब हो चुका है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के चलते बुधवार को शेयर बाजार बंद रहे, इसीलिए इस इश्यू के लिए बोली नहीं लगा सके। निवेशक इस पब्लिक इश्यू के लिए 22 नवंबर तक बिडिंग कर सकेंगे। इसके बाद कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर लिस्ट होंगे। इस इश्यू के जरिए कंपनी 10 हजार करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। इसके लिए एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी पूरे 10 हजार करोड़ के 925,925,926 फ्रेश शेयर इश्यू कर रही है। कंपनी के मौजूदा निवेशक एक भी शेयर नहीं बेच रहे हैं।

### मिनिमम और मैक्सिमम कितना पैसा लगा सकते हैं?

एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी ने आईपीओ का प्राइस बैंड 102 से 108 प्रति शेयर तय किया है। रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 138 शेयर्स के लिए बोली लगा सकते हैं। यदि आप आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 108 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं, तो इसके लिए 14,904 लगाने होंगे। वहीं, मैक्सिमम 13 लॉट यानी 1794 शेयर्स के लिए रिटेल निवेशक अप्लाय कर सकते हैं। इसके लिए निवेशकों को अपर प्राइज बैंड के हिसाब से 193,752 इन्वेस्ट करने होंगे।




### इश्यू का 10 प्रतिशत हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए रिजर्व

कंपनी ने इश्यू का 75 प्रतिशत हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए रिजर्व रखा है। इसके अलावा 10 प्रतिशत हिस्सा रिटेल इनवेस्टर्स और बाकी का 15 प्रतिशत हिस्सा नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व है।

### रिन्यूएबल पावर प्रोजेक्ट्स का पोर्टफोलियो डवलप करती है कंपनी

एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी यूटिलिटीस्केल रिन्यूएबल पावर प्रोजेक्ट्स का पोर्टफोलियो डेवलप करती है। कंपनी आईपीओ से हासिल पैसों में से 7500 करोड़ रुपए का इस्तेमाल अपनी सहायक कंपनी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी के कर्ज को चुकाने के लिए करेगी। बाकी अमाउंट को सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल करने का प्लान है। एनआरईएल पर जुलाई 2024 तक कंसोलिडेटेड बेसिस पर 16,235 करोड़ रुपए की उधारी थी। एनटीपीसी को पहले नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन के नाम से जाना जाता था। इसकी स्थापित क्षमता 76 गीगावाट से अधिक है, जो इसे भारत की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड पावर कंपनी बनाती है।

### आईपीओ क्या होता है?

जब कोई कंपनी पहली बार अपने शेयर्स को आम लोगों के लिए जारी करती है तो इसे इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी आईपीओ कहते हैं।
कंपनी को कारोबार बढ़ाने के लिए पैसे की जरूरत होती है। ऐसे में कंपनी बाजार से कर्ज लेने के बजाय कुछ शेयर पब्लिक को बेचकर या नए शेयर इश्यू करके पैसा जुटाती है। इसी के लिए कंपनी आईपीओ लाती है।

## गोदरेज ने कोलकाता में 53 एकड़ जमीन खरीदी



महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने एक परियोजना के निर्माण के लिए कोलकाता में 53 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है, जिसकी राजस्व क्षमता करीब 500 करोड़ रुपए होने का अनुमान है।

गोदरेज प्रॉपर्टीज भारत की अग्रणी रियल एस्टेट कंपनियों में से एक है। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने कोलकाता के जोका में करीब 53 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने कहा, 'प्रस्तावित परियोजना में 13 लाख वर्ग फुट बिक्री योग्य क्षेत्र की विकास क्षमता होने का अनुमान है, जिसमें मुख्य रूप से आवासीय प्लॉट का विकास शामिल है। इसकी अनुमानित राजस्व क्षमता 500 करोड़ रुपए है।' कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने कहा, 'यह भूमि अधिग्रहण भारत के प्रमुख शहरों में हमारी उपस्थिति को गहरा करने की हमारी रणनीति के अनुकूल है।

## 94 हजार डॉलर के पार पहुंचा बिटकॉइन

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन ने बुधवार को मजबूती का नया रिकॉर्ड बना दिया। ये क्रिप्टो करेंसी कारोबार में एक बार 94 हजार डॉलर के स्तर को भी पार कर गई। हालांकि बाद में इसका कीमत में गिरावट आई, जिसके कारण ये आभासी मुद्रा फिसल कर 92,569.35 डॉलर के स्तर पर आ गई।

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद से ही बिटकॉइन लगातार मजबूत हो रहा है। अमेरिका में चुनाव के बाद 6 नवंबर को जब डोनाल्ड ट्रंप की जीत पक्की हो गई थी, उसी दिन बिटकॉइन ने पहली बार 75 हजार डॉलर के स्तर को पार करने में सफलता पाई थी। उसके बाद से 2 सप्ताह के अंदर ही इस क्रिप्टो करेंसी की कीमत में करीब 19 हजार डॉलर की मजबूती आ चुकी है।

क्रिप्टो करेंसी मार्केट के एक्सपर्ट्स का मानना है कि डोनाल्ड ट्रंप के शपथ लेने के बाद बिटकॉइन 1 लाख डॉलर के स्तर को भी पार कर सकता है। इस साल इस क्रिप्टो करेंसी की कीमत में लगभग 55,500 डॉलर की तेजी आ चुकी है। जनवरी में ये क्रिप्टो करेंसी 38,500 डॉलर के स्तर के आसपास कारोबार कर रही थी, लेकिन आज इसने 94 हजार डॉलर के स्तर को भी टच कर लिया।

धरे के धरे रह गए चीन के सारे आर्थिक पैकेज

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से लगा डर तो भारत से नजदीकियां बढ़ाने लगा ड्रैगन

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** जबसे डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका का राष्ट्रपति चुनाव जीता है, तबसे चीन का डर बढ़ता जा रहा है। चीन को सबसे ज्यादा डर कारोबार को लेकर है। माना जा रहा है कि जनवरी में राष्ट्रपति की कुर्सी संभालने के बाद ट्रंप चीन पर लगने वाला टैरिफ शुल्क बढ़ा सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो पहले से ही धीमी आर्थिक गति की मार झेल रहे चीन के लिए यह बड़ा धक्का होगा।

ट्रंप के इस कदम से बचने के लिए चीन ने हाल ही एक और आर्थिक पैकेज का ऐलान किया था। इसका उद्देश्य देश की अर्थव्यवस्था को गति देना था, लेकिन लगता है कि चीन के ये सारे आर्थिक पैकेज किसी काम के नहीं हैं। ट्रंप का दबाव कम करने के लिए चीन भारत की शरण में आ रहा है। इसके लिए वह भारत के साथ संबंध सुधारने पर लगा है। अमेरिका में आगामी ट्रंप प्रशासन का दबाव कम करने के लिए चीन अब भारत के साथ संबंधों को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहा है। यह बात अमेरिका-भारत सामरिक एवं साझेदारी मंच के अध्यक्ष मुकेश अघी ने कही।



### आने वाले समय में और ढीले पड़ेंगे चीन के तेवर

ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान चीन से माल पर 60 फीसदी टैरिफ शुल्क और हर दूसरे अमेरिकी आयात पर 20 फीसदी तक के टैरिफ शुल्क का प्रस्ताव रखा था। मुकेश अघी ने कहा कि इसलिए हम ट्रंप प्रशासन के आने का प्रारंभिक प्रभाव देख रहे हैं, जिसने चीन पर भारत के साथ व्यवहार को आसान बनाने का दबाव बनाया है। इसलिए सीमा पर गश्त पर सहमति बनी है। सीधी उड़ानों पर सहमति बनी है। चीन के तेवर आने वाले समय में और ढीले पड़ते नजर आएंगे। अघी ने कहा कि ट्रंप की जीत का भारत-चीन संबंधों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। आने वाले समय में चीन की ओर से कुछ और नरमी देखी जा सकती है। वहीं भारत की ओर से भी चीन के लोगों के लिए अधिक वीजा जारी होंगे।

### अमेरिका में ही रोजगार सृजन की योजना बना रही सरकार

अघी ने कहा कि उन्होंने कहा कि अमेरिका में नया प्रशासन मैन्युफैक्चरिंग को चीन से दूर ले जाने और अमेरिका में ही रोजगार सृजन की योजना बना रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका में कांग्रेस की एक समिति ने सिफारिश की है कि चीन के साथ अपने व्यापार संबंधों को अमेरिका कड़ा करें। साथ ही करीब 25 साल पुराने उस फैसले को वापस लेने पर जोर दे, जिसने चीन की तीव्र आर्थिक वृद्धि में मदद की थी और जिसे अब अमेरिका में कई लोग अमेरिकी हितों को नुकसान पहुंचाने वाला मानते हैं।

### अमेरिका का चीन से व्यापार युद्ध तेज होने के आसार

अमेरिका-चीन आर्थिक तथा सुरक्षा समीक्षा आयोग ने कांग्रेस को भेजी अपनी नौ पन्नों की वार्षिक रिपोर्ट में पहली बार चीन के साथ स्थायी सामान्य व्यापार संबंधों को समाप्त करने का आह्वान किया। ट्रंप प्रशासन के तहत चीन के साथ व्यापार युद्ध के तेज होने के आसार हैं। वहीं चीन यह पहले ही भांप गया था कि अमेरिका में ट्रंप की सरकार बनने जा रही है। ऐसे में उसे लगने लगा था कि ट्रंप व्यापार में चीन का तवज्जो नहीं देंगे। इसलिए चीन ने भारत के साथ संबंध बेहतर करने शुरू कर दिए। दोनों देशों के बीच संबंध सुधरने के बाद चीन अपने व्यापार का बड़ा हिस्सा फिर से भारत के साथ बड़े स्तर पर शुरू कर सकता है।

# दत्ता इंफ्रा ने किए रिन्यूएबल एनर्जी के लिए 5000 करोड़ के एमओयू

### राइजिंग राजस्थान समिट

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** दत्ता पावर इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड ने बुधवार को राइजिंग राजस्थान 2024 कार्यक्रम में राजस्थान के रिन्यूएबल एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर में 5000 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अवसर पर सीईओ व प्रबंध निदेशक वर्चस्वी गगल ने कहा, दत्ता इंफ्रा में, हम केवल रिन्यूएबल एनर्जी में निवेश नहीं कर रहे बल्कि राजस्थान और भारत के लिए एक स्थाई भविष्य में निवेश कर रहे हैं। राइजिंग राजस्थान के तहत 5000 करोड़ रुपए का एमओयू पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा का उत्पादन करने में नए-नए आविष्कारों को बढ़ावा देने और पर्यावरण का संरक्षण करते हुए लोगों को सशक्त बनाने वाले अवसर पैदा करने के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाता है।

इसके तहत कंपनी बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर, नागौर, प्रतापगढ़ और जोधपुर जिलों में सौर, पवन और हाइब्रिड बिजली परियोजनाएं लगाएंगी। इन परियोजनाओं में 5000 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। दत्ता इंफ्रा कुसुम योजना के तहत राज्य ट्रांसमिशन यूटिलिटी (एसटीयू) से जुड़े 1000 मेगावॉट क्षमता के प्रोजेक्ट विकसित करेगी। इससे इस क्षेत्र में 500 से 750 लोगों को नौकरियां मिलने की उम्मीद है।





दत्ता पावर इंफ्रा के सीएफओ राजीव कुमार बंसल ने कहा, दत्ता पावर इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड ने राजस्थान की पवन, सौर और पवन-सौर हाइब्रिड परियोजनाओं में 5000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ एक परिवर्तनकारी यात्रा शुरू की है। हम भारत की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए सतत विकास को आगे बढ़ाने के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। राजस्थान राइजिंग समिट में इस एमओयू पर हस्ताक्षर करके, हम न केवल सस्टेनेबल एनर्जी को लेकर अपनी प्रतिबद्धता मजबूत कर रहे हैं, बल्कि नए व्यावसायिक अवसरों और स्थानीय स्तर पर रोजगार लाने के द्वार भी खोल रहे हैं।

वित्त वर्ष 2025 के अंत तक कंपनी की रेवेन्यू ग्रोथ 15-20 प्रतिशत के आसपास रहेगी। इससे रीजनल अर्थव्यवस्था और कंपनी के मुनाफे दोनों पर एक मजबूत सकारात्मक प्रभाव की संभावना है। यह परियोजना रिन्यूएबल एनर्जी में अग्रणी बनने और देश के ऊर्जा परिवर्तन में योगदान देने के दत्ता पावर के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

बैटरी के दाम 2 साल में 50 प्रतिशत घटने के आसार

# ईवी बैटरी, चार्जिंग सेवाओं पर जीएसटी की दर कम करने की जरूरत : फिक्की



महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक व्हीकल यानी ईवी के दाम अगले दो साल में खासे कम हो जाएंगे। 2026 तक ईवी बैटरी की कीमतें 2023 के मुकाबले आधी रह जाएंगी। ईवी मैन्युफैक्चरिंग में 28-30 प्रतिशत लागत बैटरी की ही होती है। गोल्डमैन सैक्स की ताजा स्टडी के मुताबिक, 2022 में दुनियाभर में ईवी बैटरी की औसत कीमत 153 डॉलर (करीब 13 हजार रुपए) प्रति किलोवॉट थी।

2023 में इनके दाम 149 डॉलर (करीब 12,500 रुपए) रह गए। 2026 तक कीमत घटकर 80 डॉलर (करीब 6,700 रुपए) प्रति किलो वॉट रह जाने के आसार हैं। 2022 की तुलना में यह लगभग 50त्र कम है। बैटरी की कीमतें इस स्तर पर आने के बाद इलेक्ट्रिक कारों के दाम पेट्रोल कारों जितने हो जाएंगे।

### ईवी बैटरी, चार्जिंग सर्विस पर टैक्स 18 से 5 प्रतिशत करने की मांग की

देश में ईवी को प्रतिस्पर्धी बनाए रखने के लिए बैटरी और चार्जिंग सेवाओं पर जीएसटी कम करने की जरूरत है। साथ ही, ईवी बिक्री बढ़ाने के लिए पीएम ई-ड्राइव फंड बढ़ाने की भी जरूरत है। फिक्की ने अपने राष्ट्रीय सम्मेलन में सरकार के सामने यह मांग रखी।


फिक्की इलेक्ट्रिक व्हीकल कमेटी की चेयरपर्सन सुलाज्जा फिरोदिया मोटवानी ने कहा कि ईवी बैटरी और चार्जिंग सेवाओं पर 18 प्रतिशत जीएसटी है। इसे हम 5 प्रतिशत तक कम करने का अनुरोध करते हैं। ताकि कंज्यूमर्स के लिए बैटरी, चार्जिंग किफायती हो जाए। फिक्की के प्रसीडेंट और महिंद्रा ग्रुप के एमडी और सीईओ अनीश शाह ने कहा कि इलेक्ट्रिक चार-पहिया वाहनों की वर्तमान में भारत में 1.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है, ऐसे में अभी भी बहुत काम करने की जरूरत है।

प्रधानमंत्री के सलाहकार तरुण कपूर ने कहा कि नई इलेक्ट्रिक कार लाने के लिए ऑटोमोटिव इंडस्ट्री को बड़ी भूमिका निभाने की जरूरत है। सरकार टैक्स के मुद्दों सहित सभी पहलुओं पर विचार करेगी।

### 15 साल पहले की तुलना में 90 प्रतिशत सस्ती

रिपोर्ट में कहा गया है कि जब से मॉडर्न इलेक्ट्रिक कारें बाजार में आने लगी हैं, बैटरी के दाम लगातार घटे हैं। अमेरिकी ऊर्जा विभाग के मुताबिक, टेस्ला रोडस्टर की कीमत 15 साल पहले के मुकाबले करीब 90 प्रतिशत कम हो गई है।

# ट्रेन से 840 मीट्रिक टन प्याज की चौथी खेप पहुंची दिल्ली



महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** प्याज की बढ़ती कीमतों से लोगों को निजात दिलाने के लिए नैफेड ने नासिक से रेलवे रेक से 840 मीट्रिक टन प्याज भेजा है, जो दिल्ली के किशनगंज रेलवे स्टेशन पर पहुंच गया। केंद्र सरकार के मूल्य स्थिरीकरण बफर स्टॉक से भेजे गए इस प्याज में से 500 मीट्रिक टन प्याज मदर डेयरी, 190 मीट्रिक टन एनसीसीएफ और 150 मीट्रिक टन नैफेड को दिल्ली-एनसीआर में 35 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से खुदरा बिक्री के लिए आवंटित किया गया है।

उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि कीमतों में स्थिरता आने के बाद से नई दिल्ली में प्याज की यह चौथी खेप है। कंडा एक्सप्रेस से 1,600 मीट्रिक टन प्याज की पहली खेप 20 अक्टूबर को, 840 मीट्रिक टन की दूसरी खेप 30 अक्टूबर को, 730 मीट्रिक टन की तीसरी खेप 12 नवंबर, को पहुंची थी। 720 मीट्रिक टन प्याज की एक और खेप होगी, जो इस श्रृंखला की पांचवीं खेप है, यह बुधवार को नासिक से रवाना होने के बाद 21 नवंबर तक दिल्ली पहुंचने की संभावना है।

मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने इस साल मूल्य स्थिरीकरण बफर स्टॉक के लिए 4.7 लाख टन रबी प्याज खरीदा था, जिसमें से 5 सितंबर, 2024 से खुदरा बिक्री के माध्यम से 35 रुपए प्रति किलोग्राम और देशभर की प्रमुख मंडियों में थोक बिक्री के माध्यम से जारी करना शुरू कर दिया है। अब तक बफर स्टॉक में से 1.50 लाख टन से अधिक प्याज नासिक और अन्य स्रोत केंद्रों से उपभोग केंद्रों तक भेजा जा चुका है। मंत्रालय के मुताबिक केंद्र सरकार ने पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली-एनसीआर और अन्य राज्यों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सोनीपत के कोल्ड स्टोरेज में रखे प्याज को उतारने का फैसला किया है।

सुप्रीम कोर्ट जल्द सुनाएगा फैसला

# नारियल तेल का छोटा पैक है खाने का तेल या हेयर ऑयल?

महानगर संवाददाता

**नई दिल्ली।** नारियल तेल के 200 एमएल का पैक का इस्तेमाल एडिबल ऑयल यानि खाने के तेल के तौर पर किया जाता है या बालों में लगाने के लिए? पिछले 15 सालों से ये मामला टैक्स ट्राइब्यूनल से लेकर अदालत की चौखट में घूम रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि 200 एमएल नारियल तेल का पैक खाने के तेल की श्रेणी में आएगा या हेयरकेयर प्रोडक्ट की श्रेणी में? जल्द ही सुप्रीम कोर्ट इस बात को लेकर अपना फैसला सुनाने वाला है। 17 अक्टूबर, 2024 को कोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।



मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ये तय करेगी छोटे बॉटल वाले नारियल तेल को खाने का तेल माना जाए या हेयर ऑयल। इस बात को लेकर विवाद की शुरुआत 2009 में हुई जब सेंट्रल एक्साइज एंड सर्विसेज अपलेट ट्राईब्यूल ने अपने आदेश ने कहा कि छोटे नारियल तेल के पैक को सेंट्रल एक्साइज टैरिफ एक्ट के तहत खाने का तेल माना जाए। रेवेन्यू डिपार्टमेंट ने सेंट्रल एक्साइज एंड सर्विसेज अपलेट ट्राईब्यूल के आदेश के चुनौती देते हुए कहा कि छोटे नारियल तेल के पैक को हेयर ऑयल माना जाए जिस पर ज्यादा टैक्स लगता है। साल 2018 में सुप्रीम कोर्ट के बेंच ने विभाजित निर्णय जारी किया जिसके बाद तीन जजों के बेंच का गठन किया गया।

200 एमएल पैक में बेचे जाने वाले नारियल तेल पर खाने के तेल के समान टैक्स लगाया जाए या हेयरकेयर प्रोडक्ट के तौर पर? सुप्रीम कोर्ट ने 17 अक्टूबर 2024 को इस मामले पर सुनवाई पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

मौजूदा समय में खाने के तेल पर 5 फीसदी जीएसटी लगता है तो हेयरकेयर प्रोडक्ट पर 18 फीसदी लगाने का प्रावधान है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 200 एमएल पैक वाले नारियल तेल का दाम निर्भर करेगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट का आदेश मल्टी-यूज प्रोडक्ट के तौर पर इस्तेमाल की जाने वाली चीजों का क्लासिफिकेशन तय करेगा। ऐसे प्रोडक्ट्स में ओलिव ऑयल, तिल के बीज का तेल और बादाम का तेल शामिल है जिसका इस्तेमाल खाने के तेल के अलावा कॉस्मैटिक इस्तेमाल के लिए भी किया जाता है।

अगर कोर्ट ने 200 एमएल के पैक वाले नारियल तेल को हेयर ऑयल माना तो मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों को ऐसा पैक वाले नारियल तेल की कीमतों में इजाफा करना पड़ सकता है।

### कल्पद्रुम महामंडल विधान का तीसरा दिन, सप्त भूमि पर की गई तीर्थंकरों की पूजा-अर्चना

# गुणों की उच्चता ही जीव को जिनेंद्र बना सकती है : मुनि समत्व सागर





महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सांगानेर थाना सर्किल स्थित चित्रकूट कॉलोनी के विशाल पाण्डाल में चल रहे कल्पद्रुम महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ में मंगलवार को समोवशरण की सप्त भूमि मंडित अहर्त चौबीस तीर्थंकरों की पूजा कर चक्रवर्ती एवं सौधर्म इंद्र के साथ अन्य इंद्र इन्द्राणियों ने भक्ति भाव से नृत्य करते हुए अर्घ्य समर्पित किए।

मंत्री अनिल जैन काशीपुरा ने बताया कि सुबह विधानाचार्य विकर्ष शास्त्री एवं शुभम भैय्या बड़ा मलहारा के निर्देशन में विशेष पूजा-अर्चना के साथ श्रीजी के अभिषेक कर शांति धारा की गई। शांति धारा का सौभाग्य मैना देवी जितेंद्र दोसी मालपुरा, प्रकाश बोहरा प्रेम लता बोहरा लाखना एवं केवल चंद योगेश गंगवाल निमोड़िया परिवार को प्राप्त हुआ। पाद प्रक्षालन का सौभाग्य राजेंद्र-इंद्रा जैन कीर्ति नगर एवं शास्त्र भेंट का सौभाग्य नरेंद्र, अनंत पहाड़िया मंगल विहार को प्राप्त हुआ।

### 24 नवंबर को नगर में निकलेगी दिग्विजय यात्रा

समिति सदस्य बाल मुकुंद सोगानी ने बताया कि मण्डल महाविधान में 24 नवम्बर को भरत चक्रवर्ती की विशाल दिग्विजय यात्रा निकलेगी जो समोवशरण से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई नगर भ्रमण करेगी। यात्रा में हाथी घोड़े बग्गी आदि लवाज़मे के साथ बैंडबाजे के साथ केसरिया वस्त्र धारण किए इंद्रों के साथ श्रावकगण भी हाथों में पताकाएं लेकर साथ साथ चलेंगे।

### समाज श्रेष्ठियों ने भेंट किए श्रीफल

प्रशासनिक समन्वयक एडवोकेट महावीर सुरेंद्र जैन एवं संयोजक ओमप्रकाश कटारिया ने बताया किन केवल जयपुर शहर बल्कि बाहर से रोजाना मुनि भक्त आकर महाराजश्री को श्रीफल भेंट कर रहे है। मंगलवार को राजस्थान जैन सभा के महामंत्री मनीष बैद, राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के संयुक्त मंत्री दर्शन जैन बाकलीवाल, समाजसेवी पदम पाटनी, जगदीश जैन, हरिश धाडूका कीर्ति नगर, महावीर नगर, पारस नाथ कॉलोनी सहित कई स्थानों से आकर समाज श्रेष्ठियों ने मुनि श्री के चरणों में श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### जब तक संकुचित विचारधारा रहेगी जीवन उत्कृष्टता को प्राप्त नहीं कर सकता

समोवशरण में धर्म सभा को मंगल उपदेश देते हुए मुनि समत्व सागर ने कहा कि संसार के सभी जीव अपने बारे में सोचते है तथा अपने समाज व राष्ट्र के बारे में नहीं सोचते है। उनका जीवन संकुचित हो जाता है। यदि जीवन में ऊंचाइयां प्राप्त करनी है तो संकुचित विचारधारा को छोड़कर अपने कुत्यों एवं वचनों में उत्कृष्टता लानी होगी। उन्होंने कहा कि गुणों की उच्चता ही जीव को जिनेंद्र बना सकती है।

## श्री सीताराम विवाह महोत्सव धूमधाम से मनाया

**जयपुर।** जगतपुरा संगानेर स्थित श्री सवारियाटीबा आश्रम पर श्री सीताराम विवाह महोत्सव बुधवार को आचार्य मिथिला बिहारी महाराज के सान्निध्य में धूमधाम से मनाया गया। भगवान सीताराम जी (दूल्हा-दुल्हन) हनुमानजी महाराज, शंकर भागवान और गुरु महाराज के श्रृंगार, आश्रम की सजावट, पद गायन (जो की रात्रि पर्यन्त चले) पंगत प्रसादी, आतिशबाजी आदि कार्यक्रम आयोजित हुए। लक्ष्मी निधि महाराज ने बताया कि जयपुर, अलवर, दौसा, टोंक, सीकर से अनेक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से भक्तों को भावविभोर किया। हजारों श्रद्धालुओं ने महाराज का आशीर्वाद लिया। स्थानीय निवासी नाथू लाल शर्मा, लक्ष्मी चंद, हनुमान शर्मा ने बताया कि स्वामी भजनानंद महाराज और चेतन दास महाराज ने 100 वर्ष पूर्व ठाकुर जी, सीताराम जी, हनुमान जी, शंकर भगवान को विराजमान कर हवाई पट्टी बनाई और धूना लगाया। चतुर्मास कर बताया कि यहां गणेश जी और रिद्धिसिद्धी का विवाह हुआ था और यह तीर्थ समान पुण्यफल दायक स्थान है।



### फर्जी एनओसी से ऑर्गन ट्रांसप्लांट का मामला

# सुप्रीम कोर्ट ने अंतरराष्ट्रीय अंग तस्करी मामले में जमानत देने से किया इनकार

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय किडनी प्रत्यारोपण रैकेट से जुड़े केस में सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता ज्योति बंसल को जमानत देने से इनकार कर दिया है। न्यायाधीश सी.टी. रविकुमार और न्यायाधीश संजय करोल की पीठ ने अपराध की गंभीरता और गहनता का हवाला देते हुए यह निर्णय दिया। राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा और पैनल वकील दिव्यांक पंवार ने जमानत याचिका पर काउंटर एफिडेविट दायर कर कड़ा विरोध किया।

यह मामला अंतरराष्ट्रीय अंग तस्करी रैकेट से संबंधित है। इसमें बांग्लादेश के विदेशी नागरिकों को जयपुर में किडनी प्रत्यारोपण के लिए अवैध रूप से लाया गया। इन प्रत्यारोपणों को प्रतिष्ठित अस्पतालों में अंजाम दिया गया। आरोप है कि डॉक्टरों और अस्पताल के कर्मचारियों ने दलालों के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए और मानव अंग और ऊतक प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994 के प्रावधानों को दरकिनार कर दिया।

शिवमंगल शर्मा ने बताया कि कोर्ट ने कहा कि यह अपराध चिकित्सा नैतिकता, कानूनी प्रावधानों और अंतरराष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन है। जांच में फर्जी एनओसी, वित्तीय लेन-देन और फर्जी दस्तावेज जैसे सबूत सामने आए हैं, जो याचिकाकर्ता को रैकेट से जोड़ते हैं। याचिकाकर्ता के निर्दोष होने के दावे असमर्थित थे और लंबित एफएसएल रिपोर्ट से जमानत का औचित्य साबित नहीं होता। याचिकाकर्ता की याचिका को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय के पहले के फैसले को बरकरार रखा और कहा कि इस मामले में जमानत देना जांच की अखंडता से समझौता करेगा। अदालत ने गंभीर अपराधों और संगठित अपराधों के मामलों में न्यायिक सतर्कता की आवश्यकता पर जोर दिया।

## सीके बिरला हॉस्पिटल में अवेक सर्जरी से निकाला ब्रेन ट्यूमर

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** सीके बिरला हॉस्पिटल में ब्रेन ट्यूमर से जूझ रहे एक मरीज की जटिल सर्जरी की गई। इस दौरान मरीज पूरी तरह से होश में रहा। यह सर्जरी सीनियर न्यूरो सर्जन डॉ. अमित चक्रबर्ती, डॉ. संजीव सिंह और न्यूरो एनेस्थेटिस्ट डॉ. दीपक नंदवाना तथा डॉ. अवनी मिश्रा ने मिलकर की। इस न्यूरो सर्जिकल प्रक्रिया को अवेक क्रैनियोटोमी या अवेक ब्रेन सर्जरी के नाम से जाना जाता है।

डॉ. अमित चक्रबर्ती ने बताया कि मरीज को बार-बार मिर्गी के दौर आते थे जिसके कारण अस्थाई रूप से उनकी आवाज भी कुछ देर के लिए चली जाती थी। आवश्यक जांचें कराने पर ब्रेन के स्पीच एरिया में ब्रेन ट्यूमर मिला। ब्रेन ट्यूमर ऐसी जटिल जगह पर था कि सर्जरी से मरीज की बोलने की क्षमता जा सकती थी और लकवा होने का भी खतरा था। न्यूरोसर्जरी की टीम ने सफलतापूर्वक ब्रेन ट्यूमर को मरीज के होश में रहते हुए निकाला।



### मरीज के होश में रहते हुए की सर्जरी

न्यूरो सर्जन डॉ. संजीव सिंह ने बताया कि सामान्य ब्रेन ट्यूमर सर्जरी में मरीज को बेहोश कर दिया जाता है। अवेक ब्रेन सर्जरी में मरीज की प्रतिक्रिया की लगातार निगरानी की जा सकती है, जिससे सर्जन को मस्तिष्क के अन्य क्षेत्रों को बिना नुकसान पहुंचाए सटीक स्थान का पता लगाने में मदद मिलती है। इस केस में मरीज को आदेश अनुसार अपने उंगलियों को हिलाने के लिए और कुछ न कुछ बोलते रहने के लिए कहा जाता रहा। उसकी तुरंत प्रतिक्रिया से हमें सर्जरी को सुरक्षित रूप से अंजाम देने में सहायता मिली, क्योंकि जब भी हम गलत हिस्से को छेड़ते थे तो मरीज को स्पीच अरेस्ट हो जाता था।

चार घंटे से ज्यादा समय तक चली इस सर्जरी में हाई एंड माइक्रोस्कोप के साथ ट्यूमर फ्लोरेसेंस तकनीक का इस्तेमाल हुआ जिससे ब्रेन एरिया को बारीकी से देखने में मदद मिली। सर्जरी के बाद मरीज ने अच्छी तरह से रिकवरी की और सर्जरी के 3 दिन बाद अस्पताल से छुट्टी मिली।

## जेडीए के नोटिस के खिलाफ जयपुर विवाह स्थल समिति हुई लामबंद

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जयपुर के विवाह स्थलों को दिए गए नोटिस के खिलाफ जेएलएन मार्ग स्थित माधवम बैंकट हॉल में जयपुर विवाह स्थल समिति की आपात कालीन मीटिंग आयोजित हुई।




समिति के अध्यक्ष भवानी शंकर माली ने बताया कि नगर पालिका एक्ट 2009 के तहत नगर निगम की उप विधियों की पालना में विवाह स्थल संचालित है जिसमें प्रतिवर्ष लाइसेंस शुल्क 60000, अनुमति शुल्क 20 प्रति वर्गगज, सफाई शुल्क 30000, फायर एनओसी 3000, कमर्शियल यूडी टैक्स देकर प्रतिवर्ष नगर निगम से लाइसेंस नवीनीकरण करवाते हैं। इसके बावजूद शादियों के सीजन में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा एक-एक करके विवाह स्थलों को नोटिस दिए जा रहे हैं, जो न्याय संगत नहीं है।

जयपुर विवाह स्थल समिति की ओर से नोटिस का जवाब दे दिया गया है। जिन-जिन विवाह स्थल को नोटिस दिया गया है उनका भी जवाब दे दिया जाएगा। इसके बावजूद यदि जयपुर विकास प्राधिकरण पुनः नोटिस प्रक्रिया अपनाता हैं या विवाह स्थल संचालकों पर दबाव बनाता है तो जयपुर विकास प्राधिकरण के खिलाफ सभी विवाह स्थल संचालक लामबंद होकर प्रदर्शन करेंगे या फिर आगामी महीनो में होने वाली शादियां निरस्त करके और सभी विवाह स्थल बंद कर देंगे। संरक्षक मोहनलाल अग्रवाल ने बताया कि समिति के पदाधिकारी जयपुर के सभी विधायकों एवं यूडीएच मंत्री से मिलकर उनको भी नोटिस के बारे में अवगत करा कर जेडीए की इस कार्यवाही को बंद करने का आग्रह करेंगे।

इस मौके पर समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर्वत सिंह भाटी, महामंत्री आलोक शर्मा, कोषाध्यक्ष गिरिराज खंडेलवाल, जयपुर टेंट डीलर समिति के अध्यक्ष गणपत लाल राजोरिया, पूर्व अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, जयपुर कैटरिंग डीलर समिति के पूर्व अध्यक्ष ओम सोढानी सहित सभी जोन अध्यक्ष एवं सैकड़ों विवाह स्थल संचालक उपस्थित रहे।

# कल प्रसारित होगा हंसी से भरपूर दिल छूने वाला 'कौन बनेगा करोड़पति-16' एपिसोड

### फिल्म 'आई वांट टू टॉक' को प्रमोट करने के लिए शो में पहुंचेंगे अभिषेक बच्चन, डायरेक्टर शूजित सरकार और लेखक अर्जुन सेन

**सोनी इंटरटेनमेंट** टेलीविजन पर अमिताभ बच्चन की मेजबानी वाले 'कौन बनेगा करोड़पति-16' एपिसोड इस शुक्रवार हंसी से भरपूर और दिल छूने वाला होगा, क्योंकि इस स्पेशल एडिशन में करिश्माई अभिषेक बच्चन, विशनरी डायरेक्टर शूजित सरकार और लेखक अर्जुन सेन के साथ अपनी विचारोत्तेजक नई फिल्म 'आई वांट टू टॉक' को प्रमोट करने पहुचेंगे। एक ओर अभिषेक एपिसोड में अपना सिग्नेचर व प्रभावशाली एनर्जी लेकर आए, वहीं यह एपिसोड ऐसे खुशनुमा पलों और दिल छूने वाली बातचीतों से भरा होगा, जिससे बिग बी और जूनियर बच्चन के मजेदार तालमेल की झलक भी देखने को मिलेगी। इसलिए मनोरंजन, मस्ती और उत्साह से भरी शाम के लिए तैयार हो जाइए।




एक मजेदार पल तब आया जब अभिषेक बच्चन ने यह बताया कि अगर वे 7 करोड़ का इनाम जीतते हैं तो वह धनराशि कहां जाएगी। जबकि अर्जुन सेन ने बताया कि वह एयर फोर्स वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन के लिए खेलना चाहते हैं और शूजित सरकार ने आवारा कुत्तों की मदद करने वाले एनजीओ मनाली स्ट्रेज का समर्थन करने की बात कही। वहीं जूनियर बच्चन ने मजाकिया अंदाज में कहा कि मैं 'कौन बनेगा करोड़पति' की रैप पार्टी फंड के लिए खेलूंगा! हालांकि असली मजेदार पल तब आया जब जूनियर बच्चन ने हंसते हुए कहा कि अगर हम 7 करोड़ का इनाम जीतते हैं, तो मैं यह घोषणा कर रहा हूं कि अगले 2 दिनों तक कोई शूटिंग नहीं होगी। हम सब गोवा छुट्टी मनाने जाएंगे। गोवा वेकेशन के इस मजेदार जिक्र से हर कोई ठहाके लगाने लगा। इसके बाद अभिषेक ने अपने पिता अमिताभ बच्चन की प्रसिद्ध '7 करोड़' वाली लाइन की नकल की, जिससे सेट पर मौजूद हर कोई हंसी से लोटपोट हो गया, जिसमें खुद अमिताभ भी शामिल थे।

इस मौजमस्ती को और भी बढ़ाते हुए अभिषेक बच्चन ने उनके परिवार की एक परंपरा के बारे में बताया, जो बच्चन निवास का रोजमर्रा का जोक बन गया है। उन्होंने कहा कि जब भी परिवार खाना खाने बैठता है और कोई किसी सवाल का सही जवाब देता है तो सभी सदस्य साथ मिलकर '7 करोड़' चिल्लाते हैं। यह हमारे डिनर टेबल पर एक जोक बन गया है। यह मन मोहने वाली और मस्ती भरी पारिवारिक परंपरा बच्चन परिवार का मजेदार पहलू सामने लाती है, जिसने हर किसी को हंसाकर लोटपोट कर दिया।

'कौन बनेगा करोड़पति-16' का यह हंसी से भरपूर एपिसोड देखना न भूलें और मनोरंजक पलों, दिल छूने वाली बातचीतों और प्रेरक कहानियों के गवाह बनें, क्योंकि अभिषेक बच्चन, शूजित सरकार और अर्जुन सेन अपनी लाजवाब नई फिल्म 'आई वांट टू टॉक' पर चर्चा करेंगे।

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR AN INFORMATION PURPOSE ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT. THIS DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES.
THIS PUBLIC ANNOUNCEMENT IS NOT INTENDED FOR PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.

rajputana biodiesel

(Please scan this QR code to view the RHP)

RAJPUTANA BIODIESEL LIMITED

Our Company was originally incorporated as "Rajputana Biodiesel Private Limited" a private limited company under the Companies Act, 2013 with the Registrar of Companies ("**ROC**"), Jaipur pursuant to Certificate of Incorporation dated November 10th, 2016. Subsequently, our company was converted into Public Limited Company and name of company was changed from "Rajputana Biodiesel Private Limited" to "Rajputana Biodiesel Limited" pursuant to a special resolution passed by our shareholders at the Extra Ordinary General Meeting held on May 13, 2024 and a fresh certificate of incorporation was issued by the Central Processing Centre, Manesar dated July 08th, 2024. The CIN of the Company is U74999RJ2016PLC056359. For further details please refer to the chapter titled ***"History and Corporate Structure"*** beginning on Page No. 118 of the Red Herring Prospectus.

**Registered Office:** Jaipuria Mansion Panch Batti, M.I.Road, Jaipur, Rajasthan, India, 302001. **Telephone:** +91-9509222333; **Email:** cs@rajputanabiodiesel.com; **Website:** https://rajputanabiodiesel.com/
**Contact Person:** Rohit Kumar Gauttam, Company Secretary and Compliance Officer;
**Corporate Identification Number:** U74999RJ2016PLC056359

PROMOTERS OF OUR COMPANY: SARTHAK SONI, MADHURI SURANA, SUDEEP SONI AND TANAY ATTAR

INITIAL PUBLIC ISSUE OF UPTO 19,00,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH ("EQUITY SHARES") OF RAJPUTANA BIODIESEL LIMITED (THE "COMPANY" OR "RAJPUTANA" OR "ISSUER") AT AN ISSUE PRICE OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE (INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE) FOR CASH, AGGREGATING UP TO ₹ [●] LACS ("PUBLIC ISSUE") OUT OF WHICH UPTO 1,41,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING ₹ [●] LACS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY THE MARKET MAKER TO THE ISSUE (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE PUBLIC ISSUE LESS MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. ISSUE OF UPTO 17,59,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH, AT AN ISSUE PRICE OF ₹ [●] PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING UP TO ₹ [●] LACS IS HEREINAFTER REFERRED TO AS THE "NET ISSUE". THE PUBLIC ISSUE AND NET ISSUE WILL CONSTITUTE UPTO [●]% AND UPTO [●]% RESPECTIVELY OF THE POST- ISSUE PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY. INITIAL PUBLIC ISSUE OF UP TO 19,00,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH ("EQUITY SHARES") OF RAJPUTANA BIODIESEL LIMITED.

ADDENDUM- NOTICE TO THE INVESTORS

In reference to the Red Herring Prospectus dated November 16, 2024 Investors should note the following:
1. The following details in Business Chapter under ***"Order Book"*** shall stand amended in Prospectus-
**"Oil Marketing Companies ("OMC") Biodiesel supply allocation for the period from October, 2024 to September, 2025 has been released dated November 20, 2024 and our company along with our subsidiary has been awarded tender vide Tender ID – 2024_MKTHO_181149_1 with consolidated allocation of biodiesel supply to the OMC's for the period beginning from October, 2024 to September, 2025 with an approximate amount of Rs. ₹17,000 Lacs."**

| BOOK RUNNING LEAD MANAGER | REGISTRAR TO THE ISSUE | COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER |
| --- | --- | --- |
| GYR Capital Advisors<br>CLARITY \| TRUST \| GROWTH<br>**GYR Capital Advisors Private Limited**<br>428, Gala Empire, Near JB Tower, Drive in Road, Thaltej, Ahemdabad-380 054, Gujarat, India.<br>**Telephone:** +91 8777564648<br>**E-mail id:** info@gyrcapitaladvisors.com<br>**Website:** www.gyrcapitaladvisors.com<br>**Investor Grievance e-mail ID:** investors@gyrcapitaladvisors.com<br>**Contact Person:** Mohit Baid<br>**SEBI Registration Number:** INM000012810<br>**CIN:** U67200GJ2017PTC096908 | Maashitla<br>Creating Successful People<br>**Maashitla Securities Private Limited**<br>451, Krishna Apra Business Square, Netaji Subhash Place, Pitampura,Delhi -110034, India<br>**Telephone:** 011-45121795<br>**Email:** ipo@maashitla.com<br>**Investor Grievance e-mail:** investor.ipo@maashitla.com<br>**Website:** www.maashitla.com<br>**Contact Person:** Mr. Mukul Agarwal<br>**SEBI registration number:** INR000004370 | **Mr. Rohit Kumar Gauttam**<br>**Rajputana Biodiesel Limited**<br>**Address:** Jaipuria Mansion Panch Batti, M. I. Road, Jaipur, Rajasthan, India, 302001<br>**Telephone:** +91 9509222333<br>**E-mail:** cs@rajputanabiodiesel.com<br>**Website:** https://rajputanabiodiesel.com/<br>Investors can contact the Company Secretary and Compliance Officer, the BRLM or the Registrar to the Issue in case of any pre-Issue or post-Issue related problems, such as non-receipt of letters of Allotment, non-credit of allotted Equity Shares in the respective beneficiary account, non-receipt of refund orders and non-receipt of funds by electronic mode. |

For **RAJPUTANA BIODIESEL LIMITED**
On behalf of the Board of Directors
Sd/-
Company Secretary & Compliance Officer

**Place:** Jaipur
**Date:** November 20, 2024

**Disclaimer: RAJPUTANA BIODIESEL LIMITED** is proposing, subject to receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offer of its Equity Shares and has filed a red herring prospectus dated November 16, 2024 with the RoC. The RHP shall be made available on the website of the SEBI at www.sebi.gov.in as well as on the website of the BRLM i.e., GYR Capital Advisors Private Limited at www.gyrcapitaladvisors.com, the website of the NSE Emerge at www.nseindia.com. Any potential investor should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to such risks, see ***"Risk Factors"*** beginning on page 29 of the RHP.

The Equity Shares offered in the Issue have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (the "**Securities Act**") or any other applicable law of the United States and, unless so registered, may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act and applicable state securities laws. This announcement does not constitute an offer of securities for sale in any jurisdiction, including the United States, and any securities described in this announcement may not be offered or sold in the United States absent registration under the Securities Act or an exemption from such registration. Any public offering of securities to be made in the United States will be made by means of a prospectus that may be obtained from the issuer that will contain detailed information about the company and management, as well as financial statements. No public offering or sale of securities in the United States is contemplated.

CONCEPT

संक्षिप्त समाचार

# संविधान दिवस आयोजन के संबंध में सौंपी जिम्मेदारियां



## 26 नवंबर को संविधान क्लब से अंबेडकर सर्किल तक आयोजित होगी पदयात्रा

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** संविधान की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में युवा मामले एवं खेल विभाग द्वारा 26 नवंबर को संविधान क्लब से अंबेडकर सर्किल तक पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसमें 15000 से अधिक युवा भाग लेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए युवा मामले एवं खेल विभाग के शासन सचिव डॉ. नीरज कुमार पवन ने बुधवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में विभिन्न सहयोगी विभागों की बैठक ली।

बैठक में डॉ. नीरज कुमार पवन ने कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि अधिकारी कार्यक्रम के भव्य आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम करें। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के लिए जलपान, टी-शर्ट, प्ले कार्ड, मोबाइल टॉयलेट्स के समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त (साउथ) दिगंत आनंद, युवा मामले एवं खेल विभाग की शासन उप सचिव अनीता मीना, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सचिव राजेंद्र सिंह, उपायुक्त-नगर निगम, ग्रेटर प्रियव्रत सिंह, संयुक्त सचिव-सूचना प्रौद्योगिक संजय जगदीश कार्निक सहित शिक्षा विभाग, भारत स्काउट आदि के अधिकारी उपस्थित रहे।

### ये होंगे आकर्षण

कार्यक्रम में सेना, राजस्थान पुलिस, आरएसी एवं निजी विद्यालयों द्वारा बैंडवादन की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके साथ ही पर्यटन विभाग के सहयोग से पदयात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। पदयात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर सेल्फी बूथ लगाए जाएंगे।

## पीएमश्री विद्यालयों में संचालित होंगी पूर्व प्राथमिक कक्षाएं : दिलावर

**जयपुर (मसं.)।** प्रदेश में स्थित पीएमश्री विद्यालयों में भी अब पूर्व प्राथमिक कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के निर्देश पर प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा यह महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। इसके लिए राज्य में प्रथम चरण में संचालित 402 पीएमश्री विद्यालयों का चयन किया गया है, जिसमें 3 वर्षीय पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के संचालन को मंजूरी दी गई है। नवीन प्रवेश का कार्य मौजूद सत्र में 21 नवंबर से प्रारंभ किया जाएगा। पूर्व प्राथमिक कक्षाएं सप्ताह में 5 दिन संचालित की जाएंगी, जिनकी अवधि प्रतिदिन 4 घंटे की होगी। पूर्व प्राथमिक कक्षाओं में प्रवेश के लिए अधिकतम 25 सीटों का प्रावधान रहेगा। प्रथम वर्ष में 3 वर्ष या इससे अधिक आयु के बालकों को प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश योग्य बच्चों की संख्या उपलब्ध सीटों से अधिक होने पर चयन लॉटरी के आधार पर किया जाएगा। लॉटरी का प्रकाशन 29 नवंबर को होगा।

## 'यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर करें प्रभावी कार्रवाई'

### यातायात प्रबंधन समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** कलक्ट्रेट में बुधवार को जिला यातायात प्रबंध समिति की बैठक का आयोजन हुआ। कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अधिकारियों को राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए पुराने साइनेज हटाकर नए साइनेज लगाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को राजमार्गों पर फ्लाईओवर का गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हेलमेट नहीं पहनने, सीट बेल्ट नहीं लगाने, तेज गति से वाहन चलाने एवं वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में प्रोटेक्शन डिवाइस, राजमार्गों पर अनधिकृत पार्किंग, रिफ्लेक्टिव टेप इत्यादि के उल्लंघन पर नियमित प्रवर्तन कार्रवाई पर भी चर्चा की गई। जयपुर विकास प्राधिकरण और राजस्थान राज्य सड़क विकास निगम के अधिकारियों को पिछली बैठक के बिंदुओं की अनुपालना रिपोर्ट पेश करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर विनीता सिंह, पुलिस, जयपुर विकास प्राधिकरण, परिवहन, सार्वजनिक निर्माण, शिक्षा सहित संबंधित विभागों, एजेंसियों के अधिकारी और मुस्कान फाउंडेशन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिलास्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम आज

**जयपुर (मसं.)।** जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं तथा समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए 21 नवंबर को जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिला की जिलास्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम आयोजित होगा। कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक होने वाली जनसुनवाई में जिले के जनप्रतिनिधि एवं समस्त संबंधित विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी भाग लेंगे। जनसुनवाई में मुख्य सचिव या प्रभारी सचिव एवं जिले के सभी एसडीएम सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से शामिल होंगे। इस दौरान जिले के सभी विभागों के अधिकारी जनसुनवाई में भाग लेकर आमजन की समस्याओं का निस्तारण करेंगे। इससे पहले गुरुवार को ही कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक सुबह 10:30 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में समिति में दर्ज प्रकरणों पर गहनता से चर्चा की जाएगी।

## जलदाय विभाग में कार्यरत 25 तकनीकी कर्मचारी पदोन्नत

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** जलदाय विभाग में कार्यरत तकनीकी कर्मचारी फोरमैन द्वितीय के पद पर पदोन्नत होंगे। मुख्य अभियंता दिनेश गोयल (प्रशासन) ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। राजस्थान वाटर वर्क्स कर्मचारी संघ के प्रवक्ता बाबूलाल शर्मा ने बताया कि जलदाय विभाग में तकनीकी कर्मचारी जिनकी 2023-24 की फोरमैन द्वितीय की डीपीसी नहीं हो रही थी जिसकी मांग को लेकर संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप यादव के नेतृत्व में मुख्य अभियंता प्रशासन से मुलाकात कर शीघ्र ही फोरमैन सेकंड की पदोन्नति करने की मांग के संबंध में चर्चा की थी। संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप यादव ने पदोन्नत कर्मचारियों को शीघ्र ही पदस्थापन आदेश जारी करने की भी मुख्य अभियंता से मांग की है।

## प्रदेश के 158 निकायों में पीडब्ल्यूडी कराएगा निर्माण, प्रशासनिक एवं वित्तीय मंजूरी जारी

# 180 करोड़ की लागत से बनेंगी 270 किमी सड़कें: दीयाकुमारी



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** बजट घोषणा 2024-25 की क्रियान्विति में 158 नगरीय निकायों में 270 किमी सड़कों का निर्माण सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा करवाया जाएगा। इसके लिए 158 निकायों में सड़क निर्माण के 728 कार्यों की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। उपमुख्यमंत्री दीयाकुमारी ने कहा है कि प्रदेश में नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे, जिला सड़क, ग्रामीण सड़कों के साथ शहरी निकायों के सड़क नेटवर्क को विकसित कर प्रदेश को सड़क कनेक्टिविटी के मामले में देश में नंबर वन बनाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि बजट घोषणा के तहत 295 नगरीय निकायों में 317.50 करोड़ रुपए की लागत से सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सड़कें बनाई जानी हैं।

### इन नगरीय निकायों के लिए जारी हुई मंजूरी

- अजमेर जिले के नगरीय निकायों में 9 किमी सड़क निर्माण के 15 कार्यों के लिए 5 करोड़ रुपए।
- केकड़ी जिले में 2.8 किमी सड़क के 13 कार्यों के लिए 1 करोड़ 80 लाख रुपए।
- ब्यावर जिले में 4.9 किमी सड़क के 9 कार्यों के लिए 4 करोड़ रुपए।
- भीलवाड़ा जिले में 7.4 किमी सड़क के 18 कार्यों के लिए 5 करोड़ 80 लाख रुपए।
- शाहपुरा जिले में 3.8 किमी सड़क के 5 कार्यों के लिए 3 करोड़ रुपए।
- डीडवाना-कुचामन जिले में 18.6 किमी सड़क के 40 कार्यों के लिए 8 करोड़ रुपए।
- करौली जिले में 6.8 किमी सड़क के 25 कार्यों के लिए 5 करोड़ 40 लाख रुपए।
- बीकानेर में 8.5 किमी सड़क के 20 कार्यों के लिए 3 करोड़ 40 लाख रुपए।
- हनुमानगढ़ जिले में 6.2 किमी सड़क के 10 कार्यों के लिए 7 करोड़ रुपए।
- अनूपगढ़ जिले में 3.8 किमी सड़क के 10 कार्यों के लिए 5 करोड़ रुपए।
- श्रीगंगानगर जिले में 16.1 किमी सड़क के 38 कार्यों के लिए 6 करोड़ 20 लाख रुपए।
- चूरू जिले में 19.4 किमी सड़क के 46 कार्यों के लिए 13 करोड़ रुपए।
- दूदू जिले में 2.5 किमी सड़क के 8 कार्यों के लिए 2 करोड़ 40 लाख रुपए।
- कोटपूतली-बहरोड़ जिले में 19.1 किमी सड़क के 80 कार्यों के लिए 9 करोड़ 40 लाख रुपए।
- खैरथल तिजारा जिले में 13.1 किमी सड़क के 37 कार्यों के लिए 9 करोड़ 40 लाख रुपए।
- सीकर जिले में 16.5 किमी सड़क के 41 कार्यों के लिए 8 करोड़ 40 लाख रुपए।
- फलोदी जिले में 4.9 किमी सड़क के 2 कार्यों के लिए 2 करोड़ 40 लाख रुपए।
- पाली जिले में 24.7 किमी सड़क के 58 कार्यों के लिए 13 करोड़ 40 लाख रुपए।
- सिरोही जिले में 11.1 किमी सड़क के 29 कार्यों के लिए 7 करोड़ रुपए।
- बाड़मेर जिले में 5.5 किमी सड़क के 8 कार्यों के लिए 3 करोड़ रुपए।
- बूंदी जिले में 7.4 किमी सड़क के 17 कार्यों के लिए 7 करोड़ 80 लाख रुपए।
- बारां जिले में 8.1 किमी सड़क के 39 कार्यों के लिए 6 करोड़ 40 लाख रुपए।
- झालावाड़ जिले में 4.3 किमी सड़क के 15 कार्यों के लिए 6 करोड़ रुपए।
- सवाई माधोपुर जिले में 7.7 किमी सड़क के 27 कार्यों के लिए 6 करोड़ 80 लाख रुपए।
- उदयपुर जिले में 7.6 किमी सड़क के 12 कार्यों के लिए 5 करोड़ 20 लाख रुपए।
- चित्तौड़गढ़ जिले में 12.2 किमी सड़क के 41 कार्यों के लिए 7 करोड़ 40 लाख रुपए।
- राजसमंद जिले में 12.5 किमी सड़क के 31 कार्यों के लिए 5 करोड़ 40 लाख रुपए।
- बांसवाड़ा जिले में 6.2 किमी सड़क के 21 कार्यों के लिए 4 करोड़ रुपए।
- प्रतापगढ़ जिले के नगरीय निकायों में 7.3 किमी सड़क के 13 कार्यों के लिए 4 करोड़ 40 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई।

## कोलकाता में शिक्षा पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने उद्योगपतियों से की चर्चा

# बीकानेर में छात्राओं के लिए स्थापित होगी सैन्य अकादमी



### 100 करोड़ का होगा निवेश

महानगर संवाददाता

**कोलकाता।** राइजिंग राजस्थान समिट में निवेश लेकर कोलकाता के दौरे पर आए शिक्षा पंचायतराज मंत्री मदन दिलावर ने बुधवार को दूसरे दिन कोलकाता में विभिन्न उद्योगपतियों और राजस्थान मूल के व्यवसायियों से मुलाकात की तथा शिक्षा विभाग में निवेश को लेकर चर्चा की। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि राजस्थान शूरवीरों की भूमि है, यहां के युवा देशभक्ति के लिए मर मिटने का जज्बा रखते हैं और सेना में अधिक से अधिक संख्या में भर्ती होते हैं। प्रदेश में अच्छे सैन्य स्कूल खोलने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का निर्देश है कि प्रदेश के सभी संभागों में सैनिक स्कूल खोले जाएं। हम मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप हर संभाग मुख्यालय पर सैनिक स्कूल खोलना चाहते हैं तथा वैदिक ज्ञान देने के लिए वैदिक पाठशालाओं की स्थापना करना चाहते हैं। हमारी बहनें सेना में जाकर अपनी योग्यता, शौर्य और साहस का अतुलनीय परिचय दे रही हैं। ऐसे में यदि छात्रा सैनिक स्कूल खोले जाएं तो हर गांव की बहन-बेटी को सेना में जाकर दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देने और अपनी देशभक्ति को प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा। सैनिक अकादमी खोलने में हमें भामाशाहों और दानदाताओं का सहयोग चाहिए। शिक्षा मंत्री के आह्वान पर श्री रामनारायण राठी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष पूनम चंद राठी ने बीकानेर जिले के जयमालसर गांव में सैनिक छात्रा स्कूल खोलने की घोषणा की। इस पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने आवश्यक कार्यवाही कर सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए।

### बीकानेर के पांचू में 10 करोड़ का होगा निवेश

**बीकानेर** जिले के ही पांचू गांव में सेठ शंकर लाल चैरिटेबल ट्रस्ट कोलकाता द्वारा 10 करोड़ का निवेश कर एक कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय का भवन एवं एक महाविद्यालय भवन बनाए जाने की सहमति रखी है। ट्रस्ट अध्यक्ष शंकरलाल ने बताया कि वे पांचू गांव में राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय का भवन बनाकर देंगे, जिसकी लागत 5 करोड़ रुपए होगी। इसके अलावा राज्य सरकार पांचू में राजकीय महाविद्यालय खोलती है और जमीन उपलब्ध कराएगी तो उनके ट्रस्ट द्वारा राजकीय महाविद्यालय का पूरा भवन बनाकर सरकार को दिया जाएगा। शंकरलाल ने यह भी घोषणा की कि वे कोटा जिले के रामगंज मंडी क्षेत्र में एक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का पूरा भवन बनाकर देंगे।

### श्रीराम नारायण राठी ट्रस्ट करेगा निवेश

**शिक्षा** मंत्री दिलावर के प्रयासों से राजस्थान के बीकानेर जिले के जयमल सर गांव में श्रीराम नारायण राठी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा छात्राओं के लिए सैन्य अकादमी की स्थापना की जाएगी। सैन्य अकादमी के निर्माण में श्रीराम नारायण राठी ट्रस्ट 100 करोड़ रुपए का निवेश करेगा। सैनिक अकादमी की स्थापना के लिए यहां होटल ताज में आयोजित समारोह में श्रीराम नारायण चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष पूनम चंद राठी तथा शिक्षा विभाग के निदेशक माध्यमिक आशीष मोदी ने सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए।

## खिलाड़ी कभी हारता नहीं है, खेल मैदान के बाहर भी बनें चैम्पियन : राठौड़



### राजस्थान विस में आर्मीनिया में आयोजित यूरेशियन कूडो कप राज्य के विजेता खिलाड़ियों का सम्मान

महानगर संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में बुधवार को आयोजित एक समारोह में आर्मीनिया में आयोजित यूरेशियन कूडो कप-2024 में राज्य के विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। खेल मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ और सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने खिलाड़ियों को स्मृति चिह्न भेंट किए और उनको यूरेशियन कूडो कप में मिले मेडल, प्रमाण-पत्र और शील्ड का अवलोकन किया।

इस मौके पर राठौड़ ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल में मन, मस्तिष्क और शरीर सभी एक साथ काम करते हैं। उन्होंने कहा कि कहा कि खिलाड़ी कभी हारता नहीं है। खिलाडी या तो जीतता है या सीखता है। खिलाड़ी को खेल के मैदान के साथ-साथ मैदान के बाहर भी चैम्पियन बनना होगा। कूडो खेल के विस्तार की आवश्यकता जताते हुए उन्होंने कहा कि यह खेल मात्र खेल ही नहीं, बल्कि सुरक्षा और बचाव का महत्वपूर्ण साधन है। सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि कूडो एक श्रेष्ठ खेल है। यह खेल अब लोकप्रिय होता जा रहा है। इस खेल के प्रति लोग रुचि लेने लगे हैं। राज्य के विभिन्न जिलों के बच्चों ने कूडो अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर राज्य और देश का नाम रोशन किया है। राजस्थान राज्य खेल परिषद के अध्यक्ष नीरज के. पवन ने कहा कि राज्य सरकार अब राज्य में खेल और युवा नीति ला रही है। इसके लिए लोगों से सुझाव मांगे गए हैं। पवन ने बताया कि अब राज्य में युवा महोत्सव का विस्तार ब्लॉक स्तर पर किया जा रहा है। ऐसा पहली बार हो रहा है। दस हजार बच्चों ने अभी तक इसके लिए पंजीयन करा लिया है।

हर विधानसभा क्षेत्र में एक स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है, साथ ही राज्य सरकार पारंपरिक खेलों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। समारोह में स्वागत उद्बोधन कूडो के हैड कोच राजकुमार ने किया। उन्होंने बताया कि 50 हजार महिलाओं को कूडो का निशुल्क प्रशिक्षण दिया गया है। समारोह में खेल परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह सहित विभिन्न जिलों से आए कूडो के कोच भी मौजूद रहे। समारोह में कूडो के कई कोच का भी सम्मान किया गया। समारोह का संचालन राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी प्रमोद सीरवी ने किया।

## खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने की उपराष्ट्रपति की अगवानी



महानगर संवाददाता

**जयपुर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बुधवार को जयपुर पहुंचने पर एयरपोर्ट पर अगवानी की। उन्होंने पुष्प गुच्छ भेंट कर उपराष्ट्रपति का अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रमुख शासन सचिव, अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ विभाग अश्विनी भगत, पुलिस महानिदेशक यूआर साहू, जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ, संभागीय आयुक्त रश्मि गुप्ता, कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी एवं अन्य उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

# जेईई-मेन के आवेदन की अंतिम तिथि कल

### टूट सकता है गत वर्ष के रजिस्ट्रेशन का रिकॉर्ड

### ओबीसी-ईडब्ल्यूएस कैटेगरी स्टूडेंट्स को आवेदन के लिए दिया विकल्प

महानगर संवाददाता

**कोटा।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित की जा रही देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन की आवेदन प्रक्रिया जारी है। अंतिम तिथि नजदीक आने के साथ ही आवेदन करने वाले विद्यार्थियों की संख्या बढ़ती जा रही है। अनुमान के अनुसार इस वर्ष गत वर्ष से अधिक विद्यार्थी परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि अंतिम तिथि 22 नवंबर है। अब तक करीब 11.50 लाख विद्यार्थी आवेदन कर चुके हैं। गत वर्ष यह संख्या 12 लाख 21 हजार 764 थी। ये रिकॉर्ड इस बार तोड़ा जा सकता है। इसके साथ ही एनटीए की ओर से एफएक्यू एवं करेक्शन विंडो का समय भी जारी कर दिया गया है। 26 व 27 नवंबर को आवेदन में करेक्शन किए जा सकेंगे। आहूजा ने बताया कि एनटीए की ओर से जारी किए गए एफएक्यू में 35 सवालों के जवाब दिए गए हैं। इसमें सबसे महत्वपूर्ण कैटेगरी संबंधित आवेदकों के लिए विकल्प दिखाया गया है, जिन विद्यार्थियों के कैटेगरी दस्तावेज तैयार नहीं हुए हैं, वे कैटेगरी के सर्टिफिकेट के लिए आवेदन करने पर मिली रिसिप्ट पर दिए गए एप्लीकेशन रजिस्ट्रेशन नंबर, आवेदन की तिथि एवं जारी करने वाले अधिकारी का नाम लिखकर आवेदन कर सकते हैं।

### महाराष्ट्र-झारखंड में विद्यार्थी कर रहे अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग

**उल्लेखनीय** है कि महाराष्ट्र और झारखंड में चुनावों के चलते विद्यार्थियों को आवेदन में परेशानी आ रही है। इसके अलावा ओबीसी और ईडब्ल्यूएस के कैटेगरी सर्टिफिकेट के लिए आवश्यक औपचारिकताएं भी विद्यार्थियों के लिए परेशानी बना हुआ है। महाराष्ट्र और झारखंड में तो विद्यार्थी अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग कर रहे हैं ताकि सर्टिफिकेट बनाए जा सकें। इसके अलावा कई विद्यार्थी ऐसे हैं, जिन्होंने सीबीएसई में अपग्रेडेशन के लिए एप्लाई किया था, रिजल्ट में अंक बढ़ गए हैं, लेकिन स्कूल्स में मार्कशीट नहीं आई है। ये भी चाहते हैं कि अंतिम तिथि बढ़ाई जाए।

कार्रवाई | जयपुर विकास प्राधिकरण ने कई जोनों में बड़े स्तर पर चलाया अभियान

# 39 बीघा भूमि पर बसाई जा रही अवैध कॉलोनियां की ध्वस्त

महानगर संवाददाता





**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-11 में निजी खातेदारी की करीब 20 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी को प्रारंभिक स्तर पर ही ध्वस्त किया गया। वहीं जोन-12 में निजी खातेदारी करीब 19 बीघा कृषि भूमि पर 3 नवीन अवैध कॉलोनियों एवं जोन-9 में सुओमोटो के तहत गोनेर में रोड सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उपमहानिरीक्षक पुलिस कैलाश चंद्र विश्नोई ने बताया कि जोन-11 के क्षेत्राधिकार में ग्राम पवालियां में करीब 20 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपांतरण करवाए भूमि को समतल कर 'वृंदावन विहार' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, प्लॉटों की चारदीवारी, सीमेंट के ट्री गार्ड, पत्थर, बजरी डालकर व अन्य अवैध निर्माण को हटाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। इसी तरह जोन-12 के क्षेत्राधिकार में ग्राम भम्भोरी में खसरा नं. 419 की करीब 7 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर 'श्याम सिटी तृतीय' के नाम से अवैध रूप से बसाई जा रही कॉलोनी में अतिक्रमण ध्वस्त किए। वहीं बिंदायिका से बेगस रोड, ग्राम हिम्मतपुरा में करीब 4 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर भी अवैध कॉलोनी को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई। बगरू से बेगस रोड पर करीब 8 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर 'नेचर फार्म' के नाम से अवैध रूप से बसाई जा रही कॉलोनी में निर्माणों पर कार्रवाई की गई।

### रोड सीमा के दोनों तरफ हटाए अतिक्रमण

जोन-9 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित गोनेर में करीब 1 किमी तक रोड सीमा के दोनों तरफ करीब 50 स्थानों पर कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से अत्यधिक लंबाई में बनाए गए चबूतरें, सीढ़ियां, लोहे के एंगल, टेबल, कुर्सियां, टीनशेड, ढाबों की भट्टियां, तिरपाल, थड़ी, ठेले, होर्डिंग साइन बोर्ड इत्यादि लगाकर किए गए अतिक्रमणों को ध्वस्त किया गया। ये सभी कार्रवाई मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, तृतीय, चतुर्थ, प्रवर्तन अधिकारी जोन-11, 12, 9 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाब्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टाफ की निशानदेही पर की गई।

स्वत्वाधिकारी महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गोपाल शर्मा द्वारा 2, सहकार मार्ग, ज्योतिनगर, लालकोठी, जयपुर-15 से प्रकाशित एवं महानगर मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, जी-848, फेज-3, रीको सीतापुरा, जयपुर से मुद्रित। संपादक: गोपाल शर्मा, संपादकीय प्रभारी: जिज्ञास शर्मा*। फोन: 0141-2741076, 2741077 * पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। e-mail : mahanagarmarketing@gmail.com * आर.एन.आई. 67873/97/ पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर-JaipurCity/008/2023-25